योजना विभाग

PLANNING DEPARTMENT



# हिमाचल प्रदेश सरकार के शासकीय क्षेत्र में उपक्रम 1984-85

# HIMACHAL PRADESH GOVERNMENT PUBLIC SECTOR UNDERTAKINGS 1984-85

अर्थ एवं संख्या निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला

DIRECTORATE OF ECONOMICS AND STATISTICS
HIMACHAL PRADESH, SHIMLA.

योजना विभाग

PLANNING DEPARTMENT

हिमाचल प्रदेश

# हिमाचल प्रदेश सरकार के शासकीय क्षेत्र में उपक्रम 1984-85

# HIMACHAL PRADESH GOVERNMENT PUBLIC SECTOR UNDERTAKINGS 1984-85

अर्थ एवं संख्या निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला

DIRECTORATE OF ECONOMICS AND STATISTICS
HIMACHAL PRADESH, SHIMLA

## प्रस्तावना

अर्थ एवं संख्या विभाग प्रति वर्ष एक पुस्तिका का प्रकाशन करता है जिसमें सभी वाणिज्यिक उपक्रमों की संस्थापना, पूंजी की संरचना, चालन का विवरण तथा विशेष महत्वपूर्ण बातों के साथ-साथ उनके वार्षिक लेखे भी दिए जाते हैं। इस वर्ष इस पुस्तिका में तीन और उपक्रमों को सम्मिलित किया गया है जिनके नाम हैं हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम, हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जातीय विकास निगम तथा हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड। ऐसे सभी उपक्रमों के कार्यकलाप की जानकारी प्राप्त कर लेना उपयुक्त होगा, जिन में राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त पूंजी लगाई गई है तथा जिनके संचालन में राज्य सरकार का नियन्त्रण है। विस्तृत जानकारी इन सभी उपक्रमों की वार्षिक रिपोर्टों अथवा प्रशासनिक रिपोर्टों में उपलब्ध हैं।

अर्थ एवं संख्या विभाग ने इस पुस्तिका का प्रकाशन बहुत कम समय में किया है, मैं इस कार्य की प्रशंसा करता हूं तथा उन सभी उपक्रमों के प्राधिकारियों का आभारी हूं जिन्होंने इस पुस्तिका के लिए आवश्यक सूचना उपलब्ध करवाई।

सुरेन्द्र मोहन कंवर<br>
आई०ए०एस०<br>
वित्त आयुक्त एवं सचिव (वित्त एवं योजना),<br>
हिमाचल प्रदेश सरकार।

## PREFACE

The Directorate of Economics and Statistics is bringing out a publication every year giving the constitution, capital structure, operational activities and other special features of interest alongwith annual accounts of various government commercial undertakings in Himachal Pradesh. The scope of the present issue has been enlarged and three more undertakings viz., H.P. Ex-servicemen Corporation, H.P. Scheduled Castes Development Corporation and H.P. Khadi and Village Industries Board have also been covered. It will be worthwhile to go into the working results of all these undertakings in which the State Government has invested substantial amount of money in the form of capital and has assumed varying degree of control towards their direction. For more details, reference will have to be made to the annual reports/administrative reports of the individual undertaking.

I highly appreciate and commend the hard work done by the Directorate of Economics and Statistics in compiling this publication in such a short span of time and I am thankful to the concerned authorities in these public undertakings for the cooperation in making available the necessary details.

S. M. Kanwar<br>
I.A.S.<br>
F. C.-cum-Secretary (Finance & Planning),<br>
Government of Himachal Pradesh.

# विषय सूची



# CONTENTS

हिमाचल प्रदेश सरकार

के

शासकीय क्षेत्र में उपक्रम

1984-85

# हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम, शिमला

हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम, राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 के अधीन एक वैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1967 को पंजाब पुनर्गठन ऐक्ट, 1966 की धारा 69 के अन्तर्गत पंजाब वित्तीय निगम के पुनर्गठन के फलस्वरूप हुई थी।

निगम का उद्देश्य राज्य में मध्यम तथा लघु उद्योगों को मध्यम तथा दीर्घ अवधि के ऋण देना है। निगम उन औद्योगिक इकाइयों को ऋण की गारण्टी देने के लिए जो अन्य अभिकरणों से ऋण लेती हैं तथा पूंजीगत वस्तुओं के क्रय से सम्बन्धित अस्थगित अदायगियों की गारण्टी देने के लिए प्राधिकृत है। इस के अतिरिक्त निगम अंशों, भण्डारों, बौंडस तथा बन्ध पत्रों का अभिगोपन भी करता है और औद्योगिक इकाइयों को अदायगी की तिथि से 20 वर्ष की अवधि के भीतर लौटाने की शर्त पर ऋण देता है। निगम निम्निलिखित कार्य करने वालों को या करने के इच्छुक उद्यमियों को वित्तीय सहायता देता है :—

(1) वस्तुओं का विनिर्माण, परिरक्षण व विधायन,

(2) खनन,

(3) होटल उद्योग;

(4) यात्रियों या वस्तुओं के पथ, जल तथा वायु मार्ग से परिवहन के लिए;

(5) विद्युत् व अन्य ऊर्जा के उत्पादन व वितरण के लिए;

(6) किसी भी प्रकार की मशीनरी, या वाहन या जलयान, या मोटर बोट, ट्रैलर और ट्रैक्टर के अनुरक्षण, मुरम्मत या परीक्षण के लिए;

(7) मशीनों या विद्युत् की सहायता से किसी भी संग्रहण मुरम्मत या पैकिंग के लिए;

(8) किसी भी संस्पर्शी क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए;

(9) मछली पकड़ने या मछली पकड़ने की सुविधाएं देने तथा पोषण के लिए, और

(10) औद्योगिक विकास में सहायक विशेष तकनीकी जानकारी तथा अन्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए।

वर्तमान औद्योगिक इकाइयों के विस्तार, आधुनिकीकरण और कार्यरत पूंजी के रूप में भी वित्तीय सहायता दी जाती है।

**संसाधन**—निगम की अधिकृत पूंजी वर्ष 1982-83 में 1,000.00 लाख रुपये स्थिर रही। निगम के बराबरी के आधार को सुदृढ़ करने और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से ऋण लेने की क्षमता को बढ़ाने के विचार से बैंक की पुर्नवित्त योजना के अन्तर्गत 50 लाख रुपये की अतिरिक्त भाग पूंजी न्यूनतम 3-1/2 प्रतिशत लाभांश पर संयुक्त रूप से बराबरी के आधार पर प्रदेश सरकार व भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अंशदत्त वर्ष के दौरान बढ़ा दी गई। इस प्रकार पेडअप अंश पूंजी की राशि 292.95 लाख रुपये तक पहुंच गई जिसमें 54.00 लाख रुपये की विशेष पूंजी भी सम्मिलित है जो वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 की धारा 4ए के अन्तर्गत बढ़ाई गई है।

31 मार्च, 1983 को अंशों का वितरण निम्न प्रकार से था :—

| विवरण | अंशों की संख्या | कुल से अंशों का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. हिमचाल प्रदेश सरकार . . | 1,44,255 | 49.24 |
| 2. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक . | 1,44,255 | 49.24 |
| 3. अनुसूचित बैंक, सहकारी बैंक, बीमा कम्पनियां, निवेश ट्रस्ट और अन्य वित्तीय संस्थाएं . . . . . | 4,050 | 1.38 |
| 4. मद 1, 2 और 3 के अतिरिक्त संस्थाएं . | 385 | 0.14 |
| जोड़ . . . | 2,92,945 | 100.00 |

**बौंड**—विचाराधीन वर्ष के अन्तर्गत निगम की तरलता में सुधार लाने हेतु निगम ने 300 लाख रुपये की राशि के दो बौंड जारी किए जिन में यह प्रावधान था कि बन्ध की निर्गमित राशि से 10 प्रतिशत अधिक को राशि को भी रखा जा सकेगा। बन्ध पत्र सममूल्य पर जारी किए गए थे और इन में 7-1/2 प्रतिशत ब्याज प्रति वर्ष देय है। बौंड की दोनों श्रेणियां अधिप्राथित हुई और निगम ने 330 लाख रुपये निर्गमित राशि के रूप में प्राप्त किए।

**पुनः वित्त व्यवस्था**—निगम द्वारा ऋण देने के कार्य के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ही धन प्राप्ति का मुख्य साधन है। पुनः वित्त व्यवस्था की उपलब्धता से ऋण लेने वाले भी लाभान्वित होते हैं क्योंकि उन्हें कम दर की ब्याज पर ऋण मिलता है, अतः निगम ने भारतीय औद्योगिक बैंक से अधिकतम वित्त व्यवस्था के विशेष प्रयत्न किए। निगम ने पुनः वित्त व्यवस्था के अन्तर्गत भारतीय औद्योगिक बैंक से इस वर्ष 727.69 लाख रुपए की राशि प्राप्त की। यह राशि वर्ष 1981-82 में 727.33 लाख रुपये थी। अब तक प्राप्त की गई राशि में यह अधिकतम है। भारतीय

औद्योगिक विकास बैंक से वर्ष के अन्त तक कुल वित्त व्यवस्था 2,266.85 लाख रुपये की प्राप्त की जिसमें से 1,393.29 लाख रुपये देय हैं।

**कार्य समीक्षा**——राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 में निहित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निगम ने गत 16 वर्षों में प्रशंसनीय प्रगति की है। वर्ष 1967-68 में जब निगम की स्थापना हुई, निगम ने 2.45 लाख रुपये का कारोबार किया था। 31 मार्च, 1983 को निगम ने 16 वर्ष पूर्ण होने पर 4,919.85 लाख रुपये की स्वीकृत राशि का कारोबार किया। अर्थव्यवस्था में सभी प्रकार के सुधार होने पर और राज्य सरकार द्वारा किये गये भरसक प्रयत्नों के फलस्वरूप आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने तथा नये उद्योगों को उदारता से प्रोत्साहन देने के कारण वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या में इस वर्ष के दौरान पर्याप्त वृद्धि हुई। निगम के कार्य क्षेत्र में अब विभिन्न प्रकार के उद्योग हैं। अब शायद राज्य में कोई ही ऐसा उद्योग हो, जो निगम से लाभान्वित न होता हो। निगम ने इकाइयों की जीव्यता का मूल्यांकन जारी रखने हेतु विभिन्न पहलुओं जैसे तकनीकी, वित्तीय, वाणिज्यिक तथा आर्थिक एवं प्रबन्ध सम्बन्धित पहलू को भी यथोचित महत्व दिया है।

**स्वीकृत अवधि ऋण**——विचाराधीन वर्ष में निगम ने 228 आवेदन पत्र (जिन में परिवहन उद्योग के 92 आवेदन पत्र सम्मिलित हैं) प्राप्त किये जिन के अवधि ऋणों की कुल राशि 1,116.92 लाख रुपये हैं। (इन में परिवहन उद्योग के 165.60 लाख रुपये भी सम्मिलित हैं) जिस में 86.56 लाख रुपये के लिए 31 आवेदन पत्र पहले से स्थापित उद्योगों से अतिरिक्त ऋण के लिए प्राप्त हुए। विचाराधीन वर्ष के दौरान तथा गत वर्ष के अन्त में बकाया 1801.10 लाख रुपये के ऋण के लिए 282 आवेदन पत्र (जिन में 39 आवेदन पत्र 108.00 लाख रुपये के अतिरिक्त ऋण के लिए तथा 6 आवेदन पत्र ऋण वृद्धि के लिए जिन की राशि 20.51 लाख रुपये थी, सम्मिलित है) विभिन्न उद्योगों से प्राप्त हुए। प्रचलित वर्ष में निगम ने 1489.51 लाख रुपये की राशि के 250 आवेदन पत्रों पर विचार किया। निगम ने 729.30 लाख रुपये की राशि के लिए 182 आवेदन पत्र (जिन में 56.68 लाख रुपये के 24 आवेदन पत्र अतिरिक्त ऋण के लिये तथा 161.43 लाख रुपये के 90 आवेदन पत्र परिवहन उद्योग के भी सम्मिलित हैं) की स्वीकृति दी। 102.87 लाख रुपये की राशि के 20 आवेदन पत्र (जिन में 1.68 लाख रुपये का एक आवेदन पत्र परिवहन का सम्मिलित है) रद्द किए और 623.27 लाख रुपयों की राशि के 48 आवेदन पत्र (जिन में 17.39 लाख रुपये के 5 आवेदन पत्र अतिरिक्त ऋण के लिए शामिल हैं) आवेदकों ने या तो बन्द करा दिये अथवा वापिस ले लिए। निगम ने परीक्षण के उपरान्त 39 आवेदन पत्रों की 34.07 लाख रुपये की राशि कम कर दी। वर्ष के अन्त में 311.59 लाख रुपये की राशि के 32 आवेदन पत्र (जिन में 9.95 लाख रुपये के अतिरिक्त ऋण के 5 आवेदन पत्र भी शामिल हैं) विचाराधीन थे। निगम ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक 4,949.15 लाख रुपये की राशि के 1,686 आवेदन पत्र स्वीकृत किए।

विचाराधीन वर्ष तथा अब तक प्राप्त प्रार्थना पत्रों की स्थिति जो वर्ष के अन्त में थी निम्न तालिका में दी गई है :——

(राशि लाख रुपयों में)

| मद | 1981-82 | | 1982-83 | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | राशि | संख्या | राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. वर्ष के आरम्भ में अनिर्णित आवेदन पत्र | 39 | 348.12* | 54 | 684.18@ |
| 2. वर्ष में प्राप्त आवेदन पत्र | 276 | 1,961.21 | 228 | 1,116.92 |
| 3. वर्ष में निपटाये गए आवेदन पत्र | 315 | 2,309.33 | 282 | 1,801.10 |
| 4. स्वीकृत आवेदन पत्र | 202 | 1,115.50 | 182 | 729.30 |
| 5. निवेदित राशि | — | 1,157.38 | — | 763.37 |
| 6. वापिस लिए गए, कालातीत समाप्त आदि आवेदन पत्र | 41 | 363.78 | 48 | 623.27 |
| 7. अस्वीकृत आवेदन पत्र | 18 | 114.50 | 20 | 102.87 |
| 8. वर्षान्त अनिर्णित आवेदन पत्र | 54 | 663.67 | 32 | 311.59 |
| 9. स्वीकृत ऋण (प्रभावी) | 547 | 3,210.07 | 678 | 3,713.75 |
| 10. भुगताए गए ऋण | 1,158 | 2,344.17 | 1,328 | 3,160.92 |

* वर्ष के दौरान 14 आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में 15.03 लाख रुपए की राशि बढ़ा दी गई।

@ चालू वर्ष में 6 आवेदन पत्रों के सम्बन्धों में 20.51 लाख रुपए की राशि बढ़ा दी गई।

**भुगताए गए अवधि ऋण**—वर्ष 1982-83 में 816.75 लाख रुपयों के अवधि ऋण वितरित किए गए जो कि पिछले वर्ष की राशि 656.59 लाख रुपयों से 24.4 प्रतिशत अधिक थे। कच्चे माल व आधारभूत सुविधाओं का अभाव होने के बावजूद यह एक सराहनीय उपलब्धि है। इस राशि में से 590.13 लाख रुपये के ऋण पिछले वर्ष स्वीकृत किये गये थे और 159.71 लाख रुपये परिवहन उद्योग के लिये थे। निगम की स्थापना से लेकर वर्ष के अन्त तक अवधि ऋणों की 3,160.92 लाख रुपये की राशि भुगताई गई है। 31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष तक निगम के कार्य की एक झलक निम्न तालिका में दी गई है :-

(लाख रुपयों में)

| विवरण | राशि |
|---|---|
| 1. 31 मार्च, 1983 तक स्वीकृत ऋण | 4,949.15 |
| 2. घटाएं : अस्वीकार/रद्द की गई/वापिस की गई स्वीकृतियां . . . . . | 673.35 |
| 3. शुद्ध स्वीकृतियां (1–2) . . . . | 4,275.80 |
| 4. घटाएं : पूर्णतयः भुगताई गई स्वीकृतियां . | 562.05 |
| 5. प्रभावी स्वीकृतियां (3–4) . . . | 3,713.75 |
| 6. शुद्ध स्वीकृतियां उपरोक्त (3) पर लिखित . | 4,275.80 |
| 7. घटाएं : पूर्ण स्वीकृतियों के पक्ष में न भुगताए गए ऋण . . . . . . | 15.97 |
| 8. घटाएं : 1,328 इकाइयों को भुगताए गए ऋण . | 3,160.92 |
| 9. वचनबद्ध ऋणों का शेष (6–(7+8) . . | 1,098.91 |
| 10. 31 मार्च, 1983 को अदत्त ऋण . . | 2,575.58 |

**सुलभ ऋण**—निगम ने वर्ष 1982-83 में 4 उद्यमियों को 2.14 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। निगम ने इस योजना के आरम्भ होने से अब तक 84 परियोजनाओं को 53.84 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। निगम ने चालू वर्ष में 18 इकाइयों को 12.94 लाख रुपये भुगतान किये। पिछले वर्ष की भुगतान राशि को शामिल करके निगम ने अब तक 76 इकाइयों को 45.54 लाख रुपयों का भुगतान किया है। 1978-79 से लेकर 1982-83 तक सुलभ ऋण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की स्थिति निम्नलिखित है :—

(राशि लाख रुपयों में)

| विवरण | 1978-79 | | 1979-80 | | 1980-81 | | 1981-82 | | 1982-83 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 वर्ष के आरम्भ में बकाया आवेदन पत्र . . . | — | — | 1 | 0.25 | 4 | 4.13 | 13 | 7.17* | 8 | 13.60 |
| 2 वर्ष में प्राप्त आवेदन पत्र . | 4 | 2.17 | 7 | 8.36 | 49 | 28.97 | 61 | 62.91 | 4 | 3.95 |
| 3. स्वीकृत आवेदन पत्र . | 3 | 1.92 | 2 | 2.11 | 33 | 16.52 | 44 | 30.35 | 4 | 2.14 |
| 4. बंद आवेदन पत्र . . | — | — | 1 | 0.25 | 5 | 5.93 | 8 | 4.48 | 5 | 9.00 |
| 5. कम स्वीकृत आवेदन पत्र . . | — | — | 1 | 0.12 | 8 | 1.32 | 24 | 9.25 | 4 | 1.41 |
| 6. रद्द आवेदन पत्र . . | — | — | 1 | 2.00 | 2 | 2.28 | 14 | 12.40 | 3 | 5.00 |
| 7. वर्ष के अन्त में अनिर्णीत आवेदन पत्र | 1 | 0.25 | 4 | 4.13 | 13 | 7.05 | 8 | 13.60 | — | — |

*वर्ष में तीन आवेदन पत्रों के सबम्न्ध में 0.12 लाख रुपये की राशि बढ़ा दी गई।

**समानान्तर ऋण**—वर्ष 1980-81 के अन्तर्गत निगम ने ऋण लेने वालों को स्वीकृत ऋण के 75 प्रतिशत तक छः से बारह महीने तक समानान्तर ऋण देने की योजना आरम्भ की। वर्ष 1982-83 में निगम ने 30.00 लाख रुपये की राशि के चार आवेदन पत्र समानान्तर ऋण की स्वीकृति के लिए प्राप्त किए तथा इन्हें आर्थिक स्वीकृति प्रदान की गई। इसी वर्ष पांच इकाइयों को 28.70 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया। गत वर्ष के अन्त में समानान्तर ऋण योजना के अन्तर्गत 24.10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देनी बाकी थी। चार इकाइयों की 36.80 लाख रुपये समानान्तर वित्त व्यवस्था को नियमित अवधि ऋण में परिवर्तित किया गया।

**केन्द्रीय निवेश साहाय्य**— प्राप्त करने वाली इकाइयों को केन्द्रीय सहायता के भुगतान के लिए निगम ने अभिकर्त्ता के रूप में कार्य करना जारी रखा। इस योजना के अन्तर्गत नियुक्त राज्य स्तरीय समिति ने 118 इकाइयों को 203.89 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। 31 मार्च, 1983 को केन्द्रीय निवेश साहाय्य की कुल राशि 934.09 लाख रुपये थी। विचाराधीन वर्ष में निगम ने 215.66 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया और जब से यह योजना चली उस समय से कुल 535.70 लाख रुपये भुगताए जा चुके हैं। राज्य सरकार ने 100.06 लाख रुपये की राशि को छोड़कर शेष केन्द्रीय साहाय्य का भुगतान कर दिया है। बकाया राशि के लिए निगम ने चालू वर्ष में अपने दावे को प्रस्तुत कर दिया है।

**राज्य सरकार साहाय्य**—जिन इकाइयों ने राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त की उनको राज्य सरकार साहाय्य का भुगतान करने के लिए निगम राज्य सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता रहा। निगम ने वर्ष 1980-81 में साहाय्य की राशि को अपनी निधि में से ही भुगतान करने का निर्णय लिया और राज्य सरकार से उस राशि को प्राप्त करने के प्रयत्न किए जिस से परियोजना को शीघ्रता से लागू किया जा सके। राज्य सरकार ने 77 इकाइयों को 17.00 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की जिसमें वर्ष 1982-83 की 16 इकाइयों की 5.38 लाख रुपये की राशि भी सम्मिलित है। चालू वर्ष के अन्त तक 9.60 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है जिसमें 3.30 लाख रुपये इस वर्ष के भी शामिल हैं।

**सीमान्त बीज पूंजी योजना**—इस योजना के अन्तर्गत निगम सरकार की ओर से निधि का प्रयोग करता रहा। सीमान्त धन/बीज पूंजी योजना उन इकाइयों के लिए है जो 50,000 से कम जनसंख्या वाले क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे हैं और जिनका संयंत्र तथा मशीनों में निवेश 2.00 लाख रुपये से अधिक नहीं। राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त निगम ने कुल निवेश के 10 प्रतिशत की दर से आर्थिक सहायता, जो अधिकतम 20,000 रुपये हो सकती है, इच्छुक इकाइयों को दी। विचाराधीन वर्ष में बीज पूंजी/सीमान्त धन की 0.64 लाख रुपये की राशि राज्य सरकार ने 5 इकाइयों को स्वीकृति दी। निगम ने 5 इकाइयों को 0.52 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया। इस योजना के अन्तर्गत 31 मार्च, 1983 तक 133 इकाइयों को 18.26 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की और 121 इकाइयों को 16.18 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया।

**ब्याज सहायता योजना**—इस योजना के अन्तर्गत सरकार ने अपनी निधि निगम के पास रखी और निगम ने इस वर्ष 0.43 लाख रुपये की राशि दी। इसके अलावा 3.52 लाख रुपये की राशि गत वर्ष दी थी इस प्रकार कुल 3.95 लाख रुपये का भुगतान किया।

**पिछड़े क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिए सहायता**—अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 120 परियोजनाओं को 629.70 लाख रुपये की राशि की सहायता प्रदान की। यह राशि वर्ष 1982-83 में दी गई कुल सहायता का संख्या के आधार पर 86.6 प्रतिशत तथा राशि के आधार पर 76.4 प्रतिशत बनता है।

**वसूलियां**—1982-83 में निगम के भरसक प्रयत्नों के फलस्वरूप 327.20 लाख रुपयों की राशि वसूल की गई जोकि अब तक की वसूलियों में अधिकतम है। 1982-83 के लिए निगम की वसूलियों का लक्ष्य 347.47 लाख रुपये था। यह लक्ष्य मध्यवर्ती समीक्षा के दौरान संशोधित करके 280.00 लाख रुपये निर्धारित किया गया। 31 मार्च, 1983 को उद्योगानुसार भुगतान में चूक करने वालों का ब्यौरा निम्न तालिका में दिया गया है:—

(लाख रुपयों में)

| उद्योग | इकाइयों की संख्या | मूलधन | ब्याज | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. सीमेंट उत्पादन | 4 | 0.94 | 0.27 | 1.21 |
| 2. रसायन | 18 | 15.03 | 4.31 | 19.34 |
| 3. शीत भंडार तथा हिम निर्माणी | 3 | 7.93 | 1.77 | 9.70 |
| 4. विद्युत तथा इलॅक्ट्रोनिक सामान | 9 | 12.42 | 3.17 | 15.59 |
| 5. इंजीनियरिंग सामान | 27 | 16.14 | 6.58 | 22.72 |
| 6. उर्वरक | 2 | 18.83 | 1.71 | 20.54 |
| 7. खाद्य एवं पेय पदार्थ | 6 | 12.59 | 0.67 | 13.26 |
| 8. होटल | 11 | 3.19 | 1.81 | 5.00 |
| 9. धातु उत्पाद | 16 | 16.60 | 6.95 | 23.55 |
| 10. खनिज उत्पाद | 2 | 8.45 | 1.03 | 9.48 |
| 11. विविध | 41 | 8.05 | 5.14 | 13.19 |
| 12. कागज तथा कागज उत्पाद | 11 | 11.10 | 2.58 | 13.68 |
| 13. मुद्राणालय | 7 | 3.06 | 2.01 | 5.07 |
| 14. रबड़ पी० वी० सी तथा प्लास्टिक | 14 | 18.83 | 3.11 | 21.94 |
| 15. पत्थर तोड़ना | 11 | 2.54 | 0.65 | 3.19 |
| 16. वस्त्र | 3 | 1.73 | 0.59 | 2.32 |
| 17. परिवहन उपकरण | 9 | 1.49 | 4.67 | 6.16 |
| 18. परिवहन प्रचालक | 93 | 16.94 | 3.15 | 20.09 |
| 19. घड़ियां और पुर्जे | 4 | 11.04 | 7.33 | 18.37 |
| 20. चमड़ा उत्पाद | 2 | — | 2.50 | 2.50 |
| जोड़ | 293 | 186.90 | 60.00 | 246.90 |

भुगतान की सूची के अनुसार ब्याज की कुल राशि जो विचाराधीन वर्ष में ऋणों पर बनती थी (अभियोग वाले मामलों को छोड़ कर) वह 223.07 लाख रुपये थी। इस वर्ष के दौरान 187.19 लाख रुपये की राशि वसूल की गई जिसमें गत वर्ष के अन्त में बकाया ब्याज की वसूली (29.58 लाख रुपये) भी शामिल है। विचाराधीन वर्ष में मूलधन की कुल देय राशि 195.60 लाख रुपए बनती है। मूलधन की वास्तविक वसूली 121.28 लाख रुपये है जिस में पिछले वर्ष के अन्त तक मूलधन 25.48 लाख रुपये की आंशिक वसूली भी सम्मिलित है। निम्न तालिका वर्ष के अन्त में वसूली तथा भुगतान में चूक करने वालों के आंकड़ों को दिखाती है :—

(लाख रुपयों में)

| विवरण | मूलधन | ब्याज |
|---|---|---|
| 1. वर्ष के आरम्भ में बकाया राशि | 112.58 | 73.60 |
| 2. वर्ष के अन्तर्गत देय राशि | 195.60 | 223.07 |
| 3. वर्ष के अन्तर्गत प्राप्त राशि | 121.28 | 187.19 |
| 4. वर्ष के अन्त में बकाया राशि | 186.90 | 109.48 |

चालू वर्ष के अन्तर्गत 5 लेखों से सम्बन्धित 3.23 लाख रुपये (मूलधन) और 3.15 लाख रुपये (ब्याज) के वर्ष के आरम्भ में अशोध्य राशि में शामिल नहीं किया गया क्योंकि यह राशि न्यायालय में चल रहे मामलों के लेखों में हस्तांतरित कर दी गई है। 8.51 लाख रुपये का मूलधन वर्ष के आरम्भ में अशोध्य राशि में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वर्ष के दौरान कुछ मामलों की अनुसूची में परिवर्तन किया गया। 4.48 लाख रुपये और 2.46 लाख रुपये की क्रमश: मूलधन एवं ब्याज की राशि को वर्ष के आरम्भ में अशोध्य राशि में शामिल किया गया है क्योंकि यह राशि पहले न्यायालयों में चल रहे मामलों के 10 लेखों में सम्मिलित की गई थी परन्तु अब इन मामलों पर न्यायालयों ने निर्णय दे दिया है। इसके अलावा 1.23 लाख रुपये मूलधन से सम्बन्धित अशोध्य राशि में से निकाल दी गई हैं और 1.20 लाख रुपये ब्याज से सम्बन्धित अशोध्य राशि में शामिल किए गए हैं क्योंकि इसे पिछली रिपोर्ट में भूल से शामिल किया गया था।

गत वर्ष प्राप्त 0.61 लाख रुपये के चैकों को चालू वर्ष में धनादेश आहरण न होने के कारण ब्याज की अशोध्य राशि में शामिल किया गया है। 0.26 लाख रुपये और 0.10 लाख रुपये क्रमश: मूलधन और ब्याज के वर्ष के आरम्भ में अशोध्य राशि में से निकाल दिया गया है क्योंकि न्यायालय से 2 लेखों को शामिल करने की अनुमति प्राप्त नहीं हुई है।

**न्यायालय में चलाए गए मामले**—प्रचलित वर्ष में राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पब्लिक मनी (देय राशि का भुगतान) एक्ट 1973 में संशोधन किया ताकि निगम के बकाया ऋणों को भू-राजस्व की बकाया राशि के रूप में वसूल किया जा सके। वर्ष के अन्तर्गत निगम ने बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने हेतु 21 इकाइयों के विरुद्ध एक्ट की धारा के अधीन कार्यवाही आरम्भ की जिसमें 46.14 लाख रुपये की राशि के मामले हैं। चालू वर्ष के अन्तर्गत 11 मामले निपटाये गए, 3 मामले भुगतान करने पर निपटाये गए, 5 मामलों के सम्बन्ध में समझौता हो गया और एक मामला न्यायालय ने बर्खास्त कर दिया। दो मामले वापिस लिए गए ताकि उन पर हिमाचल प्रदेश पब्लिक मनी एक्ट, 1973 (देय राशि का भुगतान) के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सके। विचाराधीन वर्ष के अन्त में 224.98 लाख रुपये के 59 मामले जिनमें से 10.67 लाख रुपये के 23 मामले परिवहन उद्योग से सम्बन्धित हैं, विभिन्न न्यायालयों में बकाया पड़े थे। निम्न तालिका में वर्ष के आरम्भ में और वर्ष के अन्त तक न्यायालयों में चल रहे अभियोगों के बारे में बकाया राशि का विवरण दिया गया है।

(लाख रुपयों में)

| विवरण | मूलधन | ब्याज |
|---|---|---|
| 1. वर्ष के आरम्भ में बकाया राशि | 86.16 | 101.17 |
| 2. वर्ष में देय राशि | 12.18 | 28.64 |
| 3. वर्ष के अन्तर्गत प्राप्त राशि | 5.60 | 5.05 |
| 4. वर्ष के अन्त में बकाया राशि | 92.74 | 124.76 |

4.48 लाख रुपये मूलधन की राशि और 2.46 लाख रुपये ब्याज की राशि वर्ष के आरम्भ में अशोध्य राशि में शामिल नहीं की गई क्योंकि न्यायालय ने इस पर निर्णय दे दिया था। 3.23 लाख रुपये मूलधन के और 3.15 लाख रुपये ब्याज के अशोध्य राशि में शामिल नहीं किये गये क्योंकि इन्हें पिछली रिपोर्ट में भूल से शामिल किया जा चुका था।

**समय से पहले भुगतान**—इस वर्ष निगम को 8.09 लाख रुपये की राशि समय से पहले प्राप्त हुई जो इस वर्ष में देय नहीं थी।

**शेष राशि का कुल बकाया राशि से प्रतिशत**—31 मार्च, 1983 को बकाया राशि 246.90 लाख रुपये (जिसमें अदालत में चल रहे मामले तथा 49.48 लाख रुपये संलागी मामलों पर ब्याज की राशि जो पिछले वर्ष के लाभ हानि लेखा में शामिल नहीं किए गए थे) जबकि बकाया ऋण की राशि 2,575.58 लाख रुपये है। 31 मार्च, 1983 को न्यायालय में चल रहे अभियोगों की राशि 120.11 लाख रुपये है, जिसमें, 104.87 लाख रुपये की ब्याज राशि सम्मिलित नहीं है जिसे लाभ हानि लेखा में शामिल नहीं किया गया था। बकाया राशि और अदालत में चलाए जा रहे अभियोगों के शेष ऋण की राशि क्रमश: 9.59 प्रतिशत

और 4.66 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष यह 11.36 प्रतिशत, 6.75 प्रतिशत थी।

**ब्याज की दर व सीमा**--विचाराधीन वर्ष में बैंक-दर में परिवर्तन हुआ इसलिए ब्याज दर में भी परिवर्तन आया। निगम का ऋण देने का वर्तमान ढांचा 2 जुलाई, 1981 से चला आ रहा है। विचाराधीन वर्ष में निगम ने जमानत की जो सीमा निर्धारित की उसमें परिवहन उद्योग को छोड़ कर कोई परिवर्तन नहीं आया, ब्याज की दरें निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई हैं.---

| ऋणों का वर्गीकरण | वार्षिक दर प्रतिशत | | |
|---|---|---|---|
| | सामान्य दर (प्रभावी) | प्रभावी दर (संसाधन के बाद) | शीघ्र वापसी के लिए छूट |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **1. ब्याज की मूल दरें** | 14.50 | -- | 1 |
| **2. लघु पमाने के उद्योगों के लिए रियायती दर** | | | |
| (क) पिछड़े क्षेत्र | 14.50 | 13.50 | 1 |
| (ख) पिछड़े क्षेत्रों के अतिरिक्त | 14.50 | 14.50 | 1 |
| **3. 25,000 रुपये तक कम्पोजिट ऋण** | | | |
| (क) पिछड़े क्षेत्र | 14.50 | 11.25 | 1 |
| (ख) पिछड़े क्षेत्रों के अतिरिक्त | 14.50 | 13.50 | 1 |
| **4. निर्धारित पिछड़े क्षेत्रों में लगी नई इकाइयों को रियायती दर** | 14.50 | 13.50 | 1 |
| **5. विश्व बैंक ऋण** | | | |
| (विदेशी मुद्रा भाग) | | | |
| क (i) पिछड़े क्षेत्रों के लघु उद्योग जो क्रेडिट योजना से सम्बन्धित | 14.50 | 13.50 | 1 |
| (ii) गैर पिछड़े क्षेत्रों में लगे लघु उद्योग | 14.50 | 13.50 | 1 |
| ख. अन्य | | | |
| (i) पिछड़े क्षेत्र | 14.50 | 13.50 | 1 |
| (ii) पिछड़े क्षेत्रों के अतिरिक्त | 15.00 | 15.00 | 1 |
| **6. अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के लोगों द्वारा चलाई गई इकाइयों के लिए** | | | |
| (i) 25,000 रुपये तक | 14.50 | 11.25 | 1 |
| (ii) 25,000 रुपये से ऊपर तथा 2 लाख रुपये तक | | | |
| (क) पिछड़े क्षेत्र | 14.50 | 12.50 | 1 |
| (ख) पिछड़े क्षेत्रों के अतिरिक्त | 14.50 | 13.50 | 1 |
| **7. भूतपूर्व सेना कर्मचारियों द्वारा लगाई गई ईकाइयो के लिए 5 लाख रुपये तक (एक व्यक्ति) 6 लाख रुपये (एक व्यक्ति से अधिक)** | | | |
| (i) पिछड़े क्षेत्र | 14.50 | 12.50 | 1 |
| (ii) गैर पिछड़े क्षेत्रों के अतिरिक्त | 14.50 | 13.50 | 1 |
| **8. अपंग व्यक्तियों द्वारा लगाई गई इकाइयां (25,000 रुपए तक)** | | | |
| (i) पिछड़े क्षेत्र | 14.50 | 11.25 | 1 |
| (ii) पिछड़े क्षेत्रों के अतिरिक्त | 14.50 | 13.50 | 1 |
| **9. डाक्टर द्वारा एक्स-रे की इकाई के लिए** | 14.50 | 13.50 | 1 |
| **10. परिवहन उद्योग** | | | |
| (i) एक वाहन के लिए | 15.50 | 14.50 | 2 |
| (ii) अन्य | 17.00 | 17.00 | 2 |
| **11. समानान्तर ऋण** | | | |
| (i) पिछड़े क्षेत्र | 14.50 | -- | -- |
| (ii) पिछड़े क्षेत्रों के अतिरिक्त | 15.00 | -- | -- |
| **12 विशेष पूंजी योजना** | 1.00 | -- | -- |
| **13. किन्नौर और लाहौल स्पिति में स्थित इकाइयां** | पिछड़े क्षेत्र के प्रभावी रियायती दर से 1 प्रतिशत कम | | |
| **14. पैनल ब्याज** | | | |
| (i) 6 मास तक न चुकाई गई अशोधन राशि पर | 3 | -- | -- |
| (ii) 6 मास से अधिक न चुकाई गई राशि पर | | | |
| (क) 3.00 लाख रुपये तक | 18.00 | -- | -- |
| (ख) 3.00 लाख रुपये से अधिक | 24.00 | -- | -- |

**संगठनात्मक विकास**—नई चुनौतियों का मुकाबला करने, विकास की दर को बनाए रखने तथा समस्त क्षेत्रों के कार्य में उन्नति लाने हेतु प्रबन्ध विकास संस्थान की सिफारिशें स्वीकार कर के निगम ने अपने संगठन को सुदृढ़ बनाया। सहायता प्राप्त इकाइयों की लगातार मदद करने की आवश्यकता अनुभव कर के निगम ने एक अलग शाखा स्थापित की जिस में तीन प्रबन्धक, एक वरिष्ठ प्रबन्धक तथा उप-महा प्रबन्धक काम कर रहे हैं। प्रबन्ध निदेशक, मुख्य प्रबन्धक तथा शाखा प्रबन्धकों को वर्ष के अन्तर्गत और अधिकार सौंप दिए गए।

**जनशक्ति विकास**—वित्तीय संस्थाओं के पदाधिकारियों की कार्यकुशलता के विकास और सुधार को दृष्टिगोचर रखते हुए निगम ने इन को राष्ट्रीय संस्थान में विभिन्न प्रशिक्षणों के लिए भेजा। इस के अतिरिक्त निगम का प्रस्ताव है कि प्रशासन विकास संस्थान के सहयोग से हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में एक विस्तृत प्रशिक्षण शिविर का प्रबन्ध किया जाए।

**कल्याण योजनाएं**—निगम ने कर्मचारियों को प्रेरित करने तथा उन की न्यायोचित आंकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए कल्याण योजनाओं के क्षेत्र को विस्तृत किया तथा कुछ और नए कल्याणकारी पग उठाए जो निम्नलिखित हैं:—

(i) भविष्य निधि नियमावली को उदार बना दिया गया है और इसकी अनुमति राज्य सरकार तथा भारतीय औद्योगिक बैंक से ले ली गई है।

(ii) उपदान की स्वीकार्य राशि जो सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक महीने के वेतन के बराबर जो अधिकतम 15 महीने के वेतन के बराबर हो या 20,000 रुपये जो भी कम हो की सीमा बढ़ा कर 16-1/2 मास का वेतन या 36,000 रुपये जो भी कम हो, कर दिया गया है। इसके लिए राज्य सरकार तथा भारतीय औद्योगिक बैंक की अनुमति अभी प्राप्त होनी है।

(iii) निगम के कर्मचारी की सेवा काल में मृत्यु होने पर मृत कर्मचारी के परिवार को तुरन्त राहत पहुंचाने के लिए निगम ने निर्णय लिया है कि तदर्थ अनुग्रहपूर्वक अदायगी कर्मचारी के अन्तिम वेतन से 20 गुणा तथा न्यूनतम राशि 10,000 रुपये और अधिकतम राशि 30,000 रुपये होगी। यदि मृत कर्मचारी के परिवार के पास निगम का मकान हो तो वह उसे एक वर्ष तक उसी किराये पर रख सकता है अथवा मृत कर्मचारी के परिवार को एक वर्ष तक जो मृत कर्मचारी को आवास भत्ता मिल रहा था दिया जाएगा। अराजपत्रित पद पर रोजगार सुविधा परिवार के एक सदस्य को योग्यता के आधार पर दी जाएगी तथा उसे रोजगार कार्यालय द्वारा नाम भिजवाने की आवश्यकता भी नहीं होगी। यदि कोई सदस्य शिक्षा व आयु के कारण सेवा के योग्य न हो तो उसे नौकरी उस समय दी जाएगी जब वह इन आवश्यकताओं को पूर्ण करता हो।

निगम के कर्मचारी ने मकान निर्माण मुरम्मत तथा खरीद के लिए अग्रिम राशि का भुगतान पूर्ण न किया हो तो ब्याज सहित उस राशि को अनुग्रहपूर्वक अदायगी राशि में से भी नहीं घटाया जाएगा। यदि मृत कर्मचारी के उत्तराधिकारी में पति, पत्नी, बेटा, बेटी, मां-बाप या अवयस्क भाई-बहिन हो और वह मृत कर्मचारी पर पूर्ण रूप से आश्रित हो तो सारी बकाया राशि को बट्टे खाते में डाल दिया जाएगा।

**नया बीस सूत्री कार्यक्रम**—निगम ने नये बीस सूत्री कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से कार्यान्वित करने के लिए पग उठाए जिन का विवरण नीचे दिया जा रहा है।

(1) **अपंग व्यक्तियों के लिए आर्थिक सहायता**—निगम ने अपंग व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए रियायती आर्थिक सहायता योजना बनाई है ताकि वे आत्म निर्भर हो सकें और उनकी आर्थिक हालत में सुधार आए। हर अपंग व्यक्ति यह आर्थिक सहायता लेने के योग्य होगा और इन से प्रवर्तक अंशदान भी नहीं लिया जाएगा। ऋण की अधिकतम राशि 25,000 रुपये होगी। आर्थिक सहायता संयंत्र व कार्यकारी पूंजी के लिए दी जाएगी। प्रभावी ब्याज दर 10.25 प्रतिशत प्रतिवर्ष होगी।

(2) **एक्स-रे क्लिनिक के लिए आर्थिक सहायता**—निगम ने डाक्टरों के लिए जो क्ष-रश्मि विज्ञ में विशेषज्ञ हों और जो क्ष-रश्मि क्लीनिक लगाने में समर्थ न हों को आसान शर्तों पर आर्थिक सहायता देने की योजना बनाई है। यह आर्थिक सहायता क्ष-रश्मि संयंत्र तथा भवन निर्माण जिस में क्ष-रश्मि संयंत्र चालू करना हो, के लिए होगी। स्थिर लागत के 90 प्रतिशत तक के ऋण इस सम्बन्ध में दिए जाएंगे और उसमें से केन्द्रीय निवेश सहाय उपदान का समायोजन कर दिया जाएगा। इस ऋण का भुगतान 5—10 वर्षों के बीच में किया जाएगा और प्रथम दो वर्षों में कोई भी भुगतान नहीं करना होगा।

(3) **संयुक्त ऋण**—बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग लगाने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसलिए निगम ने शाखा प्रबन्धकों को और अधिक अधिकार सौंप दिए हैं जिस के अन्तर्गत वह ऋणों की स्वीकृति भी दें सकते हैं। परन्तु ऋणों का भुगतान अभी तक मुख्यालय से हो रहा है। भविष्य में उद्यमियों की असुविधा को दूर करने के लिए भुगतान करने का अधिकार भी शाखा अधिकारियों को देने का निर्णय भी लिया गया है।

(4) **जिला कार्यालय**—निगम के जिला कार्यालय जो जिला मुख्यालयों नाहन, सोलन, ऊना और धर्मशाला में स्थित थे को जिले के औद्योगिक केन्द्रों पौंटा साहिब, परवाणु

मेहतपुर और डमटाल में उद्यमियों की सुविधा के लिए स्थानान्तरित किया। शाखा प्रबन्धकों को वाहन देने का भी निर्णय लिया गया है जिस से वह घूम सकें और ऋणियों से अच्छे सम्बन्ध स्थापित कर सकें।

(5) **केन्द्रीय निवेश सहाय उपदान पर ब्याज**—निगम केन्द्रीय निवेश सहाय उपदान का भुगतान भी उन औद्योगिक इकाइयों को जिन्हें वह आर्थिक सहायता देता है इस योजना के अन्तर्गत करता रहा। इस सहाय उपदान का भुगतान निगम अपनी राशि से करता है और बाद में राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार से वापिस ले लेता है। निगम ने यह निर्णय लिया है कि यदि राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार से यह राशि 30 दिन के भीतर प्राप्त न हो तो उधार ग्रहताओं से ब्याज भुगतान की तिथि से वसूल किया जाएगा। निगम एक विकास संस्था है इसलिए उधार ग्रहताओं को ब्याज के बोझ से राहत दिलवाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

(6) **प्रबन्धक सूचना योजना**—निगम वर्ष के आरम्भ में कार्य योजना तथा संसाधन का पूर्वानुमान लगाता है ताकि विभिन्न निर्धारित लक्ष्यों जैसे समोदन, भुगतान और ऋणों की वसूली पर निदेशक बोर्ड के हर सम्मेलन में समीक्षा की जा सके। बोर्ड मुख्य अदायगी लेखों की समीक्षा करता है और स्थिति में सुधार लाने के लिए निर्देश देता है। जानबूझ कर अदायगी न करने वाले के प्रति यह निर्णय लिया है कि ब्याज की दर को अधिकतम किया जाए जैसा कि बैंक ऐसे ऋणियों के प्रति करता है। प्रचलित वर्ष में वसूली तथा अनुवर्ती शाखा उप-महा प्रबन्धक की देख रेख में स्थापित की गई।

**शक्तियों का सौंपना**—बोर्ड ने आवेदन-पत्र की प्राप्ति तथा समोदन, ऋणों के समोदन तथा भुगतान के समय के अन्तर को कम करने तथा कार्य विधि को सरल एवं सुवाही बनाने के लिए 5 लाख रुपये तक के ऋण देने के अधिकार प्रबन्धक निदेशक और 3 लाख रुपये तक के ऋण मुख्य प्रबन्धक को दे दिए हैं। इन अधिकारों को देने से प्रबन्ध निदेशक को नीति सम्बन्धी मामलों में निर्देशन देने तथा विचार करने पर पर्याप्त समय मिल जाएगा।

31 मार्च, 1983 का सन्तुलन-पत्र तथा 1982-83 का लाभ हानि लेखा क्रमशः तालिका 1.1 और 1.2 में दिया गया है।

# हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम, शिमला

## 1.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31 मार्च 1982 को | पूंजी एवं दायित्व | 31 मार्च, 1983 को | 31 मार्च, 1982 को | परिसम्पति एवं सम्पदा | 31 मार्च, 1983 को |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 1. पूंजी— | | | | |
| 1,000.00 | (क) अधिकृत | 1,000.00 | 89.11 | 1. नगद एवं बेंक में जमा | 64.34 |
| 222.95 | (ख) निर्गमित एवं भरी गई तथा चुकाई गई पूंजी | 292.95 | 1,762.17 | 2. ऋण तथा अग्रिम | 2,401.78 |
| | 2. आरक्षिति निधि तथा अन्य आरक्षिति— | | 8.63 | 3. बन्ध पत्र एवं अंश | 8.63 |
| 4.39 | (क) आरक्षिति निधि (धारा 35 के अन्तर्गत) | 3.87 | 2.43 | 4. मोटर गाड़ियां, उपस्कर एवं स्थायक | 2.69 |
| 25.45 | (ख) विशेष आरक्षिति निधि (धारा 35ए के अन्तर्गत) | 29.83 | 73.79 | 5. अन्य सम्पदाएं | 176.80 |
| 27.99 | (ग) अशोध्य तथा संदिग्ध ऋणों के लिए आरक्षिति | 27.99 | — | 6. कर के लिए प्रावधान | 6.22 |
| 77.83 | (घ) अन्य आरक्षिति | 84.33 | | | |
| 439.50 | 3. बन्ध पत्र तथा ऋण पत्र | 769.50 | | | |
| | 4. उधार ग्रहण (धारा-7 के अन्तर्गत) | | | | |
| 1,053.53 | (क) भारतीय औद्योगिक बैंक से | 1,393.29 | | | |
| | (ख) राज्य सरकार से | — | | | |
| 69.17 | 5. अन्य दायित्व | 46.51 | | | |
| 9.47 | 6. अदत्त देयता | 4.65 | | | |
| 0.23 | 7. निलम्बित लेखे पर ब्याज | 0.13 | | | |
| | 8. प्रावधान : | | | | |
| 1.10 | (क) आयकर के लिए | — | | | |
| 4.52 | (ख) वर्ष का लाभांश | 7.41 | | | |
| 1,936.13 | जोड़ | 2,660.46 | 1,936.13 | जोड़ | 2,660.46 |

# हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम, शिमला

## 1.2--31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | व्यय | 1982-83 | 1981-82 | आय | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को-- | | | से-- | |
| 79.17 | 1. निक्षेप बन्ध पत्रों तथा उधार पर ब्याज | 87.28 | | 1. ब्याज : | |
| | | | 148.37 | (क) ऋण तथा अग्रिम | 135.29 |
| | | | 0.20 | (ख) निवेश तथा निक्षेप | 2.17 |
| 10.23 | 2. वेतन तथा भत्ते | 10.99 | 0.18 | (ग) कर्मचारियों को अग्रिम | 0.01 |
| 0.94 | 3. यात्रा तथा अन्य भत्ते | 0.57 | — | (घ) बचन बद्ध ब्याज | 0.03 |
| 0.20 | 4. निदेशकों तथा समिति सदस्यों का शुल्क तथा यात्रा भत्ता | 0.08 | -- | 2. अन्य सम्पदाओं के विक्रय से लाभ | 0.01 |
| | | | | 3. अन्य आय : | |
| 0.44 | 5. कर्मचारी अंशदाई भविष्य निधि को अंशदान | 0.51 | 0.11 | (क) विविध आय | 0.10 |
| 0.78 | 6. किराया स्थानीय तथा अन्य कर, बीमा और प्रकाश | 1.17 | 1.07 | (ख) प्रोसैसिंग शुल्क (ऋण) | 0.54 |
| 2.90 | 7. डाक, तार, दूरभाष मुद्रण तथा सामग्री | 2.45 | 0.03 | (ग) प्रार्थना पत्रों का विक्रय | 0.03 |
| 0.52 | 8. प्रचार तथा विज्ञापन | 0.69 | 0.02 | 4. प्रतिलिखित व्यय | 0.01 |
| 0.08 | 9. मुरम्मत तथा नवीकरण | 0.17 | | | |
| 0.08 | 10. बैंक प्रभार, कमीशन तथा लेखा परीक्षा शुल्क | 0.02 | | | |
| 0.12 | 11. विधि व्यय | 0.16 | | | |
| 0.43 | 12. अवमूल्यन | 0.50 | | | |
| 0.20 | 13. अपलिखित बन्ध पत्रों तथा ऋण पत्रों पर छूट | 0.20 | | | |
| 5.20 | 14. बन्ध पत्रों तथा ऋण पत्रों पर स्टैम्पस शुल्क कमीशन एवं दलाली | 1.65 | | | |
| 5.16 | 15. अन्य व्यय | 8.88 | | | |
| 0.33 | 16. बट्टे खाते में डाला अशोध्य ऋण | 0.34 | | | |
| 43.20 | 17. शुद्ध लाभ | 22.53 | | | |
| 149.98 | जोड़ | 138.19 | 149.98 | जोड़ | 138.19 |

निगम ने 1-4-1982 से वाणिज्यिक प्रणाली के स्थान पर नकद लेखा प्रणाली अपना ली है।

# हिमालय उर्वरक सीमित, मंझोली (नालागढ़)

(हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित, शिमला की सहाय कम्पनी)

हिमालय उर्वरक सीमित नवम्बर, 1972 को कम्पनीज अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत किया गया। कम्पनी की अधिकृत पूंजी एक करोड़ रुपए है जो दस दस रुपए के दस लाख साम्य अंशों में विभक्त है। मार्च, 1983 को निगम की 30.00 लाख रुपए की निर्गमित एवं भरी गई पूंजी की तुलना में चुकाई गई पूंजी में 27.56 लाख रुपए थी। चुकाई गई पूंजी में से 15.30 लाख रुपए हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित तथा 12.26 लाख रुपए जनता द्वारा भरे गए हैं। 2.44 लाख रुपए की वांचित राशि बकाया है।

**1. कार्य समीक्षा:**—वर्ष 1982-83 के अन्तर्गत कम्पनी ने 11,264 मीट्रिक टन विभिन्न ग्रेडों की एन०पी०के० उर्वरक का उत्पादन किया और 8,606 मीट्रिक टन खाद बेची जिसका विक्रय मूल्य 175.03 लाख रुपए है। इस की तुलना में गत पांच वर्षों का विवरण निम्न है:—

| वर्ष | कुल विक्रय मूल्य (लाख रु०) |
|---|---|
| 1976-77 | 105.00 |
| 1977-78 | 156.00 |
| 1978-79 | 218.00 |
| 1979-80 | 145.00 |
| 1980-81 | 274.15 |
| 1981-82 | 216.29 |

उर्वरक की विक्रय मात्रा तथा उससे प्राप्त मूल्य पिछले वर्ष की तुलना में घट गया। फलस्वरूप कम्पनी को 21.79 लाख रुपए का घाटा हुआ। इस वर्ष कुल मिलाकर हानि 22.70 लाख रुपए तक पहुंच गई है।

**2. कच्चा माल**—इस वर्ष में निगम को कच्चा माल बिना किसी कठिनाई के प्राप्त हुआ।

3. विपणन—हिमाचल के अतिरिक्त कम्पनी ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान तथा जम्मू कश्मीर राज्यों में भी अपने उत्पादन का विपणन किया। विचाराधीन वर्ष में उर्वरक मार्किट में बहुत मात्रा में आया यद्यपि कम्पनी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में विक्रय करने की अनुमति है फिर भी सारा माल बेचा न जा सका। वर्ष के अंत में कम्पनी के पास लगभग 60 लाख रुपए का माल बाकी था, जिसके कारण कम्पनी को भारी नुकसान हुआ। वर्ष 1983-84 में कम्पनी ने एन०पी०के० उर्वरक का एक अलग ही मार्किट का प्रबन्ध किया है। आशा है कि यदि इसे कई वर्षों तक एन०पी०के० उर्वरक की अलग मार्किट दे दी जाए तो हिमाचल प्रदेश में ही 8,000 से 10,000 मीट्रिक टन तक यह उर्वरक बेची जा सकेगी। यदि कम्पनी को अनुमति हमेशा के लिए मिल जाए तो यह अपना अतिरिक्त उत्पादन पड़ौसी राज्यों में बेच सकेगी।

4. व्यापार संभावनाएं.—जबकि हिमाचल प्रदेश में एन०पी०के० उर्वरक की खपत केवल 8,000 से 10,000 मीट्रिक टन के बीच है, कम्पनी के प्लांट की उत्पादन क्षमता 30,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की है। इस लिये कम्पनी अपने माल को हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू कश्मीर इत्यादि पड़ौसी राज्यों में विक्रय करने पर निर्भर है। इन पड़ौसी राज्यों में माल अनुमति मिलने पर ही बेचा जा सकता है। यह अनुमति हर वर्ष लेनी पड़ती है। कम्पनी यत्न कर रही है कि इन राज्यों से माल बेचने की अनुमति कई वर्षों के लिए एक बार ही मिल जाए। ये प्रयत्न किए जा रहे हैं कि उत्पाद के गुण में अन्तर आये बिना लागत के तत्वों का अधिकतम प्रयोग हो, जिससे उत्पादन के खर्च में कमी हो। कम्पनी यह भी विचार कर रही है कि अन्य क्षेत्रों में भी कार्य किया जाए। प्रबन्धक नमक आयोडाईजेशन प्लांट लगाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

**5. श्रमिकों से सम्बन्ध**—विचाराधीन वर्ष में श्रमिकों तथा मालिकों के पारस्परिक सम्बन्ध सामान्य रहे और कोई अप्रिय घटना न घटी। कम्पनी का 31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र तथा वर्ष 1982-83 का लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका 2.1 तथा 2.2 में दर्शाये गए हैं।

# हिमालय उर्वरक सीमित, मंझोली (नालागढ़)

(हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित की सहायक कम्पनी)

## 2.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 31-3-83 को | 31-3-82 को |
|---|---|---|
| **I. निधि के साधन** | | |
| (1) अंशदाताओं की निधि : | | |
| (क) अंश पूंजी . . | 27.56 | 27.45 |
| (ख) आरक्षिति एवं अधिशेष . | 6.17 | 6.17 |
| ऋण निधि : | | |
| (क) प्रतिभूति ऋण . . | 66.06 | 49.03 |
| (ख) अप्रतिभूत ऋण . . | 41.30 | 16.07 |
| जोड़ | 141.09 | 98.72 |
| **II. निधि का प्रयोग** | | |
| (1) स्थिर सम्पदा : | | |
| (क) सकल ब्लाक . . | 69.20 | 68.82 |
| (ख) घटाईये—अवमूल्यन (अब तक की) | | |
| (ग) शुद्ध ब्लाक . . | 29.23 | 26.71 |
| जोड़ | 39.97 | 42.11 |
| (2.) वर्तमान सम्पदा, ऋण और अग्रिम : | | |
| (क) वर्तमान सम्पदा . | 84.02 | 68.81 |
| (ख) ऋण और अग्रिम | 2.56 | 4.31 |
| जोड़ | 86.58 | 73.12 |
| घटाइए—वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान : | | |
| (क) वर्तमान दायित्व . . | 9.53 | 10.42 |
| (ख) प्रावधान . . . | 0.21 | 8.89 |
| शुद्ध वर्तमान सम्पदा . . | 76.84 | 53.81 |
| III विविध व्यय . . . | 1.58 | 1.89 |
| IV लाभ तथा हानि लेखा . . | 22.70 | 0.91 |
| राशि का कुल उपयोग . . | 141.09 | 98.72 |

## 2.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 1982-83 | 1981-82 |
|---|---|---|
| **आय :** | | |
| 1. विक्रय . . . . | 175.04 | 216.38 |
| 2. अन्य आय . . . . | 4.26 | 1.40 |
| जोड़ | 179.30 | 217.78 |
| **व्यय :** | | |
| 1. कच्चे माल की खपत . . | 159.53 | 157.02 |
| 2. ब्याज . . . . | 12.02 | 12.30 |
| 3. अन्य व्यय और अपलेखन . . | 47.29 | 41.83 |
| 4. वियोजित अलाऊंस आरक्षित . | 0.01 | 0.06 |
| 5. अवमूल्यन (पिछले वर्ष के 442 रुपये मिला कर) . . . | 2.83 | 4.19 |
| [illegible] | 221.68 | 215.40 |
| स्टाक में वृद्धि (+)/कमी (-) | (-)20.59 | (-) 5.80 |
| [illegible] | 201.09 | 209.60 |
| संतुलित पत्र में ले जाई गई शुद्ध लाभ/हानि | (-)21.79 | (+)8.18 |
| | 179.30 | 217.78 |

# हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित, शिमला

हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित, शिमला को 25 नवम्बर, 1966 को कम्पनीज एक्ट, 1956 के अंतर्गत एक सार्वजनिक सीमित कम्पनी के रूप में पंजीकृत किया गया था। कम्पनी की अधिकृत पूंजी पांच करोड़ रुपए है जो सौ सौ रुपये के 5 लाख साम्य अंशों में विभक्त है। वर्ष 1980-81 के दौरान कम्पनी की अधिकृत पूंजी को बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए कर दिया गया जो कि सौ सौ रुपये के दस लाख साम्य अंशों में विभक्त है। 30 नवम्बर, 1983 को निर्गमित पूंजी 700.00 लाख रुपए थी जो सौ सौ रुपये के 7 लाख साम्य अंशों में विभक्त थी। इस की तुलना में प्राप्त पूंजी 629.70 लाख रुपए थी। निगम का कार्य निदेशकों की परिषद द्वारा संचालित होता है।

वर्ष 1982-83 में निगम का शुद्ध लाभ (अंकेक्षण होने की शर्त पर) 17.80 लाख रुपए रहा। यह शुद्ध लाभ अवमूल्यन के लिए 4.40 लाख रुपए का प्रावधान करने के पश्चात रहा। निगम की गतिविधियों का ब्यौरा निम्न अनुच्छेदों में दिया गया है:—

**1. उत्पादन तथा विक्रय**—वर्ष 1981-82 तथा 1982-83 में निगम की विभिन्न इकाइयों द्वारा किया गया उत्पादन एवं विक्रय (अंकेक्षण होने की शर्त पर) निम्नलिखित है:—

(लाख रुपयों में)

| इकाई का नाम | उत्पादन | | विक्रय | |
|---|---|---|---|---|
| | 1981-82 | 1982-83 | 1981-82 | 1982-83 |
| 1. देशी शराब बोटलिंग प्लांट, मैहतपुर | 140.50 | 150.20 | 157.81 | 196.21 |
| 2. सिल्क फिलेचर, नुरपुर | 5.50 | 7.50 | 7.86 | 9.03 |
| 3. सिल्क वीविंग, नुरपूर | 3.06 | 3.02 | 3.96 | 3.90 |
| 4. फर्नीचर फैक्टरी, बिलासपुर | 3.80 | 4.10 | 4.54 | 5.45 |
| 5. खनन परियोजना, बिलासपुर | 4.90 | 5.10 | 6.33 | 7.43 |
| 6. टी० वी० ग्रार, सोलन | 70.50 | 64.80 | 82.69 | 72.22 |
| 7. फर्नीचर फैक्टरी, सोलन | 1.00 | 1.05 | 2.34 | 2.02 |
| 8. गलीचा फैक्टरी, नुरपुर | 1.58 | 0.90 | 2.46 | 0.82 |
| 9. होजरी यूनिट, नालागढ़ | 3.55 | 3.70 | 4.14 | 4.47 |
| 10. मोटराईजड यूनिट, नालागढ़ | — | — | 1.19 | — |
| 11. स्टोन-क्रशर, नालागढ़ | 0.30 | — | 0.47 | — |

**औद्योगिक इकाइयों का शुद्ध लाभ/शुद्ध हानि निम्नलिखित है**:—

(लाख रुपयों में)

| इकाई का नाम | शुद्ध लाभ (+) शुद्ध हानि (—) | |
|---|---|---|
| | 1981-82* | 1982-83* |
| 1. देशी शराब प्लांट, मैहतपुर | (+) 15.03 | (+) 24.51 |
| 2. सिल्क फिलेचर, नुरपूर | (+) 1.36 | (+) 1.01 |
| 3. सिल्क वीविंग, नुरपुर | (+) 0.68 | (+) 0.68 |
| 4. फर्नीचर फैक्टरी, बिलासपुर | (—) 0.01 | (—) 0.12 |
| 5. खनन परियोजना, बिलासपुर | (+) 0.89 | (+) 1.73 |
| 6. टी०वी०आर०, सोलन | (—) 1.47 | (—) 0.92 |
| 7. फर्नीचर फैक्टरी, सोलन | (—) 0.48 | (—) 0.59 |
| 8. गलीचा फैक्टरी, नुरपुर | (—) 0.13 | (—) 0.50 |
| 9. होजरी यूनिट, नालागढ़ | (—) 0.49 | (—) 0.60 |
| 10. मोटराईजड यूनिट, नालागढ़ | (+) 0.28 | — |
| 11. स्टोन क्रशर, नालागढ़ | (—) 0.26 | — |

*अंकेक्षण होने की शर्त पर

**2 चालू परियोजनाएं**:—

(क) निगम ने तीन निम्नलिखित सहाय कम्पनियों का प्रवर्तन किया है:—

| कम्पनी का नाम | अंशों में निवेश (लाख रुपयों में) |
|---|---|
| 1. हिमाचल वूल प्रोसैसर्ज सीमित | 49.00 |
| 2. हिमाचल वर्स्टेड मिल्ज सीमित | 47.00 |
| 3. हिमालय उर्वरक सीमित | 15.30 |
| | 111.30 |

(ख) निगम अब तक निम्न कम्पनियों को सहायता दे चुका है :—

1. मैं० रिशव इस्पात सीमित —निगम ने इस कम्पनी की समस्त अभिगोपित राशि में से 10 लाख रुपए के एक लाख साम्य अंशों का अभिगोपन किया है। यह कम्पनी नालागढ़, जिला सोलन में इस्पात इनगोट्स के उत्पादन के लिए स्थापित की गई है। इसने अगस्त, 1976 में उत्पादन आरम्भ किया था। कम्पनी सुचारु रूप से कार्य कर रही है और 2.50 लाख रुपये के साम्य अंश प्रवर्तकों ने वापस खरीद लिए हैं।

2. मैं० थिरानी रसायन सीमित—निगम ने 2,58,500 रुपये के दस रुपये प्रति अंश की दर से 25,850 साम्य अंशों का अभिगोपन करके इस कम्पनी को सहायता की है। कम्पनी को समस्त राशि का भुगतान किया जा चुका है। परियोजना पांवटा साहिब में स्थापित है और कैलशियम कार्बोनेट का उपादन करती है। कम्पनी सुचारु रूप से कार्य कर रही है और प्रवर्तकों ने 50,000 रुपये के साम्य अंश निगम से खरीद लिए हैं।

3. मैं० रंगड़ ब्रियुरीज सीमित —निगम ने इस कम्पनी की अंशपूंजी में 3 लाख रुपए का योगदान दिया है। यह कारखाना महतपुर जिला ऊना में माल्ट निस्सारण के उत्पादन के लिए लगाया गया है। मई, 1979 में उत्पादन आरम्भ किया गया था।

4. मैं० हिमाचल पस्टीसाइड एण्ड कैमीकल सीमित, बरोटीवाला —यह कम्पनी मैलाथियान नामक एक आधारभूत कीटनाशक दवाइयां का उत्पदान कर रही है। इस संयंत्र की क्षमता 1,000 मी० टन प्रति वर्ष है। जून 1980 में निगम ने इस की 4.40 लाख रुपए की साम्य पूंजी के रुप में सहायता की।

5. मैं० यूनाइटिड डायमंड सीमित, परवाणु —यह यूनिट घड़ियों के विभिन्न प्रकार के जियुल्ज तैयार करता है जिनकी मांग देश में घड़ियों के कारखानों को है। इस कारखाने के लिए संयंत्र तथा तकनीकी जानकारी फ्रांस से ली गई है। इस कम्पनी का सार्वजनिक क्षेत्र में प्रवर्तन किया गया है। हि०प्र० वणिज एवं औद्योगिक विकास निगम ने साम्य पूंजी के रूप में 4.35 लाख रुपए का योगदान दिया है कम्पनी ने अगस्त, 1980 में उत्पादन आरम्भ किया था। प्रवर्तकों ने निगम से समस्त अंश खरीद लिए हैं।

6. मैं० हिमाचल कनसलटैन्सी आर्गेनाइजेशन —इस संगठन का संप्रेषण भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने किया है। निगम ने इस संगठन के साम्य अंशों में 40,000 रुपये का निवेश किया है। इसकी स्थापना उन उद्यमियों को जो हिमाचल प्रदेश में उद्योग स्थापित करना चाहते हो, को परामर्श सेवा तथा तकनीकी मार्गदर्शन जिस में परियोजना की रिपोर्ट बनाना भी शामिल है, उपलब्ध करवाना है। इसके अतिरिक्त यह संगठन प्रदेश में आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद परियोजनाओं के चयन/निर्धारण एवं स्थापना की सम्भावनाओं के बारे में सर्वेक्षण करता है।

7. मैं० प्रोन्टो स्टीयरिंग सीमित —यह कम्पनी परमाणु मेंत स्टीयरिंग वर्मज तथा नट्स जिन का प्रयोग आटोमोबाँइलज उद्योग में किया जाता है, के उत्पादन के लिए लगाई गई है। संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता 42,000 नट्स तथा वर्मज बनाने की है। इस कार्य के सहायतार्थ निगम ने 4.00 लाख रुपय की राशि साम्य पूंजी के रूप में लगाई है।

8. मैं० सराओ पेपर्स तथा एलायड प्रोडक्टस —निगम 2.90 लाख रुपए कम्पनी में अंश पूंजी के रूप में लगाए हैं। यह कम्पनी बरोटीवाला में क्राफ्ट पेपर बनाने के लिए लगाई गई है। संयंत्र की उत्पादन क्षमता 7 मी० टन प्रतिदिन है।

9. मैं० सिद्धार्थ सुपर स्पिनिंग मिल्ज सीमित —यह कारखाना नालागढ़ में लगाया गया है। सूती तथा सिंथेटिक्स धागा बनाने के लिए प्रथम चरण में 16,184 स्पिंडलज लगाए जाने का प्रस्ताव है। निगम ने इस कम्पनी में 42.00 लाख रुपय अंश पूंजी के रूप में लगाए हैं।

10. मैं० पन्बीं स्पैशलिटी एण्ड टिशू पेपर्ज सीमित—कम्पनी की सहायतार्थ निगम ने 60.00 लाख रुपये इस कम्पनी में साम्य पूंजी के रूप में लगाए हैं। यह इकाई बरोटीवाला में टिशू पेपर बनाने हेतू स्थापित की गई है। इस की वार्षिक उत्पादन क्षमता 4,450 मी० टन है।

11. ओगली पेपर्ज प्राइवेट सीमित, काला आम्ब —यह इकाई क्राफ्ट पेपर बनाती है तथा इस की दैनिक उत्पादन क्षमता 7 मी० टन है। इस कम्पनी को साम्य पूंजी के रूप में निगम ने 1.22 लाख रुपए लगाए हैं।

12. युनाइडिड वनस्पति वर्क्स प्राइवेट सीमित, नालागढ़ —यह इकाई नालागढ़ में वनस्पति घी बनाती है। निगम ने इस कम्पनी में 3.90 लाख रुपए साम्य पूंजी के रूप में लगाए हैं। इस कम्पनी का उत्पाद काफी अच्छा है तथा उपभोक्ताओं में प्रचलित है।

13. बरोटीवाला पेपर्स प्राइवेट सीमित, बरोटीवाला—यह इकाई नालागढ़ में क्राफ्ट पेपर बना रही है। निगम ने कम्पनी को 1.57 लाख रुपये साम्य पूंजी के रूप में दिए हैं। इस इकाई ने उत्पादन आरम्भ कर दिया है।

14. टिशु एण्ड फाइवर्स सीमित, नालागढ़ —यह इकाई नालागढ़ में ओवरीबोर्ड पेपर बना रही है। निगम ने 4.47 लाख रुपए इस कम्पनी में साम्य पूंजी के रूप में लगाए

हैं। इस इकाई में अगस्त, 1983 से उत्पादन आरम्भ हो गया है।

15. **शैल पेपर्स प्राइवेट सीमित, बरोटीवाला**—यह कम्पनी बरोटीवाला में क्राफ्ट पेपर बनाने के लिए एक इकाई स्थापित कर रही है। निगम ने 2.60 लाख रुपए कम्पनी को साम्य पूंजी के रूप में देने मंजूर किए हैं तथा 1.30 लाख रुपए दिए जा चुके हैं। इस इकाई का परीक्षण के लिए चलना आरम्भ हो चुका है।

16. **कंवर पेपर्ज प्राइवेट सीमित, काला अम्ब**—कम्पनी काला अम्ब में क्राफ्ट पेपर बनाने हेतू एक इकाई स्थापित कर रही है। निगम ने इस कम्पनी को 2.60 लाख रुपए साम्य पूंजी के रूप में देने स्वीकार किए हैं। जिसमें से 1.30 लाख रुपए दिय जा चुके हैं। इकाई परीक्षण के लिए चालू की जा चुकी है।

17. **देसराज पेपर्ज प्राइवेट सीमित बरोटीवाला**— यह कम्पनी बरोटीवाला में एक क्राफ्ट पेपर इकाई लगा रही है। निगम ने 1.37 लाख रुपए साम्य पूंजी के रूप में लगाने स्वीकार किए हैं। जिनमें से 0.70 लाख दिए जा चुके हैं। यह इकाई परीक्षण के लिए चलाई जा चुकी है।

18. **बिनसम टैक्सटाइल्स सीमित, नालागढ़**— यह कम्पनी नालागढ़ में एक टैक्सटाइल इकाई स्थापित कर रही है। इस कम्पनी को अवधि ऋण अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिया गया है। निगम ने 60.00 लाख रुपए इस कम्पनी को साम्य पूंजी के रूप में देने स्वीकार किए हैं। जिनमें 17.00 लाख रुपए दिए जा चुके हैं।

19. **हिमाचल फाइबर्ज सीमित, बरोटीवाला**— यह कम्पनी बरोटीवाला में एक वस्त्र इकाई स्थापित कर रही है इस कम्पनी की अवधि ऋण केन्द्रीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिए गए हैं। निगम ने 41.00 लाख रुपए साम्य पूंजी के रूप में कम्पनी को देने स्वीकार किए हैं। जिनमें से 2.00 लाख रुपए दिए जा चुके हैं।

20. **हिम ट्यूब्ज सीमित, कन्दरोरी, कांगड़ा**— कम्पनी बिना सीवन की नालियां बनाने की इकाई स्थापित कर रही है। निगम ने 19.95 लाख रुपए की राशि साम्य पूंजी के रूप में देनी स्वीकार की है, और इसमें से 1.00 लाख रुपए दिए जा चुके हैं। कम्पनी शीघ्र ही लोगों से धन उधार लेने की योजना पर कार्य आरम्भ करने जा रही है।

(ग) अब तक स्वीकृत/दिए गए अवधि ऋण निगम ने निम्नलिखित कम्पनियों को ऋण राशि समोदित कर के भुगतान किया :

(लाख रुपयों में)

| इकाई का नाम | नवम्बर, 1983 तक अवधि ऋण | |
|---|---|---|
| | अनुमोदित राशि | भुगताई गई राशि |
| 1. मै० शिवालिक एग्रोपोली प्रोडक्ट्स लि० | 41.58 | 29.18 |
| 2. मै० खन्ना वाचिज, | 30.00 | 30.00 |
| 3. मै० कान्टीनैन्टल आटो | 60.00 | 60.00 |
| 4. मै० युनाईटिड डायमण्ड | 60.00 | 60.00 |
| 5. मै० आईशर फार्म मशीनरी | 60.00 | 50.53 |
| 6. मै० प्रोन्टो स्टियरिंग | 50.05 | 49.02 |
| 7. मै० प्यूरो लेटर | 13.34 | 2.93 |
| 8. मै० यश पाल गर्ग | 24.70 | 24.70 |
| 9. मै० कालिमा एन्टर प्राईजिज | 30.62 | 27.54 |
| 10. मै० ए० बी० टूलज | 26.00 | 25.22 |
| 11. मै० कुमार सिलैण्डरज | 25.00 | — |
| 12. मै० कमला डायलज | 60.00 | 56.13 |
| 13. मै० हिमाचल पैस्टीसाईडज | 60.00 | 60.00 |
| 14. मै० बरोटी वाला पैपर्ज | 59.00 | 43.66 |
| 15. मै० देश राज पेपर्ज | 50.79 | 43.07 |
| 16. मै० क्राफ्ट पेपर्ज | 27.45 | — |
| 17. मै० सराओ पेपर्ज | 60.00 | 60.00 |
| 18. मै० शैल पेपरर्ज | 19.24 | 11.07 |
| 19. मै० लाल जी पेपर्ज | 40.45 | 39.32 |
| 20. मै० गुप्ता ब्रदर्ज | 7.97 | — |
| 21. मै० उपकार इन्डस्ट्रीसज | 10.68 | 9.29 |
| 22. मै० नवदुर्गा | 48.00 | — |
| 23. मै० शिवालिक कास्टिंगज | 1.71 | — |
| 24. मै० आर० के० भण्डारी | 16.35 | — |
| 25. मै० युनाईटिड वनस्पति | 60.00 | 60.00 |
| 26. मै० टिशू एण्ड फाईबर | 54.36 | 49.68 |
| 27. मै० सोलरसाईन्सिज | 31.00 | — |
| 28. मै० हिम फोजिग | 7.50 | 7.50 |
| 29. मै० अराधना पेपर्ज | 60.00 | — |
| 30. मै० हिमाचल एअर प्रोडक्टस | 60.00 | 52.75 |
| 31. मै० एच०पी० रुबक्लेम | 60.00 | 55.70 |
| 32. मै० औगलो पेपर्ज | 46.00 | 45.21 |
| 33. मै० तेज स्ट्रा | 2.55 | 2.55 |
| 34. मै० कवंर पेपर्ज | 45.37 | 38.95 |
| 35. मै० रुचिरा पेपर्ज | 23.43 | 23.16 |
| 36. मै० थिरानी कैमीकलज | 6.58 | 5.96 |
| 37. मै० इन्ट्रनेशनल सिलैण्डर | 24.80 | — |
| 38. मै० हिमाचल स्पैशल स्टील ट्यूब | 9.71 | — |
| 39. मै० आदम पेपर्ज | 39.60 | — |
| 40. मै० रंगड ब्रूरिरीज | 11.30 | 11.23 |
| 41. मै० विलेज पेपर | 26.48 | 21.11 |
| 42. मै० कटारिया पेपर | 6.04 | — |
| 43. मै० रायल मालडिंगज | 10.00 | — |
| 44. मै० महतपुर पेपर | 5.37 | — |
| 45. मै० जे० के० रैक्सीन | 15.00 | 10.66 |
| 46. मै० केवल सालवेंटस | 18.40 | 8.65 |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 47. मै० जी०एस० पुरेवाल | 30.00 | 30.00 |
| 48. मै० एच० पी० टी० डी० सी० शिमला | 13.00 | 13.00 |
| 49. मै० कास्टिन | 13.60 | — |
| 50. मै० गगन रीक्लेमरज | 60.00 | — |
| 51. मै० युनाईटिड डायमण्ड लि० | 29.00 | — |
| 52. मै० एम० एण्ड आई० वाँचिज | 60.00 | 9.84 |
| 53. मै० अतुल कास्टिगज | 25.03 | — |
| 54. मै० सुखचैन एण्ड कम्पनी | 42.87 | — |
| 55. मै० युनिटैक्नो सिलैण्डर | 22.30 | — |
| 56. मै० पी० जी० एन्टरप्राईजिज | 60.00 | — |
| 57. मै० यमुना गैसिस | 10.00 | — |
| 58. मै० हाँलिडे रिजॉर्ट प्रा० लि० | 31.45 | — |
| 59. मै० आँटो ब्रेक्स | 49.90 | — |
| जोड़ | 19,53.57 | 11,27.61 |

निगम का इंजीनियरिंग विंग निम्नलिखित इंजीनियरिंग कार्य में लगा है :—

1. मैहतपुर, पावंटा साहिब, बिलासपुर, सोलन, कुल्लू, नगरोटा वगवां, मण्डी, हमीरपुर, चम्बा तथा बद्दी जैसे स्थानों में औद्योगिक क्षेत्रों का विकास,
2. ऊपर दिए गए विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक शैडों का निर्माण,
3. केलांग तथा कल्पा को छोड़ कर अन्य सभी जिला मुख्यालयों में जिला औद्योगिक केन्द्रों का निर्माण, तथा
4. केलांग, कल्पा तथा शिमला के अतिरिक्त अन्य सभी जिला मुख्यालयों में आवास भवनों का निर्माण ।

यह कार्य उद्योग विभाग की ओर से डिपाजिट कार्य के रूप में किया जा रहा है। यह कार्य इतनी शीघ्रता से किया गया कि 3/4 वर्षों में ही औद्योगिक क्षेत्रों ने कार्य करना आरम्भ कर दिया । विभिन्न जिला मुख्यालयों में जिला उद्योग केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रगति में रहा । संसारपुर टेरस (कांगड़ा) में औद्योगिक क्षेत्र का सर्वेक्षण कार्य भी किया जा चुका है। इसका निर्माण कार्य खर्च का प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त होने पर आरम्भ कर दिया जायेगा। मण्डी तथा चम्बा में औद्योगिक केन्द्रों का निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है।

इस समय चल रहे तथा पहले पूरे हो चुके कार्यों की कुल लागत निम्नलिखित है :—

(लाख रुपयों में)

| निर्माण कार्य | कुल लागत |
|---|---|
| 1. एच०पी०एम०आई०डी०सी०के अपने कार्य | 43.50 |
| 2. एच०पी०एम०आई०डी०सी० की सहाय कम्पनियाँ | 111.00 |
| 3. उद्योग विभाग | 345.05 |
| 4. फल-उत्पादक सीमित, हि०प्र० | 25.00 |
| 5. एच० आर० टी० सी० | 7.59 |
| 6. एच०पी०एस०एस०आई०एण्ड ई०सी०लि० | 33.25 |
| 7. अधिसूचित क्षेत्र कमेटियां | 1.70 |
| 8. हथकर्घा एव हस्तकला निगम | 6.70 |
| 9. हि० प्र० सहकारिता विभाग | 22.85 |
| 10. अन्य कार्य | 99.00 |
| 11. हिमाचल प्रदेश में निविदा कार्य | 57.00 |
| जोड़ | 752.64 |

हिमाचल प्रदेश खनिज एवं उद्योग निगम को 'ए' श्रेणी के सिविल कार्यों के ठेकेदार के रूप में पंजीकृत किया गया है। परवाणू तथा पालमपुर में 57.00 लाख रुपए से अधिक के कार्य आरम्भ किए गए। परवाणू में एच० पी०एम०सी० तथा पालमपुर में हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य अन्तिम चरण में हैं।

31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र तथा 1982-83 का लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका 3.1 तथा 3.2 में दिया गया है ।

## हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित, शिमला

### 3.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | I निधि के साधन:— | | | I निधि का प्रयोग:— | |
| 450.20 | 1. अंश पूंजी | 539.70 | 71.31 | 1. स्थिर सम्पदा प्रगति पर पूंजी कार्यों सहित | 70.39 |
| 4.70 | 2. आरक्षिति एवं अधिशेष | 7.84 | 198.08 | 2. निवेश | 248.53 |
| | 3. ऋण: | | | | |
| 27.82 | (क) प्रतिभूत ऋण | 20.26 | 875.62 | 3. वर्तमान सम्पदा ऋण तथा पेशगी | 1254.82 |
| 574.85 | (ख) अप्रतिभूत ऋण | 864.26 | 115.46 | घटाए: वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान | (−) 151.03 |
| | | | 760.16 | शुद्ध वर्तमान सम्पदा | 1103.79 |
| | | | 1.48 | 4. अपलिखित विविध व्यय | 0.61 |
| | | | 26.54 | 5. लाभ तथा हानि लेखा | 8.74 |
| 1057.57 | जोड़ | 1432.06 | 1057.57 | जोड़ | 1432.06 |

## हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित, शिमला

### 3.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | व्यय | 1982-83 | 1981-82 | आय | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| 192.56 | 1. कच्चे माल की खपत (चल रहे कार्यों सहित) | 206.18 | 273.75 | 1. विक्रय/हस्तान्तरण | 301.55 |
| 16.17 | 2. आबकारी कर | 13.85 | 49.17 | 2. अन्य आय | 68.25 |
| 68.93 | 3. उत्पादन, विक्रय एवं प्रशासनिक व्यय | 76.58 | | | |
| 39.15 | 4. ब्याज | 50.99 | | | |
| 3.98 | 5. अवमूल्यन | 4.40 | | | |
| 2.13 | 6. नीचे ले जाया गया शुद्ध लाभ | 17.80 | | | |
| 322.92 | जोड़ | 369.80 | 322.92 | जोड़ | 369.80 |
| — | 1. नीचे लाया गया शेष | — | 2.13 | 1. नीचे लाया गया शेष | 17.80 |
| 0.50 | 2. ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान | — | 26.54 | 2. गत वर्ष का अधिशेष | 8.74 |
| 0.77 | 3. समायोजन से पहले लाभ | — | | | |
| 27.40 | 4. पिछले वर्ष की नीचे लाई गई हानि | 26.54 | | | |
| 28.67 | जोड़ | 26.54 | 28.67 | जोड़ | 26.54 |

# 4

## हिमाचल प्रदेश राज्य लघु उद्योग एवं निर्यात निगम सीमित, शिमला

हिमाचल प्रदेश राज्य लघु उद्योग एवं निर्यात निगम एक सीमित कम्पनी के रूप में 20 अक्तूबर, 1966 को कम्पनीज अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया। 31 मार्च, 1983 को निगम की चुकाई गई पूंजी एक करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी की तुलना में 93.67 लाख रुपये थी।

निगम का मुख्य कार्य राज्य को अलॉट किये गये सभी दुलर्भ, नियन्त्रित तथा आयात किये गये कच्चे माल का लघु औद्योगिक इकाइयों में वितरण करके उनका प्रदेश में विकास करना है। पिछले वर्षों की तरह निगम सीमेंट तथा कोयला के आदान एवं वितरण मशीनरी को किराये पर देने, औद्योगिक शैडों तथा सार्वजनिक सुविधा कार्यशाला के निर्माण तथा लघु पैमाने के उद्योगों को विपणन में सहायता देने की गतिविधियों में व्यस्त रहा।

निगम ने औद्योगिक यूनिटों को कच्चे माल के आयात के लिये वित्तीय सहायता देने की उदार योजनायें बनाई हैं। प्रचलित वर्ष में निगम द्वारा किये गये कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है :—

### 1. आदान एवं वितरण

**कच्चा माल** —निगम ने अभी तक केवल दुलर्भ, नियन्त्रित तथा आयात किये गये कच्चे माल जैसे कि लोहा एवं इस्पात, पैराफिन वेक्स, एल० डी० पी० ई०, पाम फैटी एसिड, सोडाएश, बैन्जीन एवं सल्फ्यूरिक एसिड का ही आदान एवं वितरण किया है। इन वस्तुओं का आदान एवं वितरण निगम द्वारा परवाणु, मैंहतपुर, कांगड़ा, नाहन तथा मण्डी में स्थित डिपुओं के माध्यम से किया जा रहा है। बैन्जीन तथा सल्फ्यूरिक एसिड का आदान एवं वितरण केवल पांवटा साहिब डिपो द्वारा ही किया जाता है। निगम इस सुविधा को प्रदान करने के लिये नाममात्र का प्रभार लेता है। वर्ष 1982-83 में बेची गई इन वस्तुओं का मूल्य 90.40 लाख रुपये था।

निगम ने कंदरोरी में एक नया डिपो स्थापित किया है जिसने कार्य आरम्भ कर दिया है। ऐसा ही एक डिपो बिलासपुर में स्थापित करने की योजना है। इसके साथ ही नाहन, मण्डी, परवाणु, कांगड़ा और मैंहतपुर में पहले से स्थापित डिपुओं को सुदृढ़ बनाने का प्रस्ताव है। इस योजना को उद्योग विभाग ने स्वीकृति दे दी है। लघु स्तर की इकाइयों को कच्चा माल प्रदेश के उद्योग विभाग द्वारा उनकी समर्थता आंके जाने के आधार पर ही वितरित किया जाता है।

**सीमेंट**—निगम प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र के लिये सीमेंट के आदान एवं वितरण की एक मात्र एजेंसी है। सीमेंट का वितरण नाहन, मण्डी, परवाणु, कांगड़ा, मैंहतपुर, कंदरोरी तथा हमीरपुर में स्थित डिपुओं के माध्यम से किया जाता है। निगम ने वर्ष 1980-81, 1981-82 तथा 1982-83 में क्रमशः 19.34 लाख, 27.96 लाख और 27.84 लाख रुपये के मूल्य का सीमेंट बेचा।

**कोयला**—वर्ष 1977-78 से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को बेचे गये स्टीम एवं कोयला विक्रय की मात्रा तथा मूल्य निम्न प्रकार से हैं :—

| वर्ष | मात्रा (मी० टन) | मूल्य (लाख रुपए) |
|---|---|---|
| 1977-78 | 10,600 | 19.01 |
| 1978-79 | 7,161 | 14.12 |
| 1979-80 | 2,683 | 6.45 |
| 1980-81 | 6,003 | 18.02 |
| 1981-82 | 7,931 | 29.45 |
| 1982-83 | 3,840 | 17.59 |

**2. उत्पादन** —निगम ने परवाणु में प्री-स्टरैस्ड कन्करीट पोल्ज उत्पादन इकाई तथा पेपर कनवरशन इकाई, नाहन और चम्बा में हौजरी यूनिट तथा चम्बाघाट सोलन में टी० बी० टरनर्ज मैनुफैक्चरिंग यूनिट, (हिमट्रोन), स्थापित किये हैं। इन इकाइयों के गत तीन वर्षों के उत्पादन तथा सकल विक्रय का वितरण नीचे दिया गया है :—

(लाख रुपयों में)

| इकाई का नाम | उत्पादन | | | सकल विक्रय | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1980-81 | 1981-82 | 1982-83 | 1980-81 | 1981-82 | 1982-83 |
| 1. पी० सी० सी० पोल्ज यूनिट | 20.93 | 25.24 | 27.88 | 28.68 | 35.49 | 38.36 |
| 2. पेपर कनवरशन यूनिट | 3.11 | 4.41 | 2.92 | 4.30 | 5.98 | 3.50 |
| 3. नाहन हौजरी यूनिट | 2.59 | 2.89 | 2.50 | 3.54 | 3.83 | 3.72 |
| 4. चम्बा हौजरी यूनिट | 1.42 | 1.54 | 2.22 | 2.18 | 2.38 | 2.94 |
| 5. हिमट्रोन सोलन | 1.90 | 3.37 | 2.46 | 1.18 | 4.73 | 1.56 |

3. **निर्यात** —निर्यात के क्षेत्र में निगम की भूमिका केवल आवश्यक व्यापार जानकारी उपलब्ध करवाना, निर्यात से सम्बन्धित सूचना देना तथा समाशोधन गृह के रूप में कार्य करना है । इस उद्देश्य के लिये निगम ने एफ० आई० ई० ओ० आई० आई० एफ० टी० तथा टी० डी० ए० की सदस्यता ली है जिसके विभिन्न खरीददारों से मिलने वाली व्यापार सम्बन्धी पूछताछ को हिमाचल प्रदेश के निर्यात करने वाले विनिर्माताओं को दी जाती है । निगम कूठ जड़ी के निर्यात के लिये एस० टी० सी० का एजेन्ट था । उत्पादन में गिरावट के कारण अब इसके निर्यात के कार्य को समाप्त कर दिया गया है ।

4. **विपणन** —निगम ने प्रदेश में तथा प्रदेश से बाहर स्थित औद्योगिक इकाइयों को विपणन में सहायता प्रदान करने के लिये एक विस्तृत योजना बनाई है । निगम ने स्वयं को डी० जी० एस० एण्ड डी० के साथ पंजीकृत किया है तथा व्यापार सम्बंधी ब्यौरा प्राप्त करके औद्योगिक इकाइयों को निष्पादन के लिये देता है ।

5. **शैडों तथा सामान्य सुविधा कार्यशाला का निर्माण**— इस परियोजना के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र पांवटा साहिब में 10 शैडों का निर्माण किया है तथा इनका प्रयोग डैंटरजैंट कम्पलेक्स की इकाइयों के लिये किया जा रहा है । भविष्य में उद्यमियों से मांग आने पर तथा वित्तीय प्रबन्ध के बाद ही ऐसे शैडों का निर्माण किया जायेगा । आजकल इनकी कोई मांग नहीं है अतः इनका निर्माण नहीं किया जा रहा है ।

निगम को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में सामान्य सुविधा कार्यशालाओं के निर्माण के लिये 8.00 लाख रुपये प्रदान किये गये हैं । निर्माण कार्य उद्योग विभाग के विचार-विमर्श के बाद से शीघ्र ही आरम्भ कर दिया जायेगा ।

31 मार्च, 1983 का अस्थायी सन्तुलन पत्र तथा वर्ष 1982-83 का (अस्थाई) लाभ तथा हानि लेखा क्रमशः तालिका 4.1 तथा 4.2 में दिये गये हैं ।

## हिमाचल प्रदेश राज्य लघु उद्योग एवं निर्यात निगम सीमित, शिमला

### 4.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र*

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. अंश पूंजी : | | | | |
| 100.00 | (क) अधिकृत | 100.00 | 19.07 | 1. स्थिर सम्पदा | 18.70 |
| 100.00 | (ख) निर्गमित | 100.00 | 0.40 | 2. निवेश | 0.40 |
| 83.67 | (ग) भरी गई | 83.67 | | 3. वर्तमान सम्पदा ऋण एवं अग्रिम | |
| | (घ) याचित एवं चुकाई गई | | | (क) वर्तमान सम्पदा : | |
| 83.67 | (अंश पूंजी को अभिदान सहित) | 93.67 | 51.99 | (i) बन्द घोषित स्टाक | 34.75 |
| | 2. आरक्षिति एवं अधिशेष : | | -- | (ii) अन्य भण्डार एवं ओजार | 1.00 |
| 5.50 | (क) पूंजी आरक्षिति | 5.50 | 14.85 | (iii) नकदी तथा बैंक बैलेंस | 3.00 |
| 7.59 | (ख) सामान्य एवं अन्य आरक्षिति | 4.97 | 85.04 | (iv) फुटकर देनदार | 62.00 |
| 1.85 | (ग) निवेश आवंटन आरक्षिति | 1.86 | 0.14 | (v) उपर्जित ब्याज लेकिन देय नहीं | -- |
| 29.91 | 3. प्रतिभूत ऋण | 5.74 | 54.24 | (ख) ऋण एवं अग्रिम | 47.33 |
| 14.90 | 4. अप्रतिभूत ऋण | 14.70 | 0.05 | 4. विविध व्यय | 0.05 |
| | 5. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान | | | | |
| 71.37 | (क) वर्तमान दायित्व | 30.71 | | | |
| 10.99 | (ख) प्रावधान | 10.08 | | | |
| 225.78 | जोड़ | 167.23 | 225.78 | जोड़ | 167.23 |

*अस्थायी

## हिमाचल प्रदेश राज्य लघु उद्योग एवं निर्यात निगम सीमित, शिमला

### 4.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा*

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 31-3-83 को | विवरण | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|
| को— | | से— | |
| 1. प्रारम्भिक स्टाक | 49.19 | 1. बिक्री | 147.52 |
| 2. कच्चे माल का क्रय तथा खपत | 118.36 | 2. बन्द घोषित स्टाक | 34.75 |
| 3. वेतन मजदूरी, बोनस, आवश्यक भविष्य निधि | 13.64 | 3. कच्चे माल की बिक्री पर लाभ | 5.24 |
| 4. किराया | 0.52 | 4. ब्याज प्राप्तियां | 0.80 |
| 5. मुद्रण तथा लेखन सामग्री | 0.31 | 5. विविध आय | 0.70 |
| 6. डाक, तार, दूरभाष तथा ट्रंककाल | 0.83 | 6. शुद्ध हानि | 3.92 |
| 7. वाहन चालन एवं अनुरक्षण | 1.48 | | |
| 8. यात्रा प्रभार इत्यादि | 0.93 | | |
| 9. बिजली, पानी तथा ईंधन | 0.40 | | |
| 10. विज्ञापन तथा प्रचार | 0.11 | | |
| 11. बीमा | 0.11 | | |
| 12. मनोरंजन | 0.12 | | |
| 13. वास्तविक पुष्टि | 0.06 | | |
| 14. व्यापार प्रवर्तन | 0.02 | | |
| 15. मरम्मत एवं अनुरक्षण | 0.43 | | |
| 16. भाड़ा, चुंगी तथा कुली प्रभार | 0.04 | | |
| 17. कानूनी प्रभार | 0.07 | | |
| 18. नवीकरण शुल्क | 0.01 | | |
| 19. बैंक प्रभार | 0.10 | | |
| 20. कमीशन एवं छूट | 0.15 | | |
| 21. उधार पर ब्याज | 3.05 | | |
| 22. अंकेक्षण फीस | 0.30 | | |
| 23. अवमूल्यन | 2.70 | | |
| जोड़ | 192.93 | जोड़ | 192.93 |

*अस्थायी

# 5

## हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम सीमित, शिमला

हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प तथा हथकरघा निगम सीमित, की स्थापना राज्य में हस्तशिल्प एवं हथकरघा उद्योगों की उन्नति तथा विकास के उद्देश्य से 30 मार्च, 1974 को पंजीकरण के उपरान्त अप्रैल, 1974 में हुई । 31 मार्च, 1983 में निगम की अधिकृत पूंजी 1.25 करोड़ रुपये है जबकि चुकाई गई पूंजी 1.02 करोड़ रुपये है ।

इस निगम द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का संक्षिप्त ब्यौरा निम्न है :—

**1. लुप्त कलाओं का पुनर्जीवन (शिशुक्षता योजनाएं) --** प्रदेश की कला एवं शिल्प यहां के लोगों की पारम्परिक संस्कृति का प्रतिबिम्ब है । ऐसी शिल्पकलाओं का पुनर्जीवन करना आवश्यक है जिनका कि विलोप होता जा रहा है । इस समय निगम प्राचीन भारतीय "गुरु चेला" पद्धति के अन्तर्गत चम्बा में धातु शिल्प तथा घोड़े के बालों का उत्पाद और मनाली तथा ताबो में थनका चित्रकला की शिशुक्षता की 4 योजनायें चला रहा है ।

**2. शिल्प प्रवीणता उत्पादन**—निगम विभिन्न शिल्प कलाओं में दक्ष कारीगर/शिल्पकार उत्पन्न करने के लिये शिल्प प्रवीणता उत्पादन केन्द्रों का संचालन कर रहा है जो निम्न हैं :—

(1) लकड़ी की खुदाई का प्रशिक्षण केन्द्र सांगला (किन्नौर जिला) तथा गरोला (चम्बा जिला),
(2) गलीचा बुनाई प्रशिक्षण केन्द्र गरोला (चम्बा जिला), काजा (लाहौल स्पिति जिला) तथा चांगो (किन्नौर जिला),
(3) गुड़ियां बनाने का केन्द्र गड़खल (सोलन जिला),
(4) हथकरघा बुनाई केन्द्र सिहुन्ता (चम्बा जिला),
(5) कम्बल तथा हस्पताल के बिस्तरों की चादरों की बुनाई प्रशिक्षण केन्द्र सिहुन्ता (जिला चम्बा),
(6) दरी बुनाई प्रशिक्षण केन्द्र नाहन (सिरमौर जिला),
(7) कम्बल बुनाई केन्द्र सराहन (सिरमौर जिला),
(8) कम्बल तथा दरी बुनाई प्रशिक्षण केन्द्र दिगल (सोलन जिला)

**3. हथकरघा बुनकरों और अन्य शिल्पकारों/कारीगरों को लूम लगाने से पहले, लूम लगने पर तथा उस के बाद में सहायता**— निगम अपनी आदान इकाई योजनाओं द्वारा कच्चे माल, बुनाई के उन्नत उपकरण, हस्तशिल्प तथा उन्नत नमूनों को यथा-कर्म मजदूरी योजना के अन्तर्गत बुनकरों को बुनने के लिये देता है । एक बुनकर जो दिन में 8 घण्टे कार्य करता है 15 से 22 रुपये तक प्रतिदिन कमाता है । इस योजना में धातु शिल्प, लाहौल स्पिति जिले के गलीचो की बुनाई, हाथ की बुनी हुई जुराबें तथा दस्ताने भी सम्मिलित हैं । इस समय प्रदेश में ऐसे 9 केन्द्र शिमला, कुल्लू, किन्नौर, हमीरपुर, केलोंग, काजा, पांगी, भरमौर तथा ऊना में कार्य कर रहे हैं ।

**4. कार्यशालाओं में उत्पादन** —कार्यशालाओं में विभिन्न उत्पादन के लिये 51 उत्पादन केन्द्र कार्यरत हैं जिनमें 22 हथकरघा बुनकर केन्द्र, 20 गलीचा बुनाई केन्द्र, 5 फर्नीचर/ लकड़ी के बर्तन/ खिलौने बनाने के केन्द्र तथा जूतों, गुडियों चम्बा में कढ़ाई के रूमाल तथा बांस की चीजें बनाने के एक-एक केन्द्र हैं ।

**5. डिजाइन विकास** —प्रदेश के अपने परम्परागत डिजाइनों के तरीके हैं । आधुनिक ग्राहकों की पसन्द के अनुसार पुराने डिजाइनों पर आधारित नये डिजाइन निकाले जा रहे हैं । ऐसे डिजाइन शिमला में स्थित हस्तशिल्प तथा हथकरघा केन्द्रों में बनाये जाते हैं ।

**6. विपणन स्थल**—विपणन सुविधायें प्रदान करने के उद्देश्य से निगम प्रदेश में तथा प्रदेश के बाहर 15 विक्रय केन्द्र चला रहा है जिनके द्वारा निगम अपने उत्पादन एवं बुनकरों और शिल्पकारों/कारीगरों के माल को नकद खरीद कर तथा माल बिकने पर भुगतान द्वारा विक्रय करता है ।

**7. प्रदर्शनी** —निगम ने प्रदेश के हस्तशिल्प एवं हथकरघा के उत्पादन को बेचने के लिये विभिन्न स्थानों में प्रदर्शनियां लगाई तथा एक्सपो एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भी भाग लिया । एक्सपो में साल में 60 दिनों हथकरघा उत्पाद की बिक्री पर 20 प्रतिशत की सरकारी छूट देता है । निगम साल में एक बार लगने वाले अखिल भारतीय हस्तशिल्प सप्ताह में हस्तशिल्प के उत्पादन की बिक्री पर 5 प्रतिशत की छूट देता है । वर्ष 1983-1984 में निगम ने एक्सपो तथा व्यापारिक मेलों में भाग लिया तथा नई दिल्ली में हुए अन्तर्राष्ट्रीय मेले हैंडलूम एवं खादी मेला देहली, अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी हैदराबाद, हिल एक्सपो देहली में भी प्रदर्शनी का आयोजन किया । ऐसी ही प्रदर्शनियां लखनऊ, कानपुर, बरेली, कलकत्ता, शिमोगा, अम्बाला, चण्डीगढ़, पठानकोट, तिरुपति, यमुनानगर, आगरा, बम्बई और बड़ौदा में भी लगाई गई ।

**8. निर्यात**—निगम विदेशी मंडियों में अपने उत्पादन को निर्यात करने के प्रयत्न कर रहा है।

**9. प्रचार**—निगम अपने हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादन के प्रचार का काम हस्तपत्रक, प्रैस विज्ञापनों इत्यादि के द्वारा कर रहा है।

**10. रोजगार**—निगम ने वर्ष 1980-81, 1981-82 तथा 1982-83 में क्रमशः 547 व्यक्तियों, 404 व्यक्तियों तथा 137 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया है। वर्ष 1983-84 में 219 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

**11. वार्षिक योजना 1983-84 एवं 1984-85**—वर्ष 1983-84 तथा 1984-85 के लिये क्रमशः 43.00 लाख रुपये तथा 46.00 लाख रुपये का प्रावधान है।

**12. उत्पादन का विकेन्द्रीयकरण**—निगम विकेन्द्रीयकरण के क्षेत्र में उत्पादन का आयोजन करने का प्रयत्न कर रहा है। कुल्लू में एक प्रायोगिक योजना तैयार की गई है जिसके अन्तर्गत 250 बुनकरों को लाया जायेगा। स्टेट बैंक आफ इन्डिया से इनको भिन्न ब्याज दरों पर ऋण दिलाया जायेगा। निगम उनको कच्चा माल देगा और उन से तैयार माल वापिस लेगा। इस योजना के अन्तर्गत प्रति वर्ष लगभग 39.00 लाख रुपये की हथकरघा वस्तुयें ली जायेंगी।

31 मार्च, 1980 का सन्तुलन पत्र तथा वर्ष 1979-80 का लाभ हानि लेखा क्रमशः तालिका 5.1 और 5.2 में दिये गये हैं।

# हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प तथा हथकरघा निगम सीमित, शिमला

## 5.1—31 मार्च, 1980 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-79 को | दायित्व | 31-3-80 को | 31-3-79 को | सम्पदा | 31-3-80 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. अंशदायी पूंजी | | | | |
| 100.00 | (क) अधिकृत | 100.00 | 7.52 | 1. स्थिर सम्पदा | 8.96 |
| 42.50 | (ख) निर्गमित एवं भरी गई | 60.25 | 150.26 | 2. वर्तमान सम्पदा, ऋण एवं अग्रिम | 194.57 |
| 42.50 | (ग) याचित एवं चुकाई गई | 60.25 | 0.11 | 3. विविध व्यय | 0.18 |
| 17.75 | (घ) अंश आवेदन पत्र राशि | 16.25 | 11.19 | 4. लाभ तथा हानि लेखा | 20.48 |
| 1.42 | 2. पूंजी व्यय के लिए अनुदान | 1.62 | | | |
| 12.32 | 3. आरक्षिति एवं अधिशेष | 12.15 | | | |
| 27.38 | 4. अप्रतिभूत ऋण | 35.62 | | | |
| 67.71 | 5. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान | 98.30 | | | |
| 109.08 | जोड़ | 224.19 | 169.08 | जोड़ | 224.19 |

# हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प तथा हथकरघा निगम सीमित, शिमला

## 5.2—31 मार्च, 1980 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1978-79 | विवरण | 1979-80 | 1978-79 | विवरण | 1979-80 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| 27.94 | 1. निर्मित वस्तुएं | 25.82 | 34.80 | 1. विक्रय | 37.38 |
| 1.10 | 2. चल रहे कार्य | 6.86 | 1.34 | 2. अन्य आय | 2.70 |
| 0.75 | 3. उप-पदार्थ | 0.11 | 25.82 | 3. निर्मित वस्तुएं | 45.12 |
| 8.24 | 4. क्रय | 12.89 | 6.86 | 4. चल रहे कार्य | 2.89 |
| | | | 0.11 | 5. उप-पदार्थ | — |
| 13.58 | 5. कच्चे माल की खपत | 16.08 | 9.98 | 6. सहाय अनुदान | 16.13 |
| 6.88 | 6. उत्पादन व्यय | 13.65 | 1.40 | 7. पूंजी व्यय अनुदान को स्थानान्तरित राशि | 0.24 |
| 23.62 | 7. कार्यालय तथा प्रशासनिक व्यय | 32.30 | 1.52 | 8. सहाय अनुदान केन्द्रों की शुद्ध हानि विशेष आरक्षिति लेखों में स्थानान्तरित | 0.17 |
| 1.99 | 8. विक्रय तथा वितरण व्यय | 2.97 | | | |
| 1.16 | 9. वित्त प्रभार | 1.48 | | | |
| 2.29 | 10. अवमूल्यन | 1.76 | 5.72 | 9. वर्ष की सन्तुलन पत्र में ले जाई गई शुद्ध हानि | 9.29 |
| 87.55 | जोड़ | 113.92 | 87.55 | जोड़ | 113.92 |

# 6

## हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड, शिमला

हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड का गठन सन् 1972 में किया गया जो जनसाधारण के लिये विभिन्न आवास योजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है । अपनी स्थापना के बाद से ही आवास बोर्ड निम्न कार्यों को चलाने में व्यस्त है :—

**1. सामाजिक आवास योजनाएं**—आवास बोर्ड ने शिमला, सोलन, परवाणू, नाहन, ऊना, बिलासपुर, मण्डी, हमीरपुर, पालमपुर, तथा धर्मशाला में सामाजिक आवास कालोनियां स्थापित की हैं । वर्ष 1983-84 में इस योजना की विभिन्न इकाइयों के रूप में 38 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य है । जिसकी इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण हो जाने की आशा है। वर्ष 1984-85 के लिये 144 मकानों तथा 51 प्लाटों का लक्ष्य रखा है ।

**2. स्वतः वित्तदायी योजनाएं** —इस योजना के अन्तर्गत आवास बोर्ड विभिन्न वर्गों के लिये 478 यूनिट शिमला तथा परवाणू में तैयार कर रहा है । वर्ष 1983-84 के लिये 182 यूनिट बनाने का लक्ष्य रखा है जिनमें से 104 मकान नोल्सवुड शिमला में बन चुके हैं तथा निर्धारित लक्ष्य के शेष मकान इसी वर्ष के अन्त तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ।

**3. सरकारी कर्मचारियों के लिए किराया आवास योजना**—इस योजना के अन्तर्गत आवास बोर्ड विभिन्न वर्ग के सरकारी कर्मचारियों की आवश्यकता पूरा करने के लिये शिमला, सोलन, नाहन, ऊना, मण्डी, हमीरपुर, तथा धर्मशाला में 364 मकान के निर्माण में व्यस्त है जिन में से 116 मकान वर्ष 1982-83 में बनाये गये । वर्ष 1983-84 के 112 मकानों के लक्ष्य में से 32 मकान बना दिये हैं तथा शेष 80 मकान 31 मार्च, 1984 तक तैयार कर दिये जायेंगे।

**4. पुलिस आवास योजना**—आवास बोर्ड इस योजना के अन्तर्गत पुलिस कर्मचारियों को किराया आवास योजना के अधीन जुनगा, शिमला, सोलन, परवाणू, नाहन, ऊना, बिलासपुर, मण्डी, कूल्लु, हमीरपुर, पालमपुर, धर्मशाला, स्कोह (धर्मशाला) तथा चम्बा में मकानों का निर्माण कर रहा है। इस योजना में कुल 461 मकान (जिन में से 223 मकान 7वें वित्तीय आयोग तथा 238 मकान राज्य योजना के अन्तर्गत) आते हैं जिनमें से 87 मकान वर्ष 1982-83 में तैयार किये गये । वर्ष 1983-84 के 140 मकानों के निर्धारित लक्ष्य में से 82 मकान तैयार कर दिये हैं तथा शेष मकान चालू वर्ष के अन्त तक तैयार किये जायेंगे ।

**5. संपरीक्षण आवास योजना**—आवास बोर्ड भारतीय सरकार के 'राष्ट्रीय आवास संगठन' की संपरीक्षण आवास योजना के अन्तर्गत परवाणू में 48 एल० आई० जी० फ्लैटों का निर्माण कर रहा है जिन में से 5 फ्लैट वर्ष 1982-83 में बन चुके हैं । चालु वर्ष के लिये 11 फ्लैटों का लक्ष्य रखा है जिनका कार्य प्रगति प्रवृद्ध अवस्था में है ।

**6. निक्षेप कार्य (डिपोजिट वर्क्स)**—बोर्ड विभिन्न संस्थानों के लिये निर्माण कार्य कर रहा है । हमीरपुर तथा शिमला में बचत भवन बनाये गये हैं तथा हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान और केन्द्रीय आलु अनुसंधान संस्थान जो शिमला में स्थित है, का कार्य प्रवृद्ध अवस्था पर है ।

**7. आवास मांग सर्वेक्षण**—भविष्य में बनाई जाने वाली योजना के लिये बोर्ड मकानों/प्लाटों की मांग का अनुमान लगाने के लिये "मांग सर्वेक्षण" कर रहा है । जिस में विभिन्न प्रकार के मकानों/प्लाटों के 33,686 प्रार्थना पत्र प्राप्त किये हैं । कार्यन्वयन की दिशा में बोर्ड शिमला, सलोगडा, सोलन, कुनिहार, कसौली, परवाणू, वरोटीवाला, नालागढ़, राजगढ़, नाहन, काला अम्ब, पांवटा साहिब, महतपुर, ऊना बिलासपुर, सुन्दरनगर, मण्डी कुल्लू, मनाली, हमीरपुर, प्रागपुर, गरली, ज्वालामुखी, धर्मशाला, कांगड़ा, पालमपुर, नगरोटा, बैजनाथ, जाच्छ, शाहपुर तथा चम्बा में भूमि प्राप्त करने के प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र तथा 31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय-व्यय लेखा क्रमशः तालिका 6.1 तथा 6.2, में दर्शाये गये हैं ।

# हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड, शिमला

## 6.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | निधि एवं दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| 7.58 | 1. पूंजी निधि | (−)14.47 | 7.06 | 1. स्थिर सम्पदा | 8.88 |
| 607.80 | 2. अप्रतिभूत ऋण | 534.60 | | 2. वर्तमान सम्पदा : | |
| | 3. प्रतिभूत ऋण : | | 798.13 | (क) प्रगति पर कार्य | 37.77 |
| 80.94 | (क) हुडको | 152.38 | 129.60 | (ख) स्टाक हाथ में | 63.48 |
| 8.00 | (ख) यूनियन बैंक आफ इण्डिया | 7.00 | | | |
| 14.00 | (ग) यूनाईटिड कर्माशियल बैंक | 10.00 | 7.09 | (ग) ऋण तथा पेशगी | 10.52 |
| 29.62 | 4. अनुदान तथा सहायराशि | 29.62 | 0.55 | (घ) औजार एवं संयन्त्र के पंजीकरण से लाभ | 0.56 |
| | 5. वर्तमान दायित्व : | | | | |
| 22.29 | (क) निक्षेप कर्मान्ति | 28.72 | 67.45 | (ड) अन्य अग्रिम | 72.37 |
| 4.70 | (ख) देय व्यय | 4.32 | 21.10 | (च) नगदी तथा आवधिक निक्षेप | 100.24 |
| 256.05 | (ग) अन्य दायित्व | 290.00 | | | |
| — | (घ) सरकारी आवास किराया योजना के अन्तर्गत बीज राशि | 151.65 | | | |
| 1030.98 | जोड़ | 1193.82 | 1030.98 | जोड़ | 1193.82 |

# हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड, शिमला

## 6.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय-व्यय लेखा-क्रमशः

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | व्यय | 1982-83 | 1981-82 | आय | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| | (क) मुख्यालय : | | 0.25 | 1. ब्याज | 0.17 |
| 14.34 | 1. वेतन, निवृत्ति वेतन तथा अवकाश वेतन, योगदान | 17.37 | 0.05 | 2. पटबिलेख फार्मों का विक्रय | — |
| 0.74 | 2. मुद्रण तथा लेखन सामग्री | 0.48 | | | |
| 0.16 | 3. डाक व तार | 0.02 | 14.57 | 3. विविध प्राप्तियां | 3.80 |
| 0.99 | 4. यात्रा तथा वाहन | 0.73 | 0.20 | 4. औद्योगिक प्लाटों के विकास प्रभार | — |
| 0.66 | 5. दूरभाष | 0.78 | | | |
| — | 6. अंशदायी भविष्य निधि | — | 0.54 | 5. औद्योगिक वाणिज्यिक प्लाटों का पट्टा प्रभार | 0.29 |
| 1.18 | 7. कार चालन तथा अनुरक्षण | 1.68 | | | |
| 0.06 | 8. लेखा परीक्षा शुल्क | — | 0.09 | 6. मानचित्रों/रुपयों के अनुमोदन पर विविध शुल्क | 0.07 |
| 3.09 | 9. अन्य सभी विविध व्यय | 2.00 | | | |
| | | | 0.17 | 7. आवेदन पत्रों की बिक्री | 0.37 |
| | (ख) शिमला मण्डल : | | | | |
| 6.44 | 1. वेतन, निवृत्ति वेतन तथा अवकाश वेतन योगदान | 8.32 | 0.07 | 8. अभिन्यास अभियोजना/मानचित्रों का विक्रय | 0.07 |
| 0.06 | 2. मुद्रण तथा लेखन सामग्री | 0.06 | | | |
| — | 3. डाक व तार | 0.01 | 0.55 | 9. धर्मशाला/पांवटासाहिब/सोलन मण्डल से मकान किराया | 0.20 |
| 0.17 | 4. दूरभाष | 0.12 | | | |
| 0.06 | 5. यात्रा तथा वाहन | 0.08 | 8.08 | 10. परवाणु मण्डल से जल प्रभार | 6.39 |
| 0.09 | 6. चिकित्सा व्यय | 0.08 | | | |
| 2.15 | 7. अन्य सभी विविध व्यय | 1.61 | — | 11. विश्राम गृह से किराया | 0.03 |
| (−)7.73 | 8. घटाएं–कार्यों को प्रभावित व्यय | (−)13.17 | — | 12. परवाणु से कर्मचारियों से पट किराया | 0.50 |
| | (ग) धर्मशाला मण्डल : | | | | |
| 4.30 | 1. वेतन, निवृत्ति वेतन तथा अवकाश वेतन योगदान | 5.90 | | | |
| 0.02 | 2. मुद्रण तथा लेखन सामग्री | 0.03 | — | 13. रूफटाइल्ज फैक्टरी पांवटा साहिब से विविध प्राप्तियां | 0.16 |
| 0.07 | 3. दूरभाष | 0.11 | | | |
| 0.35 | 4. यात्रा तथा वाहन | 0.41 | | | |
| 0.69 | 5. अन्य सभी विविध व्यय | 0.57 | 8.55 | 14. पांवटा फैक्टरी की विक्रय प्राप्तियां | 6.12 |
| (−)3.68 | 6. घटाएं–कार्यों को प्रभावित व्यय | (−)5.58 | 0.03 | 15. सोलन से ब्याज | 0.01 |

# हिमाचल प्रदेश आवास बोर्ड, शिमला

## 6.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय-व्यय लेखा-समाप्त

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | व्यय | 1982-83 | 1981-82 | आय | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| | (घ) परमाणु मण्डल : | | 4.60 | 16. सन्तुलन पत्र को ले जाया गया घाटा | 22.04 |
| 6.28 | 1. वेतन, निवृत्ति वेतन तथा अव-काश वेतन योगदान | 7.87 | 0.09 | 17. जल प्रभार, सोलन | 0.14 |
| | | | — | 18. हृत लेखा | 0.87 |
| 0.15 | 2. मुद्रण तथा लेखन सामग्री | 0.26 | — | 19. दण्ड ब्याज | 2.18 |
| 0.13 | 3. दूरभाष, डाक व तार | 0.12 | — | 20. इच्छित मूल्य | 0.87 |
| 0.32 | 4. यात्रा तथा वाहन | 0.22 | | | |
| 1.00 | 5. अन्य सभी विविध व्यय | 10.75 | | | |
| (−)7.77 | 6. घटाएं—कार्यों को प्रभावित व्यय | (−)10.32 | | | |
| | (ङ) सोलन मण्डल : | | | | |
| 3.04 | 1. वेतन | 4.69 | | | |
| 0.24 | 2. यात्रा तथा वेतन | 0.22 | | | |
| 0.07 | 3. मुद्रण तथा लेखन सामग्री | 0.09 | | | |
| 0.04 | 4. दूरभाष | 0.09 | | | |
| 0.39 | 5. अन्य विविध व्यय | 1.13 | | | |
| (−)3.85 | 6. घटाएं—कार्यों को प्रभावित व्यय | (−)5.29 | | | |
| | (च) रूफ टाइल्स बिक्री फैक्ट्री पांवटा साहिब : | | | | |
| 1.04 | 1. वेतन, निवृत्ति वेतन तथा अव-काश वेतन योगदान | 1.29 | | | |
| 0.01 | 2. यात्रा तथा वाहन | 0.06 | | | |
| 0.30 | 3. दूरभाष, डाक व तार | 0.26 | | | |
| 10.46 | 4. अन्य सभी विविध व्यय | 9.64 | | | |
| | (छ) अवमूल्यन | | | | |
| 0.51 | 1. मुख्यालय | 0.57 | | | |
| 0.51 | 2. शिमला मण्डल | 0.19 | | | |
| 0.42 | 3. परवाणु मण्डल | 0.55 | | | |
| 0.27 | 4. धर्मशाला मण्डल | 0.22 | | | |
| 0.02 | 5. सोलन मण्डल | 0.02 | | | |
| 0.05 | 6. बिक्री / टाईल्ज फैक्टरी पांवटा साहिब | 0.04 | | | |
| 37.84 | जोड़ | 44.28 | 37.84 | जोड़ | 44.28 |

# 7

## हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम सीमित, शिमला

हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम सीमित की स्थापना अप्रैल 1974 में इस उद्देश्य को ले कर की गई कि वनों से इमारती लकड़ी का निकास वैज्ञानिक ढ़ंग से किया जाए तथा ठेकेदारों को वनों की बिक्री की प्रणाली धीरे-धीरे समाप्त कर दी जाए। यह निगम कम्पनीज अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 25 मार्च, 1974 को 5 करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी से पंजीकृत किया गया। निगम ने एक अप्रैल, 1974 को 58 लाख रुपए की चुकाई गई पूंजी के साथ कार्य आरम्भ किया। 21 मार्च, 1983 तक निगम की चुकाई गई पूंजी 332.12 लाख रुपए है जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 250.12 लाख रुपये नकद तथा 82 लाख रुपए परिसम्पत्ति के रूप में जुटाई गई है।

उद्देश्य—वनों के कार्य का पूर्ण राष्ट्रीयकरण, वनों पर आधारित उद्योगों का विकास तथा छठी योजना के अन्त तक निजी ठेकेदारों को वनों के बेचे जाने की प्रथा को क्रमशः समाप्त करना निगम के मुख्य उद्देश्य है।

**उपलब्धियां**—निगम की उपलब्धियां संक्षेप में नीचे दी गई है।

1. **विरोजा तथा तारपीन के तेल के कारखाने**—11 000 टन क्षमता वाले नाहन तथा बिलासपुर में सरकारी वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विरोजा तथा तारपीन के तेल के दोनों कारखाने अप्रैल, 1974 से निगम के अधिकार क्षेत्र में आ गए हैं। सरकारी जंगलों के विरोजे का समस्त उत्पादन तथा निजी जंगलों के विरोजे के उत्पादन के कुछ भाग का विधायन इन दोनों कारखानों में किया जाता है। निजी क्षेत्र में भी विरोजे तथा तारपीन के पांच कारखाने कार्य कर रहे हैं। वनों से प्राप्त गन्दा विरोजा इन कारखानों को वन विभाग द्वारा निगम के माध्यम से विधायन के लिए उपलब्ध करवाया जाता है।

2. **गन्दा विरोजा च्यावन का पूर्ण राष्ट्रीयकरण**

(क) **सरकारी वन**—चील के पेडों से गन्दा विरोजा निकालने का कार्य निगम द्वारा 1975-76 से क्रमशः अपने अधिकार में लिया जा रहा था और 1978-79 तक इस कार्य का पूर्ण राष्ट्रीयकरण हो चुका था। वर्ष 1981-82 तथा 1982-83 के दौरान क्रमशः लगभग 30.65 लाख तथा 25 लाख पत्तियों का च्यावन किया गया। तेज हवाओं के कारण चील के पेडों के गिरने, अधिकार धारियों को पेड दिए जाने तथा अत्याधिक च्यवित वनों को विश्राम देने की नीति अपनाने के कारण पत्तियों की संख्या में कमी आई है।

(ख) **निजी क्षेत्र के पेड़ों का च्यावन**—हिमाचल प्रदेश विरोजा तथा विरोजा उत्पाद (व्यापार का नियमन) अध्यादेश 1981 जिस के पश्चात एक अधिनियम भी लागू किया गया था के अधीन वर्ष 1981-82 में वन निगम ने निजी वन के गन्दे विरोजे के समस्त उत्पादन को 4.25 रु० प्रति किलोग्राम की दर से सड़क के किनारे पहुंचने पर खरीद लिया। इस के अतिरिक्त 4.00 रुपये से 6.00 रुपये रुपये तक टीन की कीमत भी दी गई। वर्ष 1982-83 में वन निगम द्वारा गन्दे विरोजे का दिया जाना वाला मूल्य 5.40 रुपये प्रति किलोग्राम सरकार ने निश्चित किया है। इस के अतिरिक्त 4.00 रुपये से 6.00 रुपये तक प्रति टीन का मूल्य भी दिया जाएगा। यही दर 1983-84 के लिए भी निश्चित किए गए हैं।

(ग) **अनुसंधान**—च्यावन तकनीक में सुधार लाने तथा पेड़ों को कम से कम हानि हो, यह सुनिश्चित करने हेतु वन अनुसन्धान संस्थान देहरादून द्वारा विकसित "रिल च्यावन विधि" परीक्षण के आधार पर चालू सत्र में सरकारी वन में अपनाई जा रही है। आर्थिक तथा अन्य दृष्टिकोणों से इस का अध्ययन करने के पश्चात 1984 सत्र से इसे बड़े पैमाने पर परीक्षण के तौर पर अपनाया जाएगा ताकि पेड़ों को कम से कम हानि हो।

3. **सरकारी वन में इमारती लकडी का निस्सारण**—

(i) वन के कार्य का उत्तरोतर राष्ट्रीयकरण सुनिश्चित करने हेतु अब तक निम्नलिखित पग उठाए जा चुके हैं:-

(क) आरम्भ में कोटगढ़ वन मण्डल में वर्ष 1976-77 में एक देवदार कैल के लाट पर निगम द्वारा कार्य किया गया।

(ख) कुल्लू तथा सावड़ा में स्थित विभागीय निस्सारण मण्डल 8-6-1978 से निगम को दिए जा चुके हैं।

(ग) निचले क्षेत्रों में स्थित वन में कार्य करने हेतु निगम के नाहन वन मण्डल में साल के लाट तथा नूरपुर एव हमीरपुर वन मण्डलों में चील के वनों का कार्य वर्ष 1979-80 से आरम्भ कर दिया है। इस के अतिरिक्त निगम ने चौपाल तथा डलहौजी वन मण्डलों में ऊचे क्षेत्रों में स्थित शंकुधर वन में कार्य आरम्भ किया।

(घ) 1981-82 में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश में बिखरे रूप से वनों में कार्य करने के बजाए वन मण्डलों का राष्ट्रीयकरण आरम्भ करना चाहिए। इस प्रकार कुल्लू, सिराज, नाहन, रोहड़ु,

चौपाल, शिमला, राजगढ़, नाहन और सोलन वन मण्डलों में नये वन कार्य के लिए ले लिए गए। इस प्रकार कार्य करने से इमारती लकड़ी का निस्सारण वर्ष 1980-81 के 20,615 घन मी० की तुलना में वर्ष 1981-82 में 1,33,000 घन मी० हो गया।

(ङ) वर्ष 1982-83 के दौरान सरकार ने कोटगढ़, रेणुका, सिराज, डलहौजी एवं सुन्दरनगर वन मण्डलों का राष्ट्रीयकरण भी कर दिया। तत्पश्चात पांच अन्य मण्डलों (करसोग, मण्डी, अपर रावी, नूरपुर कांगड़ा) में शंकुधर वनों का भी राष्ट्रीयकरण किया गया। अब प्रदेश में 27 वन मण्डलों में से 19 राष्ट्रीयकृत है। वर्ष 1982-83 में 2,95,000 घन मीटर इमारती लकड़ी का निस्सारण हुआ। इसमें 83,000 घनमीटर "गेलटु" लकड़ी भी शामिल है जो के फलों की पेटियां बनाने के काम आती है।

(ii) सेब की पेटियां बनाने के कारखानों को लकड़ी की पूर्ति वर्ष 1982-83 के दौरान निगम ने गेलटू तथा डिमडिमा के लिए 83,000 घन मीटर लकड़ी का निस्सारण किया तथा 220 रुपये प्रति घन मीटर की दर से गेलटू तथा 270 रुपये प्रति घन मीटर दर से डिमडिमा कारखानों को उपलब्ध करवाई। यह पूर्ति हिमाचल सरकार के आदेशानुसार बिना लाभ हानि के आधार पर की जा रही है। प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में मोटर की सड़क पर स्थित लकड़ी की मशीनों के मालिकों की समस्त आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु निगम ने चालू वर्ष में इन गतिविधियों का प्राप्त मात्रा में प्रसार किया।

(iii) निजी भूमि से लकड़ी का निस्सारण---लकड़ी को अनाधिकृत रूप से काटने की प्रथा को दूर करने, निजी वनों से अत्याधिक लकड़ी की कटाई तथा समीपस्थ सरकारी वनों से निजी विक्रय के रूप में लकड़ी को काटने की बुराईयों को समाप्त करने के उद्देश्य से वर्ष 1982-83 में हिमाचल सरकार ने हिमाचल प्रदेश वन उत्पाद (व्यापार का नियमन) अधिनियम, 1982 लागू किया। इस अधिनियम के अधीन निजी क्षेत्रों में लकड़ी के काटने तथा बेचने पर नियत्रण हो जाएगा।

(iv) इमारती लकड़ी तथा विरोजा निस्सारण में उपयुक्त प्रक्रिया---वनों के राष्ट्रीयकरण का आधारभूत उद्देश्य निजी ठेकेदारों को पेड़ों के बेचे जाने की रीति को समाप्त करना है। इस रीति से ठेकेदार अवैध कटाई कर के, उनको सरकार द्वार बेचे गए पेडों की लकड़ी के साथ, अवैध काटी गई लकड़ी को ले जाते हैं। निगम वनों में कार्य करने हेतु यथा पेड़ों का काटना, चीरना, ढ़ोना, रोपवे तथा चाल द्वारा लकड़ी का लाना, तथा ट्रकों द्वारा सड़क पर स्थित डिपो से विक्रय डिपो तक लकड़ी को लाने में विशिष्ट मजदूरों/छोटे छोटे मजदूरों के ठेकेदारों की सेवाओं का उपयोग कर रहा है।

4. **कार्य परिणाम**--निगम की पिछले कुछ वर्षो की भौतिक तथा वित्तीय उपलब्धियां संक्षेप में नीचे दी जा रही हैं :-

| विवरण | इकाई | 1979-80 | 1980-81 | 1981-82 | 31-3-83 तक |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) विरोजा इकाई : | | | | | |
| (i) पत्तियां जो अधिकार में ली गई | लाख | 34.09 | 32.12 | 30.66 | 24.92 |
| (ii) गन्दा विरोजा जो निकाला गया | मी० टन | 7,544 | 7,754 | 6,648 | 4,909 |
| (ख) विरोजा के कारखाने : | | | | | |
| (i) शोधित विरोजा | मी० टन | 6,901 | 8,476 | 7,245 | 6,736 |
| (ii) उत्पादित विरोजा | " | 5,286 | 6,520 | 5,517 | 5,152 |
| (iii) तारपीन का तेल | लाख लीटर | 13.66 | 16.68 | 14.47 | 13.48 |
| (iv) सहायक उत्पाद (वारनिश एवं फिनाइल) | " | 2.25 | 2.92 | 3.30 | 3.32 |
| (ग) निस्सारण : | | | | | |
| (i) इमारती लकड़ी | लाख घन मी० | 0.369 | 0.206 | 1.30 | 2.14 |
| (ii) गेलटू | " | — | — | — | 0.81 |
| | योग | 0.369 | 0.206 | 1.30 | 2.95 |
| (घ) सकल विक्रय : | | | | | |
| (i) विरोजा तथा सहायक उत्पाद | लाख रुपयों में | 384.52 (60.60 तारपीन का तेल) | 528.75 | 481.33 | 586.60 |
| (ii) इमारती लकड़ी | " | 66.84 | 293.63 | 372.91 | 703.06 |
| (iii) गेलटू | " | — | — | — | 67.37 |
| कुल विक्रय | | 451.36 | 822.38 | 854.24 | 1,357.03 |

5. **उत्पादन का विक्रय**

(क) **इमारती लकड़ी**---इमारती लकड़ी के विक्रय के लिए निगम ने परवाणू कन्द्रोडी, बिलासपुर, मन्टरूवाला (पांवटा), भद्रोया, बेहडाला (ऊना) तथा यमुनानगर में हिमकाष्ठ विक्रय डिपों खोले हैं। इन डिपूओं में मासिक निलामी के द्वारा

इमारती लकड़ी बेची जाती है। मध्य प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर वन निगमों की तरह हिमाचल वन निगम भी देहली में एक विक्रय डिपो खोलने की सम्भावनाओं पर विचार कर रहा है। निगम रेलवे, रक्षा संगठनों तथा सरकारी उपक्रमों को भी पूर्व निश्चित दरों पर इमारती लकड़ी उपलब्ध करवा रहा है।

(ख) **बिरोजा (रोजिन)**—बिरोजा प्रेषण डिपो बराड़ा और कीरतपुर रेलवे स्टेशनों पर स्थित हैं। उपभोक्ताओं (पेपर, रंग, साबुन इत्यादि) को सीधे रोजिन बेचने के लिए मूल्य का निर्धारण हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मु एवं कश्मीर सरकार के निगमों द्वारा मिल कर किया जाता है। समस्त भारत में निगम के उत्पादों को बेचने के लिए तथा अधिकाधिक बिक्री के लिए निगम ने विभिन्न राज्यों में वर्ष 1982-83 में 14 एजेन्ट नियुक्त किए।

(ग) **तारपीन का तेल**—हिमाचल राज्य में स्थित टरपीन के दो कारखानों (मै० टरपीन इन्डसट्रीज प्राईवेट लि०, महतपुर तथा मै० हिमाचल टरपीन प्रोडक्टस प्राइवेट लि०, काला अम्ब) को निगम के दोनों कारखानों में उत्पादित समस्त तारपीन के तेल की पूर्ति पूर्व निश्चित दरों पर की जाती है। अब हिमाचल टरपीन प्रोडक्टस, प्राईवेट लि० काला अम्ब के साथ किया गया समझौता की कालावधि समाप्त हो चुकी है। इस फर्म के साथ नया समझौता करने के लिए बातचीत चल रही है।

(घ) **सहायक उत्पादन**—नाहन में स्थित कारखाना उच्च कोटि के फीनाईल तथा वारनिश का उत्पादन करता है। इन उत्पादों की निजी क्रेताओं और हिमाचल, पंजाब एवं हरियाणा सरकार के विभागों में बहुत मांग है।

(ङ) **निर्यात निष्पादन**—निगम ने विभिन्न विकसित एवं विकासशील देशों यथा पूर्वी जर्मनी, अमेरिका इटली, कीनिया, इंगलैंड, सिंगापुर ताईवान, आस्ट्रेलिया तथा पाकिस्तान को रोजिन का निर्यात किया तथा 31-3-1981 तक 132.22 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा कमाई। देश की मण्डियों में रोजिन का आधिकय घटाने तथा देश व विदेश में रोजिन की मण्डियां स्थिर रुप में बनाये रखने के उद्देश्य से वर्ष 1982-83 में निगम ने 17 लाख रुपये मुल्य का बिरोजा रोमानिया को निर्यात किया।

6. **वनों पर आधारित उद्योग**—निगम चील की पत्तियों पर आधारित तीन मीट्रिक टन प्रति दिन क्षमता वाला रेशे के बोर्ड बनाने का कारखाना पालमपुर उपमण्डल में स्थापित करने जा रहा है। इनके निर्माण से फर और सप्रूस की लकड़ी पर सेब की पेटिया बनाने के कारण पड़ने वाला बोझ कम किया जा सकेगा। यह परियोजना भारत जर्मन धोलाधार परियोजना की वित्तीय सहायता से चलाई जा रही है तथा क्षेत्रीय अन्वेशन प्रयोगशाला जम्मु द्वारा विकसित तकनीक पर आधारित है। कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए तथा वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्ति की व्यवस्था करने के लिए एक अलग सहाय (हिमाचल प्रदेश स्टेट फ्रूट पैकिंग केसिज प्राईवेट लि०) नामक एक परियोजना 25 लाख रुपये अधिकृत पूंजी से स्थापित की गई है। इस परियोजना के सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर तथा इसके उत्पाद को सेब उत्पादकों द्वारा स्वीकार किये जाने पर इसी प्रकार की अन्य इकाईयां प्रदेश के चील के वनों के क्षेत्र में स्थापित की जाएगी जिससे सेबों के बाक्स बनाने के लिए इमारती लकड़ी की मांग और घटाई जा सके।

7. **लाभ**—वर्ष 1974-75 में निगम ने 1.48 लाख रुपये का लाभ (कर से पहले) कमाया। उसके बाद 1977-78 तक निगम की कुल 96.91 लाख रुपये की हानि हुई। वर्ष 1978-79 से निगम को पुनः लाभ हुआ है तथा इससे पिछली हानि को पूरा किया जा सका है वर्ष 1974-75 से 1982-83 तक का लाभ / हानि नीचे दिया गया है:-

| वर्ष | सकल विक्रय (लाख रुपयों में) | कर से पूर्व लाभ हानि (लाख रुपयों में) | |
|---|---|---|---|
| 1974-75 | 254.38 | (+) 1.48 | |
| 1975-76 | 203.06 | (—) 29.01 | |
| 1976-77 | 350.84 | (—) 52.63 | |
| 1977-78 | 315.51 | (—) 15.27 | |
| 1978-79 | 307.21 | (+) 25.00 | |
| 1979-80 | 444.01 | (+) 50.00 | अंकेक्षण अधीन |
| 1980-81 | 841.12 | (+) 60.00 | |
| 1981-82 | 974.70 | (+) 30.00 | अनन्तिम |
| 1982-83 | 1285.10 | (+) 15.00 | |

8. **पूर्ण राष्ट्रीयकरण**—1983-84 के बाद वनों का समस्त कार्य हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम सीमित द्वारा किया जायेगा। इसके लिए काफी जनशक्ति एवं धन जुटाने की आवश्यकता होगी अतिरिक्त कार्य करने के लिए नये निदेशालय एवं मण्डल खोलने पड़ेगें। धन की आवश्यकता को प्राप्त करने हेतु एन० ए० बी० ए० आर० डी० से 20 करोड़ रुपए का ऋण लेने के प्रस्ताव पर वार्तालाप जारी है। आरम्भ में वर्तमान विक्रय डिपूओं में लकड़ी बेचने के कार्य का आयोजन करने हेतु एक अलग निदेशालय स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह निदेशालय रेलवे, डी० जी० एस० डी०, अन्य सरकारी विभागों तथा रक्षा उद्योगों को लकड़ी की पूर्ति करने के कार्य को करेगा। वर्तमान दो क्षेत्रीय निदेशालय क्षेत्र में लकड़ी निस्सारण के कार्य की गहन रूप से देख-रेख करेंगे।

31 मार्च, 1980 का सन्तुलन पत्र तथा वर्ष 1979-80 का लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका 7.1 तथा 7.2 में दिए गए हैं।

# हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम सीमित, शिमला

## 7.1—31 मार्च, 1980 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 31 मार्च, 1980 को | 31 मार्च, 1979 को |
|---|---|---|
| I. निधि के स्त्रोतः | | |
| 1. अंश पूंजी | 279.95 | 279.95 |
| 2. अप्रतिभूत ऋण | 0.47 | — |
| कुल | 280.42 | 279.95 |
| II. निधि का प्रयोग : | | |
| 1. स्थिर सम्पदा | | |
| (क) सकल ब्लाक | 100.48 | 89.27 |
| (ख) घटाएं—अवमूल्यन | 34.68 | 25.61 |
| शुद्ध | 65.80 | 63.66 |
| 2. निवेश | 0.05 | 0.05 |
| 3. (क) वर्तमान सम्पदा, ऋण एवं अग्रिम | 1081.86 | 809.60 |
| (ख) घटाएं—वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान | 878.95 | 665.59 |
| (ग) शुद्ध वर्तमान सम्पदा | 202.91 | 144.01 |
| 4. विविध व्यय | 11.66 | 72.23 |
| जोड़ | 280.42 | 279.95 |

## 7.2—वर्ष 1979-80 का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 1979-80 | 1978-79 |
|---|---|---|
| I. आयः | | |
| 1. विक्रय (प्राप्तियों से शुद्ध) | 371.88 | 296.38 |
| 2. साहाय्य (तारपीन का तेल) | 57.72 | 16.10 |
| 3. अन्य आय | 28.50 | 23.52 |
| कुल | 458.10 | 336.00 |
| II. व्यय : | | |
| 1. सामग्री, निर्माण एवं अन्य खर्च | 327.62 | 307.43 |
| 2. अवमूल्यन | 4.74 | 3.57 |
| 3. हिमाचल सरकार को ब्याज | 60.00 | — |
| कुल | 392.36 | 311.00 |
| कर से पहले लाभ | 65.74 | 25.00 |
| कर के लिए प्रावधान | 5.25 | — |
| सन्तुलन पत्र को ले जाया गया शेष | 60.49 | 25.00 |

# हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, शिमला

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की स्थापना विद्युत पूर्ति अधिनियम, 1948 की धारा 5 (1) के अधीन हुई थी तथा इसने अपना कार्य पहली सितम्बर, 1971 से करना आरम्भ कर दिया था । बोर्ड के मुख्य उद्देश्य हैं –(क) विद्युत उत्पादन (ख) विद्युत प्रेषण एवं वितरण तथा (ग) अन्वेषण योजना तथा विद्युत परियोजनाओं का चलाना ।

बोर्ड की पूंजी के मुख्य स्त्रोत हैं – प्रदेश सरकार के योजना ऋण, निवेशक जैसे जीवन बीमा निगम, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम, खुले बाजार में बन्धपत्रों को जारी करके, प्राप्त ऋण एवं उपभोक्ताओं से प्राप्त जमा राशि इत्यादि ।

हिमाचल प्रदेश को अपार जल विद्युत उत्पादन क्षमता का प्राकृतिक वरदान प्राप्त है क्योंकि चनाव, रावी, व्यास, सतुलज तथा यमुना पांचों मुख्य नदियां जिनकी उत्पत्ति पश्चिमी हिमालय से होती है, हिमाचल प्रदेश से होती हुई बहती हैं । बर्फानी क्षेत्रों से निकलने वाली ये तथा इनकी सहायक नदियां सारा वर्ष बहती हैं तथा अपने पहाड़ी क्षेत्रों में ऊंचे स्थानों से गिरती हैं । प्रारंभिक जल विज्ञान, तलरूप तथा भौमिकीय अन्वेषण के अनुसार इन पांचों नदी क्षेत्रों से 12,345 मैगावाट बिजली की उत्पादन क्षमता आंकी गई है जिसमें से 3,307.5 मैगावाट पहले ही तैयार की जा चुकी हैं जिसमें से 126.52 मैगावाट क्षमता के प्रोजैक्ट हिमाचल प्रदेश के अधीन हैं ।

प्रदेश की शेष उत्पादन क्षमता के विदोहन का भार मुख्यतः हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पर है । इसकी स्थापना वर्ष 1971 में हुई तथा तब से प्रदेश में बिजली उत्पादन के लिए गहन कार्यक्रम तैयार किए हैं । ऊर्जा के अत्याधिक प्रयोग के लिए हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड ने साथ-साथ विद्युत प्रेषण एवं वितरण, ग्रामीण विद्युतीकरण तथा पम्प सैटों के ऊर्जायन का कार्य भी चालू किया हुआ है ।

### 1. चालू परियोजनाएं

इस समय विद्युत उत्पादन के चार प्रोजैक्ट-संजय जल विद्युत परियोजना (भावा) 120 मैगावाट, आन्ध्रा परियोजना (15 मैगावाट) बिनवा विद्युत परियोजना (6 मै० वा०) तथा रौंग-टौंग विद्युत परियोजना (2 मै० वा०) जारी हैं । इनके पूर्ण हो जाने पर 562 मि० यू० वार्षिक उत्पादन होगा, जिससे हिमाचल प्रदेश की बढ़ती हुई ऊर्जा की आवश्यकता को पूर्ण करने में तथा कुछ सीमा तक पड़ौसी राज्यों को विद्युत देने में मदद मिलेगी । ये चारों प्रोजैक्ट वर्ष 1986-87 तक पूर्ण हो जाएंगे ।

इन प्रोजैक्टों का मुख्य विवरण निम्नलिखित है :—

**(क) संजय जल विद्युत परियोजना (भावा) (120 मै० वा०)**

यह परियोजना किन्नौर जिले में सतलुज नदी की सहायक भावा खड्ड पर स्थित है । इस परियोजना की अनुमानित लागत 125.62 करोड़ रुपए है । इस परियोजना की उत्पादन क्षमता 120 मै० वा० है तथा इससे 435 मि० यू० वार्षिक बिजली उत्पन्न होगी । इस प्रोजैक्ट को वर्ष 1986-87 में चालू करने का लक्ष्य है ।

**(ख) आन्ध्रा विद्युत परियोजना (15 मै० वा०)**

यह प्रोजैक्ट शिमला जिला की रोहड़ू तहसील में आन्ध्रा खड्ड पर स्थित है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 15 मै० वा० है । इसकी अनुमानित लागत 25.40 करोड़ रुपए हैं । यह प्रोजैक्ट 89 मि० यू० वार्षिक बिजली का उत्पादन करेगा । इस परियोजना पर कार्य वर्ष 1978-79 में आरम्भ किया गया तथा इसे वर्ष 1985-86 में चालू करने का लक्ष्य है ।

**(ग) बिनवा विद्युत परियोजना (6 मै० वा०)**

यह प्रोजैक्ट कांगड़ा जिले में व्यास नदी की सहायक बिनवा खड्ड पर स्थित है । इस प्रोजैक्ट की उत्पादन क्षमता 6 मै० वा० है तथा यह 29 मि० यू० वार्षिक बिजली का उत्पादन करेगा । इस परियोजना की अनुमानित लागत 11.76 करोड़ रुपए है । इस परियोजना पर कार्य वर्ष 1977-78 में आरम्भ किया गया तथा इसके मार्च, 1984 में पूर्ण होने की आशा है ।

**(घ) रौंग-टौंग विद्युत परियोजना (2 मै० वा०)**

यह परियोजना हिमाचल प्रदेश के जन जातीय जिला लाहौल स्पिति में स्थित है । यह प्रोजैक्ट पूर्ण हो जाने पर जिले की स्पिति घाटी को बिजली प्रदान करेगा । इस परियोजना की अनुमानित लागत 10.01 करोड़ रुपए है । 2 मै० वा० क्षमता का यह प्रोजैक्ट 9 मि० यू० वार्षिक बिजली प्रदान करेगा । इस प्रोजैक्ट का कार्य वर्ष 1977-78 में आरम्भ किया गया तथा इसे वर्ष 1985-86 में चालू करने का लक्ष्य है ।

उपरोक्त चार परियोजनाओं के अतिरिक्त 720 लाख रुपए की लागत का बनेर (6 मै० वा०), 12,86 लाख रुपए की लागत का गज (10.5 मै० वा०), 434 लाख रुपए की लागत का थिरोट (8 मै० वा०) तथा 42,68

लाख रुपए लागत की चम्बा आवर्धन योजना (250 कि० वा०) चार अन्य प्रोजैक्टों को भी हाथ में लिया गया है ।

2. **लघु परियोजनाएं**— नए बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत अब न केवल बड़ी परियोजनाओं के विकास की ओर ही ध्यान दिया जा रहा है अपितु लघु परियोजनाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है । जैसा कि ऊपर दर्शाया गया है वर्ष 1982-83 के दौरान गज, बनेर तथा थिरोट नामक परियोजनायें हाथ में ले ली गई हैं । चम्बा आवर्धन योजना (250 कि० वा०) भी इसी वर्ष के दौरान हाथ में ले ली गई है ।

इसके अतिरिक्त और भी अन्य लघु परियोजनाओं का पता चला है जिन पर अन्वेषण परियोजनाओं की स्वीकृति तथा धन की उपलब्धि पर कार्य आरम्भ किया जाएगा। जिन परियोजनाओं की प्रतिवेदना केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को भेजी गई है वे निम्नलिखित हैं:—

| | |
|---|---|
| 1. खौली | 10.5 मै० वा० |
| 2. साल-I | 8.5 मै० वा० |
| 3. साल-II | 2.25 मै० वा० |
| 4. पांगी | 3 मै० वा० |
| 5. गनवी | 15 मै० वा० |
| 6. शोल्डींग | 15 मै० वा० |
| 7. सरवाड़ी | 10.5 मै० वा० |
| 8. नौटी | 4 मै० वा० |
| 9. मीनसं | 7.5 मै० वा० |

इसके अतिरिक्त होली (4.5 मै० वा०) तथा न्योगल (4.5 मै० वा०) की प्रोजैक्ट प्रतिवेदनायें केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा विचाराधीन है । इस प्रकार हिमाचल प्रदेश में लघु परियोजनाओं को आरम्भ करने तथा नए प्रोजैक्ट का पता करने के लिए एक संगठित कार्यक्रम है । इसके अतिरिक्त वर्ष 1995 तक 5,300 मै० वा० विद्युत उत्पादन के लिए जिस पर 5,000 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है एक दीर्घ अवधि योजना तैयार की गई है ।

इस योजना में निम्नलिखित परियोजनायें सम्मिलित हैं:—

| | |
|---|---|
| 1. नायपा झाखड़ी | 1020 मै० वा० |
| 2. कोल डैम | 600 मै० वा० |
| 3. बास्पा | 400 मै० वा० |
| 4. चमेरा-II | 240 मै० वा० |
| 5. पार्वती | 1900 मै० वा० |
| 6. कर्चम वांगटू | 600 मै० वा० |
| 7. लारजी | 120 मै० वा० |
| 8. ग्यास्पा | 240 मै० वा० |
| 9. बस्सी स्टेज-III | 68.4 मै० वा० |
| 10. धनवाड़ी मुन्दा | 60 मै० वा० |
| 11. अलैन | 48 मै० वा० |
| जोड़ | 5300 मै० वा० (लगभग) |

हिमाचल प्रदेश का लघु विद्युत परियोजनाओं पर निर्माण कार्य स्वयं आरम्भ करने का प्रस्ताव है तथा बड़ी परियोजनाओं पर आपसी सहयोग से कार्य करने पर पड़ौसी राज्यों में वार्तालाप जारी है ।

वर्ष 1983-84 के 592 मि० यू० उत्पादन की क्षमता के मुकाबले में दिसम्बर 1983 तक 517.92 मि० यू० बिजली का उत्पादन किया जा चुका है ।

3. **प्रेषण एवं वितरण**—हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड ने बिजली की लाइनें विछाने एवं उप स्टेशन बनाने के लिए कार्यक्रम तैयार किया है ताकि वह भाखड़ा बोर्ड से प्राप्त बिजली, राष्ट्रीय जल विद्युत निगम से प्राप्त राज्य के भाग एवं अपने बिजली घरों में संचित विद्युत का प्रेषण कर सके । राज्य के परिणाह में विकसित हो रहे औद्योगिक केन्द्रों को बिजली पहुचाने के लिए प्रेषण लाइनों को बिछाने में प्राथमिकता दी जा रही है ।

वर्ष 1983-84 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रेषण लाइनों/उपस्टेशनों पर कार्य प्रगति पर रहा :—

(क) जसूर में 220 के वी० उपकेन्द्र का जसूर से बथेड़ी तक 132 के०वी० लाईन के साथ निर्माण ।

(ख) सोलन एवं गिरी में 132 के०वी० लाईन एवं उपकेन्द्रों का निर्माण।

(ग) गगल में 132 के०वी० उप स्टेशन का डैहर से हमीरपुर तक प्रेषण लाईन के साथ निर्माण।

(घ) 132 के०वी० उप स्टेशन पांवटा, 132 के०वी० गिरी-पांवटा लाईन के सहित ।

(ङ) 66 के०वी० जतोग भावा लाइन, 66 के०वी० उपस्टेशन गुम्मा एवं सुंगरा सहित।

(च) 66 के०वी० भाखड़ा से रकड़ (ऊना) प्रेषण लाईन

बोर्ड की उपलब्धियां निम्न हैं:—

(क) 132 के०वी० गिरी से सोलन तक की प्रेषण लाईन पर 12-12-83 को सफलता पूर्वक विद्युत का संचार कर दिया गया और गिरी बिजली घर से सोलन क्षेत्र को बिजली पहुंचाई जा रही है।

(ख) 132 के०वी० गगल, पर विद्युत का संचार कर दिया गया और 3.7.83 को सिमेंट फक्टरी को बिजली दे दी गई ।

(ग) गुम्मा उप केन्द्र में 18 एम०वी०ए०, 66 के०वी० बैंक को चालू कर दिया गया और 66 के० वी० गुम्मा से सुंगरा लाईन बिछाने का कार्य समाप्त कर दिया गया तथा 22 के०वी० पर विद्युत का संचार किया गया ।

(घ) रोहतांग से आगे 33 के०वी० लाईन में से 11 के० वी० लाईन पर विद्युत का संचार कर दिया गया । यह बोर्ड की एक अनुपम उपलब्धि है ।

हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड ने प्रेषण तथा वितरण के घाटे को कम करने के लिए विभिन्न पग उठाए हैं । इसमें ऊर्जा मीटर को मुहरबंद करना, खराब मीटरों को बदलना, औद्योगिक / कृषि उपभोगताओं के पावर फैक्टर का निरीक्षण, सर्कल/फीडर-वार लाईनों के घाटे को मौनिटर करना, 33/11 के० वी० ग्रिडजस/स्टेश्नों के कार्य को तेजी से पूर्ण करना, तथा बिजली के कनेक्शनों का उड़नदस्तों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण करना सम्मिलित है । वर्ष 1982-83 में प्रेषण तथा वितरण के घाटे को 17.5 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य था, जो लगभग पूरा कर लिया गया है ।

विद्युत प्रेषण एवं वितरण परियोजनाओं के लिए वर्ष 1984-85 के अन्तर्गत निम्न लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं:—

(क) 220 के०वी० जसूर उप स्टेशन को पूरा कर दिया जाएगा ताकि बैरास्यूल प्रौजेक्ट की बिजली का उपयोग किया जा सके। इससे जिला कांगड़ा की नूरपुर तहसील में विद्युत की आपूर्ति में सुधार होगा।

(ख) 132 के०वी० जसूर-बथेरी लाईन पर प्रर्याप्त कार्य किया जाएगा।

(ग) 66 के० वी० भाखड़ा से रकड़ (ऊना) लाईन पूरी कर दी जाएगी। 66 के०वी० रकड़ उप-स्टेशन चालू कर दिया जाएगा ताकि जिला ऊना में विद्युत स्थिति में सुधार हो सके।

(घ) 132 के०वी० सोलन शिमला लाईन के सभी मुख्य कार्य पूरे कर दिए जाएंगे।

(ङ) 132 के०वी० गगल उपकेन्द्र में 33 के०वी० स्विच यार्ड को चालू कर दिया जाएगा जिससे मण्डी और बिलासपुर लाईन में हो रही विद्युत हानि कम हो सके।

(च) गिरी प्रौजेक्ट और यमुना बिजली घर, उत्तर प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त बिजली के अधिक संचार के लिए 132 के० वी० सोलन उपकेन्द्र में 66 के०वी० बैंक को चालू कर दिया जाएगा।

(छ) प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग जो 1982-83 में 76 यूनिट थी, वर्ष 1983-84 में 90 यूनिट से भी अधिक होने की आशा है। अखिल भारतीय स्तर पर प्रति व्यक्ति उपभोग (1981-82) 140.65 यूनिट है।

**4. ग्रामीण विद्युतीकरण**—हिमाचल प्रदेश में कुल 16,916 बसे हुए गांवों में से 12,794 गांवों में मार्च, 1983 के अन्त तक बिजली पहुंचाई जा चुकी थी दूसरे शब्दों में 75.63 प्रतिशत गांवों या 82.8 प्रतिशत कुल ग्रामीण जनसंख्या को बिजली पहुंचाई जा चुकी है । जनवरी, 1984 के अन्त तक 13,519 गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है, जिससे 79.2 प्रतिशत गांवों को बिजली प्राप्त करवाई जा चुकी है । वर्ष 1983-84 के 100 पम्प सेटों के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, 1983 के अन्त तक 122 पम्प सेटों का उर्जयन किया जा चुका था ।

**5. हरिजन घरों का विद्युतीकरण**—बोर्ड ने प्रदेश में 512 लाख रुपये की लागत से 27,000 हरिजन घरों के विद्युतीकरण की योजना सरकार को सहाय अनुदान देने हेतु प्रस्तुत की है। वर्ष 1980-81 में 2,000 घरों के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए और 2,268 घरों को बिजली दी गई । वर्ष 1981-82 में 5,000 घरों के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 5,147 घरों में और 1982-83 में 5,500 घरों के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 5,980 घरों को बिजली दी गई । वर्ष 1983-84 में 3,200 घरों को बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है और दिसम्बर 1983 तक 4,487 घर विद्युतीकरण किये जा चुके थे।

31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र एवं 1982-83 का समेकित राजस्व लेखा क्रमशः तालिका 8.1 और 8.2 में दर्शाया गया है।

# हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, शिमला

## 8.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | संपदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. पूंजी दायित्व : | | | 1. स्थिर संपदा : | |
| 10,393.38 | (क) राज्य सरकार से ऋण | 11,562.38 | 8,118.60 | (क) स्थिर संपदा पर किया गया पूंजी व्यय | 8,160.27 |
| 5,478.66 | (ख) अन्य संस्थानों से ऋण | 7,516.29 | (—)5.79 | (ख) पुराने एवं निकम्मी संपदाओं की उपलेखित लागत | (—)7.76 |
| | 2. आरक्षित एवं अधिशेष : | | | | |
| — | (क) सामान्य आरक्षिति | — | 736.92 | (ग) घटाएं : अवमूल्यन | 752.45 |
| 675.51 | (ख) पूंजी आरक्षिति | 854.97 | 8,685.20 | (घ) प्रगति पर पूंजी कार्य | 12,354.64 |
| 39.83 | (ग) उपभोक्ता अंशदान | 46.77 | 417.80 | 2. निवेश | 560.44 |
| — | (घ) अन्य आरक्षिति | — | | 3. वर्तमान संपदा : | |
| | 3. वर्तमान एवं अन्य दायित्व : | | | | |
| 2,994.69 | (क) विविध लेनदार | 3,756.79 | 519.73 | (क) अन्य परिचालन भंडार | 537.99 |
| 162.20 | (ख) बोर्ड की स्थापना से पहले दायित्व | 162.13 | 603.72 | (ख) पूंजी भंडार | 589.73 |
| 784.90 | (ग) अन्य विविध दायित्व | 1,096.60 | 541.43 | (ग) ऋण एवं अग्रिम | 648.55 |
| | | | 1,200.36 | (घ) विविध देनदार (संदिग्ध एवं अशोध्य ऋण का प्रावधान घटा कर) | 1,611.63 |
| | 4. प्रावधान : | | | | |
| — | (क) देय आय कर के लिए | — | | | |
| — | (ख) अंशपूंजी पर लाभांश | — | 1,274.48 | (ङ) अन्य प्राप्य | 1,617.94 |
| 610.42 | (ग) अन्य प्रावधान | 826.26 | (—)472.87 | (च) नकदी एवं बैंक शेष | (—)207.86 |
| | | | 993.86 | 4. विविध व्यय | 709.07 |
| 21,139.59 | जोड़ | 25,822.19 | 21,139.59 | जोड़ | 25,822.19 |

# हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड, शिमला

## 8.2—31 मार्च, 1983को समाप्त होने वाले वर्ष का राजस्व लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| 16.09 | 1. उत्पत्ति एवं परिचालन केन्द्रों पर व्यय | 0.44 | 1761.58 | 1. विद्युत विक्रय | 2376.15 |
| 87.07 | 2. उत्पादन पर आबकारी शुल्क | 117.16 | 91.68 | 2. उपभोक्ताओं से विविध राजस्व | 120.05 |
| — | 3. ईंधन लागत | — | 4.55 | 3. वाणिज्य से राजस्व | 27.94 |
| 269.54 | 4. विद्युत क्रय | 386.13 | 34.57 | 4. ऋणों एवं निवेश पर ब्याज | 55.20 |
| 531.01 | 5. वेतन एवं भत्ते | 657.08 | 33.37 | 5. विविध प्राप्तियां | 61.02 |
| 275.97 | 6. मुरम्मत एवं अनुरक्षण | 353.26 | | | |
| 421.68 | 7. सामान्य प्रशासन व्यय | 517.99 | | | |
| — | 8. अवमूल्यन | — | | | |
| 324.39 | 9. पूंजी की पूर्ति गत वर्ष में चालन एवं अनुरक्षण पर किए गए व्यय में कमी के कारण | 608.30 | | | |
| — | 10. राजस्व एवं विनियोजन लेखे को ले जाया गया शुद्ध अधिशेष | — | | | |
| 1925.75 | जोड़ | 2640.36 | 1925.75 | जोड़ | 2640.36 |

शुद्ध राजस्व एवं विनियोजन लेखा

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| 490.68 | 1. गत वर्ष के लेखे से लाई गई हानि (608.30 लाख रुपये की पूर्ति के पश्चात्) | 261.81 | — | 1. राजस्व लेखे से लाया गया शुद्ध अधिशेष | — |
| 379.43 | 2. राजकीय ऋणों से अतिरिक्त ऋणों/बंधपत्रों इत्यादि पर ब्याज | 520.31 | — | 2. राज्य सरकार से अर्थ साहाय्य | 226.00 |
| | | | 870.11 | 3. अगले लेखे में ले जाई गई हानि | 556.12 |
| 870.11 | जोड़ | 782.12 | 870.11 | जोड़ | 782.12 |

# नाहन फाउंड्री सीमित, नाहन

नाहन फाउंड्री की स्थापना सन् 1875 में तत्कालीन सिरमौर रियासत के महाराजा ने की थी। आरम्भ में फाउंड्री तोलने के बाट बनाने के लिये प्रसिद्ध थी। तत्पश्चात् इसने बैलों तथा विद्युत से चलाएं जाने वाले गन्ने के बेलन (केनक्रशर) बनाने में विशेषता प्राप्त कर ली। इसके अतिरिक्त फाउंड्री में कृषि यन्त्र, विद्युत मोटरें, मोनो ब्लाक पम्पिंग सैट, मैनहोल कवर, सी० आई० सॉयल पाइप, जी० आई० ड्रम्ज, व्हील बैरोज, हाईड्रेंट पोस्टस इत्यादि भी बनाए जाते हैं। 15 अप्रैल, 1948 को सिरमौर रियायत के हिमाचल प्रदेश में विलय होने पर भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि फाउंड्री पर भारत सरकार एवं महाराजा का 50:50 के अनुपात से स्वामित्व होगा। मार्च, 1952 में महाराजा का भाग भी भारत सरकार ने खरीद लिया। 25 अक्तूबर, 1952 को नाहन फाउंड्री सीमित की स्थापना कम्पनीज एक्ट के अधीन की गई। सितम्बर, 1964 में एक समझौते के आधार पर भारत सरकार द्वारा इस फाउंड्री का प्रशासनिक नियन्त्रण हिमाचल प्रदेश सरकार को दे दिया गया।

25 जनवरी, 1971 को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर फाउंड्री पूर्णतया हिमाचल प्रदेश सरकार की सम्पत्ति बन गई तथा अब इसका संचालन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त एक निदेशक मण्डल के द्वारा किया जाता है।

1. पूंजी —इस कम्पनी की अधिकृत पूंजी 3.00 करोड़ रुपये है जो कि एक-एक हजार रुपये के 30,000 साम्य अंशों में विभाजित है। 31 मार्च, 1983 में कम्पनी की चुकाई गई पूंजी 216.50 लाख रुपए थी जोकि एक-एक हजार रुपए के 21,650 साम्य अंशो में विभक्त है।

2. कार्य परिणाम —लेखा परीक्षा के अधीन रहते हुए 1981-82 की 12.70 लाख रुपए की शुद्ध हानि की तुलना में वर्ष 1982-83 में 36.87 लाख रुपए की शुद्ध हानि होने की सम्भावना है। यह हानि 1982-83 में 10.66 लाख रुपए अवमूल्यन तथा 15.21 लाख रुपए ब्याज के प्रावधान के पश्चात् गत वर्ष की तुलना में 11.03 लाख रुपए अवमूल्यन तथा 14.63 लाख रुपए ब्याज के प्रावधान के पश्चात् हुई है। फाउंड्री की संचित हानि वर्ष 1981-82 की 146.50 लाख रुपए की तुलना में इस वर्ष 183.06 लाख रुपए हो गई है। गत तीन वर्षों में इस कम्पनी द्वारा निर्मित कुछ मुख्य वस्तुओं के आंकड़े निम्न हैं:—

| मद | संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | 1980-81 | 1981-82 | 1982-83 |
| 1. गन्ने के बेलन (बैलों से चलाए जाने वाले) | 901 | 1,881 | 1,399 |
| 2. गन्ने के बेलन (विद्युत द्वारा चलाए जाने वाले)] | 222 | 176 | 108 |
| 3. जूस उबालने के पात्र | 59 | 50 | — |
| 4. विद्युत मोटरें | 507 | 332 | 235 |
| 5. मोनो ब्लाक तथा सैंट्री फ्यूगल पम्पस | 837 | 418 | 89 |
| 6. व्हील बैरोज | 386 | 285 | 184 |
| 7. सी०आई० सांयल पाइप | 2,021 | 763 | 794 |
| 8. हाईड्रैंट पोस्टस | 2,292 | 1,447 | 85 |
| 9. मैनहोल कवरज | 367 | 342 | 386 |

वर्ष 1981-82 में 1409 टन लोहे के ढलान की तुलना में 1982-83 में 1032 टन लोहा ढाला गया। वर्ष 1981-82 के 116.56 लाख रुपए के उत्पादन मूल्य की तुलना में वर्ष 1982-83 में 92.74 लाख रुपए के मूल्य का उत्पादन हुआ। दिसम्बर के अन्त तक फाउंड्री का उत्पादन स्तर एक करोड़ रुपए का हो गया था तथा बिक्री 80 लाख रुपए की थी। इस गति से वर्ष 1983-84 में फाउंड्री घाटे को कम करने में समर्थ हो जाएगी। फाउंड्री ने राजस्थान सरकार के साथ मध्यम रेंज के पावर मोटर बेचने का समझौता किया है।

3. अवक्रय—गन्ना बेलने तथा जूस उबालने वाले पात्रों के अवक्रय से वर्ष 1981-82 में 41.54 लाख रुपए की आय की तुलना में इस वर्ष 29.05 लाख रुपए की आय हुई।

4. विक्रय —इस वर्ष विक्रय से 68.04 लाख रुपए की आय हुई जबकि वर्ष 1981-82 में यह आय 85.20 लाख

रुपए थी। गत तीन वर्षों में विक्रय का मदवार विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है :—

| मद | 1980-81 | | 1981-82 | | 1982-83 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मात्रा (संख्या) | मूल्य (लाख रुपयों में) | मात्रा (संख्या) | मूल्य (लाख रुपयों में) | मात्रा (संख्या) | मूल्य (लाख रुपयों में) |
| 1. गन्ना बेलन | 1495 | 24.45 | 2162 | 51.34 | 1206 | 33.35 |
| 2. अतिरिक्त पुर्जे | — | 5.25 | — | 5.28 | — | 3.51 |
| 3. विविध मदें एवं संविदा सेवाएं | — | 14.96 | — | 17.56 | — | 19.98 |
| 4. विद्युत मोटरें | 452 | 9.43 | 261 | 6.05 | 336 | 6.84 |
| 5. मोनो ब्लाक तथा सैंट्री फ्यूगल पम्पस | 621 | 8.70 | 223 | 4.97 | 272 | 4.36 |
| जोड़ | | 62.79 | | 85.20 | | 68.04 |

5. **रोजगार**—31 मार्च, 1983 को फाउंड्री में 674 स्थायी कर्मचारी कार्यरत थे। इस वर्ष भी प्रबंधकों एवं मजदूरों के संबंध सद्भावनापूर्ण रहे।

6. **कर्मचारी कल्याण**—फाउंड्री ने अपने कर्मचारियों को एक औषधालय, जिसमें एक प्रशिक्षित चिकित्सक कार्यरत है का प्रावधान किया है। जो कर्मचारी सख्त कार्य तथा बड़ी-बड़ी मशीनों पर कार्यरत हैं उनको फाउंड्री सुरक्षात्मक उपायों के अधीन एप्रन, सुरक्षात्मक जूते तथा वर्दियां प्रदान करती है। फाउंड्री योग्य पात्र कर्मचारियों के बच्चों को वृत्तिका, सख्त काम करने वाले कर्मचारियों को दूध तथा विपत्ति में वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। फाउंड्री कर्मचारी सहकारी समिति चलाने में भी सहायता करती है। इसके सभी कर्मचारी भविष्य निधि सहायता के अन्तर्गत लाए गए हैं।

31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र, लाभ-हानि लेखा तथा उत्पादन एवं विक्रय व्यापार लेखा वर्ष 1982-83 का क्रमश: तालिका 9.1 से 9.3 में दिया गया है।

## नाहन फाउंड्री सीमित, नाहन

### 9.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-1983 को | 31-3-82 को | संपदा | 31-3-1983 को |
|---|---|---|---|---|---|
| 211.50 | 1. अंश पूंजी | 216.50 | 16.67 | 1. स्थिर संपदा | 17.63 |
| 60.04 | 2. प्रतिभूत ऋण | — | 0.08 | 2. प्रगति पर पूंजी कार्य | 0.08 |
| 14.00 | 3. अप्रतिभूत ऋण | 97.26 | 0.30 | 3. निवेश | 0.30 |
| 53.06 | 4. चालू दायित्व तथा प्रावधान | 54.35 | | 4. वर्तमान संपदा : | |
| | | | 81.22 | (क) तालिका गत सामान | 86.82 |
| | | | 36.70 | (ख) देनदार | 26.87 |
| | | | 9.62 | (ग) नकद एवं बैंक जमा | 11.25 |
| | | | 34.89 | (घ) अन्य वर्तमान संपदा | 30.27 |
| | | | 9.89 | 5. ऋण एवं अग्रिम | 11.63 |
| | | | 149.23 | 6. विविध व्यय | 183.06 |
| 338.60 | जोड़ | 368.11 | 338.60 | जोड़ | 368.11 |

## नाहन फाउंड्री सीमित, नाहन

### 9.2—वर्ष 1982-83 का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | व्यय | 1982-83 | 1981-82 | आय | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| 10.10 | 1. उत्पादन तथा विक्रय व्यापार लेख से लाई गई हानि | 28.32 | 10.31 | 1. विक्रय एवं व्यापार लेखा से सकल लाभ | 0.60 |
| — | 2. विक्रय व्यापार खाते की हानि | — | 0.15 | 2. किराया | 0.15 |
| | | | 0.02 | 3. ब्याज (सकल) | — |
| 13.34 | 3. बैंक का ब्याज तथा प्रतिभूतियां | 13.92 | 0.37 | 4. संपदा के विक्रय से लाभ | 0.01 |
| 0.06 | 4. निदेशकों को शुल्क तथा यात्रा भत्ता | 0.05 | | | |
| 0.04 | 5. भंडार का बीमा | 0.05 | 0.09 | 5. विविध आय | 2.10 |
| 0.23 | 6. ऋण गारण्टी पर सरकारी शुल्क | — | — | 6. भंडार की नीलामी | 2.27 |
| — | 7. अपलिखित विविध व्यय | 2.73 | 0.06 | 7. विक्रय के बाद सर्विस | 0.05 |
| | | | 0.07 | 8. भंडार विक्रय | — |
| | | | 12.70 | 9. नीचे ले जाई गई शुद्ध हानि | 36.87 |
| | | | — | 10. भूमि विक्रय से लाभ | 3.02 |
| 23.77 | जोड़ | 45.07 | 23.77 | जोड़ | 45.07 |
| 133.82 | 1. गत वर्ष का आगे लाया गया शेष | 146.50 | 0.02 | 1. फालतू प्रावधान का प्रति लेखन | 0.31 |
| 12.70 | 2. नीचे लाई गई शुद्ध हानि | 36.87 | 146.50 | 2. अगले वर्ष में ले जाई गई शुद्ध हानि | 183.06 |
| 146.52 | जोड़ | 183.37 | 146.52 | जोड़ | 183.37 |

# नाहन फाउंड्री सीमित, नाहन

## 9.3 --31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का उत्पादन एवं विक्रय व्यापार लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को — | | | से— | |
| 53.46 | 1. आरम्भिक भंडार | 61.50 | 85.20 | 1. विक्रय | 68.04 |
| 2.09 | 2. निर्मित माल का क्रय | 4.08 | 0.26 | 2. बैंकिंग एवं बीमा (शुद्ध) | 0.22 |
| 0.75 | 3. प्रवक्रय भंडार से | 0.10 | 17.37 | 3. अवक्रय भंडार को स्थानांतरित निर्मित पदार्थ व उपकरण | 9.81 |
| 50.46 | 4. कच्चे माल एवं भंडार की खपत | 37.88 | | | |
| 1.35 | 5. विद्युत एवं ऊर्जा प्रभार | 1.42 | — | 4. दुकानों को हस्तांतरित निर्मित पदार्थ | — |
| 3.88 | 6. विक्रय एवं वितरण प्रभार | 3.91 | | | |
| 45.35 | 7. वेतन, मजदूरी एवं सुविधाएं | 49.92 | 1.11 | 5. पूंजी बढ़ाने एवं विकास पर ऊपरी व्यय | 1.40 |
| 1.26 | 8. अवधि ऋण पर ब्याज | 1.26 | | | |
| 5.13 | 9. अन्य व्यय | 4.35 | 61.50 | 6. बन्द घोषित स्टाक | 67.45 |
| 0.17 | 10. लेखा परीक्षा शुल्क एवं व्यय | 0.25 | 10.10 | 7. लाभ-हानि लेखे में ले जाई गई हानि | 28.32 |
| 3.14 | 11. अनुरक्षण एवं मुरम्मत | 2.78 | | | |
| 3.32 | 12. बोनस | 3.51 | | | |
| 2.26 | 13. स्थिर संपदा एवं उपकरणों पर अवमूल्यन | 3.05 | | | |
| 0.38 | 14. भंडार प्रतिलेखन | — | | | |
| 1.49 | 15. दैनिक भत्ते का प्रावधान | 0.61 | | | |
| 1.05 | 16. अशोध्य ऋण प्रावधान | 0.61 | | | |
| 175.54 | जोड़ | 175.24 | 175.54 | जोड़ | 175.24 |

10

# हिमाचल प्रदेश उपज विपणन एवं विधायन निगम सीमित, शिमला

(कृषि उद्योग निगम सीमित की सहाय इकाई)

हिमाचल प्रदेश उद्यान उपज विपणन एवं विधायन निगम सीमित को भारतीय कंपनीज अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 10 जून, 1974 को हिमाचल प्रदेश कृषि उद्योग निगम सीमित की सहाय इकाई के रूप में अधिकृत पूंजी 2.00 करोड़ रुपए सहित पंजीकृत किया गया जिसे अब बढ़ा कर 4.00 करोड़ रुपए कर दिया है। 31 दिसम्बर, 1983 को चुकाई गई पूंजी 3.27 करोड़ रुपए थी। निगम की स्थापना हिमाचल प्रदेश सेब विपणन एवं विधायन प्रोजैक्ट नं० 456-आई० एन० के अन्तर्गत वाणिज्यिक घटकों के निष्पादन के लिए की गई थी।

**विश्व बैंक परियोजना**—विश्व बैंक की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार वाणिज्यिक एवं गैर वाणिज्यिक कार्यों के लिए आरम्भ में परियोजना का उद्व्यय 16.31 करोड़ रुपए था। जब कि वास्तविक व्यय 17.26 करोड़ रुपए हुआ जिसका मदानुसार विवरण निम्न है :—

(करोड़ रुपयों में)

| क्रम संख्या | मद | राशि |
|---|---|---|
| 1. | पैंकिग/ग्रेडिंग गृह, शीत भंडार तथा विधायन संयंत्र | 6.33 |
| 2. | देहली शीत भंडार का पुनः प्रतिष्ठापन | 0.27 |
| 3. | तकनीकी सहायता तथा प्रशिक्षण | 0.27 |
| 4. | विकास कार्यक्रम | 0.02 |
| 5. | परियोजन का मूल्यांकन | 0.09 |
| 6. | सड़क सम्बन्धी कार्य | 7.42 |
| 7. | सड़क के मुरम्मत के उपकरण | 0.86 |
| 8. | एच० पी० एम० सी० की स्थाई कार्यरत अंशपूंजी | 2.00 |
| | जोड़ | 17.26 |

विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त हिमाचल प्रदेश सेब विधायन एवं विपणन परियोजना-आई० डी० ए० क्रेडिट संख्या 456-आई० एन० को सफलता पूर्वक संपूर्ण कर दिया गया है। वाणिज्यिक दिशा में परियोजना के अन्तर्गत सेब के मौसम में 36,000 टन सेबों की पैंकिग/ग्रेडिंग की क्षमता वाले 10 पैंकिग गृह, 5 शीत गृह जिन में प्रत्येक की 1,000 टन फल रखने की क्षमता तथा जो कि विशेषतया फल रखने के लिए बनाए गए, 18,000 टन सेबों को विधायन करने वाला एक फल विधायन संयंत्र, 400 टन आड़ू, नाशपाती तथा सब्जियों के विधायन की क्षमता वाला डिब्बे बन्द संयंत्र, देहली शीत भंडार का पुनः प्रतिष्ठापन और एक कुंडली में ट्रांशिपमेंट केन्द्र स्थापित किए गये। सभी संयंत्र उचित जांच पड़ताल के उपरांत स्थापित किए जा चुके हैं। इस परियोजना के अतिरिक्त एच० पी० एम० सी० के पास फलों के उत्पादन के बाद उनको सम्भालने तथा उनका विधायन एवं विक्रय करने की सुविधायें भी प्राप्त हैं।

इंडो जर्मन एग्रीकल्चरल एसिसटैंस प्रोग्राम के अन्तर्गत डेढ़ टन सेब प्रति घण्टा विधायन संयन्त्र करने की क्षमता वाला एक विधायन संयत्र जड़ोल में स्थापित किया गया। सिरमौर जिले के 2 केनिंग यूनिट सरकार द्वारा एच० पी० एम० सी० को दिए गए जिन की मौसंम के दौरान कार्य क्षमता 50 टन नाशपाती तथा आड़ू को सम्भालने की है। एच० पी० एम० सी० 2 शीत भंडार संभाल रहीं है इन में से एक सरकार द्वारा किराए पर दिया गया (विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत पुनः प्रतिष्ठापित) और दूसरा बंबई में निगम का अपना है। यह दो ट्रांजिट गोदाम भी चला रहा है। निगम ने सोलन में खाद का उत्पादन भी शुरू कर दिया है। उपरोक्त आधारभूत सुविधाओं के अतिरिक्त 2 पैंकिग/ग्रेडिंग गृह जिन में से एक किन्नौर के रिकौंग पिओ में निर्माणाधीन है तथा एक अन्य पैंकिग गृह के लिए भी भरमौर (जिला चम्बा) में स्थान ले लिया गया है। टाटरा पैक प्रणाली द्वारा फलों के रस को डिब्बा बन्द करने के लिए एक आधुनिक फल विधायन संयंत्र परवाणु में लगाया जा रहा है। इस से पैंकिग लागत कम करने में सहायता मिलेगी। थानाधार व रोहड़ू में 11 किलोमीटर लंबी केबल बेज का निर्माण प्रगति पर है।

गैर वाणिज्यिक कार्यों से संबंधित सड़कों के निर्माण इत्यादि का कार्य राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया और देहली के शीत भंडार का पुनः प्रतिष्ठापन करने, तकनीकी सहायता तथा प्रशिक्षण, मूल्यांकन अध्ययन तथा विकास कार्य, उद्यान विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया गया है।

भारत सरकार ने परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए वित्तीय एवं अन्य लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए तथा आई डी० एं० के 13.00 मीलियन यू० एस० डालर के ऋण का पूरा उपयोग करने के लिए प्रादेशिक सरकार की सराहना की है। भारत सरकार की इच्छानुसार द्वितीय चरण की परियोजना बनाने के लिए तथा प्रारंभिक कार्य आरम्भ करने के लिए पग उठाए गए हैं। परियोजना के द्वितीय चरण के अन्तर्गत पैकटिन बनाने की इकाई, केबल बैज, नियंत्रित वातावरण शीत भंडार, खुम्ब विकास, शीत वाहन, तकनीकी सहायता,

सेब उगाने वाले क्षेत्रों तथा नीची पहाड़ियों में अतिरिक्त पैकिंग/ग्रेडिंग गृहों का बनाने तथा वर्तमान पैकिंग/ग्रेडिंग गृहों में, पैकिंग/ग्रेडिंग का आधुनिकीकरण करने के लिए अतिरिक्त यन्त्रों को लगाये जाने का प्रस्ताव है।

**जनजातीय विकास योजना**—एच० पी० एम० सी० जन जातीय क्षेत्रों में पैकिंग गृहों को बना रहा है। आने वाले सेब के मौसम में जिला किन्नौर में रिकांग पिओ में एक 50,000 पैटियों की क्षमता वाला पैकिंग गृह कार्य करने के लिए तैयार हो जायेगा। यह पैकिंग गृह केबल बेज से जोड़ा जाएगा। एक अन्य पैकिंग गृह चम्बा जिला के भरमौर में स्थापित किया जा रहा है, जो कि अगले सेब के मौसम में बन कर तैयार हो जाएगा। यह गृह भी केबल बेज से जोड़ा जाएगा। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकार ने 18.32 लाख रुपए की राशि प्राप्त कर ली है।

**यू० एन० डी० पी० बटन खुम्ब परियोजना**—इस परियोजना के अन्तर्गत निगम ने बटन खुम्ब के उत्पादन के लिए प्रयोग में आने वाली खाद का उत्पादन शुरू किया है और इसको बचने का कार्य भी आरम्भ किया है। निगम खुम्ब विपणन का कार्य भी कर रहा है।

**फल विपणन एवं विधायन**—निगम सेब, आड़ू, नाशपाती इत्यादि फलों को ग्रेडिंग/पैकिंग का कार्य भी करता है तथा फल उत्पादन क्षेत्रों में शीत भंडारों की सुविधा भी उपलब्ध करवाता है। इन इकाइयों में ग्रेडिंग/पैकिंग विज्ञानिक ढंग से की जाती है। निगम फलों को मंडियों में पहुंचाने एवं अस्थाई भंडारण की सुविधाएं देना है तथा देश की टर्मिनल मंडियों में निगम ने विपणन संबंधित आधारभूत सुविधाओं का विकास किया है। विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत स्थापित विधायन संयंत्र परवाणु तथा जड़ोल में स्थित भारतीय-जर्मन परियोजना के सयंत्र में निगम ने 5,000 मीट्रिक टन सेबों का विधायन किया है तथा 74 टन आड़ू डिब्बों में बन्द किए हैं।

**फल उत्पाद का विपणन**—निगम ने विपणन के लिए सारे देश में आधारभूत सुविधाएं जुटा ली हैं। हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, चिकित्सालयों, अन्तर्राज्य बस अड्डों तथा अन्य बड़े-बड़े व्यापारिक केन्द्रों में फलों के रस को कम कीमत पर बेचने के लिए 131 छोटी-छोटी दुकानें स्थापित की गई हैं।

फल उत्पाद का समस्त विक्रय दिसम्बर, 1983 तक 88.45 लाख रुपए रहा जब कि यह विक्रय पिछले वर्ष 91.77 लाख रुपए था। निगम द्वारा गत वर्ष तथा प्रचलित वर्ष में किए गए फल तथा उत्पाद के विपणन का संक्षिप्त विवरण निम्न है :—

| क्र०सं० | विवरण | इकाई | 1982-83 | 1983-84 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निगम द्वारा हस्तक पेटियां : | | | |
| | (क) मंडियों में | लाख पेटियां | 1.28 | 1.76 |
| | (ख) फारवडिंग केन्द्रों में | " | 5.45 | 9.82 |
| | (ग) पैकिंग/ग्रेडिंग केन्द्रों में | " | 0.35 | 1.04 |
| 2. | फल उत्पादन क्षेत्रों में शीत भंडारित पेटियां | " | 0.09 | 0.35 |
| 3. | विधायित फलों का विपणन : | | | |
| | (क) घटिया किस्म के फल | टन | 3,000 | 5,000 |
| | (ख) कुल विक्रय | लाख रुपए | 91.77 | 88.45 (दिसम्बर, 83 तक) |
| 4. | खुम्ब की खरीद | किलो ग्राम | 1,323 | 12,542 |
| 5. | खुम्ब का विक्रय | " | 1,018 | 7,204 |
| 6. | खुम्ब का विधायन | " | 300 | 5,215 |
| 7. | तैयार की गई खुम्ब खाद की ट्रेज | संख्या | 7,239 | 8,136 (दिसम्बर, 83 तक) |

31-3-82 का सन्तुलन पत्र तथा वर्ष 1981-82 का लाभ-हानि लेखा क्रमश: तालिका 10.1 तथा 10.2 में दर्शाए गए हैं।

# हिमाचल प्रदेश उद्यान उपज विपणन एवं विधायन निगम सीमित, शिमला

## 10.1—31 मार्च, 1982 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 31-3-82 को | 31-3-81 को |
|---|---|---|
| I. निधि के साधन | | |
| 1. अंशधारियों की निधि : | | |
| (क) अंश पूंजी | 300.00 | 240.00 |
| (ख) अंश पूंजी के बदले अग्रिम | 14.00 | — |
| (ग) आरक्षिति एवं अधिशेष | 73.33 | 73.33 |
| 2. ऋण निधि : | | |
| (क) प्रतिभूत ऋण | 760.06 | 387.92 |
| (ख) अप्रतिभूत ऋण | 50.13 | 5.08 |
| जोड़ | 1197.52 | 706.33 |
| II. निधि का प्रयोग | | |
| 1. स्थिर संपदा : | | |
| (क) सकल ब्लाक | 503.75 | 140.72 |
| (ख) घटाएं—अवमूल्यन | 95.47 | 37.75 |
| (ग) शुद्ध ब्लाक | 408.28 | 102.97 |
| (घ) प्रगति पर पूंजी कार्य | 325.02 | 417.23 |
| जोड़ | 733.30 | 520.20 |
| 2. निवेश | 0.01 | 0.01 |
| 3. वर्तमान-संपदा एवं अग्रिम : | | |
| (क) तालिकागत सामान | 185.20 | 92.27 |
| (ख) विविध देनदार | 55.33 | 43.52 |
| (ग) नगद एवं बैंक अधिशेष | 43.29 | 25.95 |
| (घ) ऋण एवं अग्रिम | 200.58 | 62.38 |
| जोड़ | 484.40 | 224.12 |
| घटाएं—वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान | | |
| (क) दायित्व | 178.15 | 108.45 |
| (ख) प्रावधान | 1.00 | — |
| शुद्ध संपदाएं | 305.25 | 115.67 |
| 4. (क) विविध व्यय | 5.71 | — |
| (ख) लाभ-हानि लेखा | 153.25 | 70.45 |
| जोड़ | 1197.52 | 706.33 |

## 10.2—31 मार्च, 1982 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ तथा हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 31-3-82 को | 31-3-81 को |
|---|---|---|
| I. आय : | | |
| 1. विक्रय . . . | 119.42 | 76.96 |
| 2. अन्य व्यय . . . | 63. 17 | 35.76 |
| | 182.59 | 112.72 |
| II. व्यय : | | |
| 1. कच्चे माल की खपत . . | 93.18 | 22.23 |
| 2. प्रगति पर कार्य, विक्रय एवं निर्मित वस्तुएं (—) | 55.53 | 27.97 |
| 3. उत्पादन, विक्रय एवं प्रशासनिक व्यय | 76.00 | 37.08 |
| 4. कर्मचारियों के खर्चे . . | 44-38 | 24.94 |
| 5. ब्याज . . . | 59.57 | 3.42 |
| 6. अन्य व्यय एवं प्रभार . . | 3.28 | 0.12 |
| 7. उत्पादन शुल्क . . . | 13.18 | 6.29 |
| 8. पटराशि . . . | 0.01 | 0.01 |
| 9. अवमूल्यन . . . | 58.78 | 11.23 |
| 10. यू० एन० डी० पी० खुम्ब परियोजना से शुद्ध हानि | 0.53 | (—) 0.28 |
| | 263.38 | 133.01 |
| वर्ष में हानि . . . | 80.79 | 20.29 |
| गत वर्ष से संबंधित समायोजन . | 2.01 | 1.62 |
| वर्ष का शुद्ध घाटा . . | 82.80 | 21.91 |
| गत वर्ष का घाटा . . | 70.45 | 48.53 |
| संतुलन पत्र में ले जाया गया शेष | 153.25 | 70.44 |

11

## हिमाचल प्रदेश कृषि उद्योग निगम सीमित, शिमला

यह निगम एक करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी सहित कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 24 सितम्बर, 1970 को पंजीकृत किया गया। निगम की 31 मार्च, 1983 को अधिकृत पूंजी 6.50 करोड़ रुपये थी जो एक एक सौ रुपये के 6.5 लाख साम्य अंशों में विभक्त है।

आलोच्य वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार के निगम की अंश पूंजी में 19.00 लाख रुपये के साम्य अंश और बढ़ाए हैं। भारत सरकार के अंशधारियों से 24.50 लाख रुपये की बकाया देय राशि का भुगतान कर दिया गया है। 31 मार्च, 1983 को निगम की प्रदत्त राशि 615.00 लाख रुपये थी। 31 मार्च, 1983 को अधिकृत और प्रदत्त अंशों का विवरण निम्नलिखित है :—

(लाख रुपयों में)

| क्रम संख्या | अंशधारी | धारित अंश संख्या | धारित अंश मूल्य | प्रदत्त पूंजी | बकाया अंश राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिमाचल प्रदेश सरकार | 4,54,000 | 454.00 | 419.00 | 35.00 |
| 2. | भारत सरकार | 1,96,000 | 196.00 | 196.00 | — |
| | जोड़ | 6,50,000 | 650.00 | 615.00 | 35.00 |

वित्तीय उपलब्धियां—वित्तीय उपलब्धियां निम्नलिखित हैं :—

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 1982-83 | 1981-82 |
|---|---|---|
| 1. अवमूल्यन को छोड़कर सभी खर्च करने के बाद लाभ | 21.45 | 13.69 |
| 2. घटाएं—अवमूल्यन | 18.96 | 11.04 |
| 3. कराधान से पूर्व लाभ | 2.49 | 2.65 |
| 4. करों के लिए प्रावधान | — | — |
| 5. शुद्ध लाभ | 2.49 | 2.65 |
| 6. प्रस्तावित लाभांश | — | — |
| 7. सामान्य आरक्षिति निधि में ले जाया गया | 4.50 | 3.00 |
| 8. अगले वर्ष में ले जाया गया | 0.52* | 2.53** |

*इस राशि में गत वर्ष के 2.53 लाख रुपये सम्मिलित हैं।

**इस राशि में गत वर्ष के 2.88 लाख रुपये सम्मिलित हैं।

गत वर्ष के 2.65 लाख रुपये की तुलना में कराधान से पूर्व शुद्ध लाभ 2.49 लाख रुपये था। गत वर्ष के 3.00 लाख रुपये की तुलना में इस वर्ष 4.50 लाख रुपये सामान्य आरक्षिति निधि में ले जाने का प्रस्ताव है। कार्यों के पूरा हो जाने के बाद 13.37 लाख रुपये की राशि अनुदान और आर्थिक सहायता राशि से पूंजी आरक्षिति निधि में लेखान्तरित कर दी गयी है।

बिक्री आय तथा अन्य प्राप्तियां —आलोच्य वर्ष के दौरान अन्य स्रोतों से आय को मिलाकर कुल बिक्री से प्राप्त आय 732.70 लाख रुपये थी जबकि गत वर्ष यह 724.62 लाख रुपये थी। वर्ष के दौरान बिक्री आय में 8.08 लाख रुपये की वृद्धि हुई। बिक्री आय का मुख्य विवरण निम्नलिखित है :—

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 1982-83 | 1981-82 |
|---|---|---|
| 1. बिक्री | 556 59 | 545 86 |
| 2. वर्ष के अन्त में स्टाक | 105.64 | 155 26 |
| 3. अन्य आय | 65.47 | 18.65 |
| 4. किराया और आर्थिक सहायता | 4.53 | 4.10 |
| 5. अचल परिसम्पत्ति की बिक्री पर लाभ | 0.47 | 0.75 |
| जोड़ | 732.70 | 724.62 |

गत वर्ष की तुलना में चालू वर्ष के दौरान विक्रय में वृद्धि हुई। मदवार विक्रय निम्नलिखित है:—

(लाख रुपयों में)

| क्र०सं० | मद | कुल बिक्री | |
|---|---|---|---|
| | | 1982-83 | 1981-82 |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | लोहा और इस्पात | 186.10 | 165.59 |
| 2. | ट्रैक्टर और बिजली चालित हल | 38.73 | 63.28 |
| 3. | टायर और ट्यूबें | 80.44 | 66.54 |
| 4. | उर्वरक | 6.29 | 18.87 |
| 5. | कीट नाशक और रोग नाशक दवाइयां | 13.86 | 1.75 |
| 6. | उपकरण और फालतू पुर्जे | 29.23 | 31.31 |
| 7. | बैटरी | 5.30 | 3.72 |
| 8. | सीमेंट और अकुआप्रूफ | 47.36 | 37.92 |
| 9. | पशु और मुर्गी चारा | 76.80 | 95.23 |
| 10. | ए० सी० चादरें | 4.73 | 3.10 |
| 11. | पशु चिकित्सा की दवाइयां | 12.37 | 15.04 |
| 12. | कीलें | 0.20 | 0.05 |
| 13. | उपकरण आदि (विनिर्मित) | 30.56 | 31.79 |
| 14. | चारा/अन्य | 5.47 | 11.67 |
| 15. | प्लाण्ट संरक्षण उपस्कर | 11.04 | — |
| 16. | चीनी | 8.03 | — |
| 17. | शीरा | 0.08 | — |
| | जोड़ | 556.59 | 545.86 |

कार्यकलाप—आलोच्य वर्ष के दौरान निगम द्वारा निम्नलिखित कार्य जारी रहे:—

(i) **ट्रैक्टरों का क्रय और वितरण**—निगम के पास पूरे प्रदेश के लिए एच० एम० टी० जैटर ट्रैक्टर की एजेन्सी रही। वर्ष के दौरान निगम ने 61 ट्रैक्टर और बिजली चालित हलों का वितरण किया जो गत वर्ष 99 था। बेचे गए ट्रैक्टरों तथा बिजली चालित हलों का मूल्य 38.73 लाख रुपये था जो पिछले वर्ष 63.28 लाख रुपये था।

(ii) **समान उपकरण और फालतू पुर्जे**—समान उपकरणों और फालतू पुर्जों की 29.23 लाख रुपये की बिक्री हुई। गत वर्ष यह बिक्री 31.31 लाख रुपये की हुई थी।

(iii) **टायर और ट्यूब**—निगम ने 80.44 लाख रुपये के टायर और ट्यूबों की बिक्री की जबकि पिछले वर्ष 66.54 लाख रुपये की बिक्री हुई थी। बिक्री में वृद्धि वाणिज्यिक वाहनों के टायरों की बिक्री को मिला कर हुई है।

(iv) **कृषि सेवा और कस्टम हायरिंग केन्द्र**—निगम जाच्छ, अम्ब, पांवटा साहिब, नालागढ़, कुल्लू, हमीरपुर और ज्वालामुखी में कृषि सेवा और कस्टम हायरिंग केन्द्र चला रहा है। कस्टम कृषि और मुरम्मत तथा परिवहन से 4.67 लाख रुपये की आय हुई जबकि गत वर्ष 3.70 लाख रुपये की आय हुई थी। इन केन्द्रों से सीमेंट इस्पात और व्यापार की अन्य वस्तुओं के विक्रय का कार्य भी होता है।

(v) **लोहा और इस्पात के माल की अभिप्राप्ति और वितरण**—वर्ष के दौरान लोहा और इस्पात के माल की अभिप्राप्ति और वितरण कार्य चलता रहा। निगम ने 186.10 लाख रुपये के मूल्य का लोहा और इस्पात माल विशेषतया जी० सी० चादरों की बिक्री की जबकि पिछले वर्ष 165.59 लाख रुपये की बिक्री हुई थी।

(vi) **सीमेंट**—प्रतिबंध रहित विक्रय के अधीन निगम ने सीमेंट प्राप्त करना और विक्रय करना चालू रखा। निगम ने 47.36 लाख रुपये के मूल्य के सीमेंट और अकुआप्रूफ की बिक्री की जबकि पिछले वर्ष 37.92 लाख रुपये की बिक्री हुई थी।

(vii) **पशु और मुर्गी चारा**—निगम ने संतुलित पशु और मुर्गी चारा मिश्रित किया और उसे 76.80 लाख रुपये में बेच दिया जबकि पिछले वर्ष परवाणु और जाच्छ इकाइयों से 95.23 लाख रुपये की बिक्री हुई थी।

(viii) **बैटरियां**—निगम ने हिमाचल प्रदेश के लिए व्यापारी के रूप में मुख्यतः ट्रैक्टरों के लिए एक्साइड बैटरियों का विक्रय जारी रखा। आलोच्य अवधि के दौरान 5.30 लाख रुपये की बैटरियों का विक्रय किया गया जबकि पिछले वर्ष के दौरान 3.72 लाख रुपये की बिक्री हुई थी।

(ix) **गोदाम**—परवाणु और जाच्छ पर स्थित गोदाम भारतीय खाद्य निगम के पास किराये पर चलते रहे।

(x) **पशु चिकित्सा संबंधी दवाइयां**—निगम ने चारे के साथ विभिन्न औषध कम्पनियों की पशु चिकित्सा की दवाइयों को बेचना जारी रखा आलोच्य वर्ष के दौरान 12.37 लाख रुपये मूल्य की दवाइयों की बिक्री हुई जबकि पिछले वर्ष 15.04 लाख रुपये की बिक्री हुई थी।

(xi) **कीलें**—निगम ने इस वर्ष 0.20 लाख रुपये की कीलों का विक्रय किया जबकि गत वर्ष यह 0.05 लाख रुपये था।

(xii) **कृषि कर्मशाला**—निगम ने आलोच्य वर्ष के दौरान 30.56 लाख रुपये के निर्मित उपकरणों का विक्रय किया। वर्ष 1980-81 के दौरान मशीनों के परिवर्तन के लिए प्राप्त किए गए 1.00 लाख रुपये के अनुदान का उपयोग चालू वर्ष में किया गया।

(xiii) **कृषि सेवा और विक्रय केन्द्र**—निदेशक मण्डल ने जिला मुख्यालयों और महत्वपूर्ण उप-मण्डलीय मुख्यालयों पर कृषि सेवा एवं विक्रय केन्द्रों को खोलने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया है। सबसे पहले निगम ने ज्वालामुखी, हमीरपुर, मोरण्डा (पालमपुर), कुल्लू तथा चम्बा में कृषि सेवा

केन्द्रों की स्थापना की । वर्ष 1982-83 के दौरान निगम ने बिलासपुर, सैंज, रामपुर बुशहर तथा नगरोटा बगवां में कृषि सेवा तथा विक्रय केन्द्र खोले ।

**ऋण** तथा सार्वजनिक जमा—निगम ने निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार तथा वाणिज्य बैंकों से 236.00 लाख रुपये के सावधि ऋण प्राप्त किए हैं :—

(i) जाच्छ में उपकरण निर्माणी;

(ii) कन्दरौरी में तार खींचने की इकाई;

(iii) कलकत्ता में शीत संग्रहगार;

(iv) मद्रास में शीत संग्रहगार;

(v) सेबों की अन्य प्रकार से पैकिंग के लिए प्रारम्भिक व्यय;

(vi) गोदामों का निर्माण तथा धातु भण्डारण बिनों क निर्माण ।

चालू पूंजी की आवश्यकताओं की कमी को पूरा करने के लिए निगम ने स्टेट बैंक ऑफ पटियाला से भण्डारों पर 80.00 लाख रुपये ऋण लिया है ।

इसके अतिरिक्त निगम ने सार्वजनिक जमा की एक योजना चालू कर रखी है । इस योजना में जमाकर्ताओं ने 31.3.83 तक 25.80 लाख रुपये तक अंशदान दिया है जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है :—

(लाख रुपयों में)

| विवरण | जमाकर्ताओं की संख्या | राशि |
|---|---|---|
| 1. एक वर्ष की अवधि के लिए | 59 | 3.29 |
| 2. दो वर्ष की अवधि के लिए | 29 | 2.08 |
| 3. तीन वर्ष की अवधि के लिए | 361 | 20.43 |
| जोड़ | 449 | 25.80 |

निगम ने सेबों के लिए वैकल्पिक पैकिंग के लिए परियोजना प्रतिवेदन तैयार की है तथा "हाई स्ट्रेन्थ क्राफ्ट पेपर" कारूगेटेड कार्टन चिह्नित कर लिए गए हैं । इस सम्बन्ध में परियोजना के लिए भारत सरकार तथा हिमाचल प्रदेश सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रतीक्षा की जा रही है ।

निगम ने जाच्छ में उपकरण निर्माणी तथा कन्दरौरी में तार खींचने की इकाई की परियोजनाओं को सफलता पूर्वक पूरा कर लिया है । मद्रास में शीत संग्रहगार का कार्य चल रहा है ।

सहायक कम्पनी—सम्पूर्णतया निजी स्वामित्व से युक्त सहायक कम्पनी हिमाचल प्रदेश उद्यान उपज विपणन एवं विधायन निगम सीमित सेबों के विपणन, विधायन, भण्डारण तथा एकत्रीकरण के कार्य की देखभाल करती रहीं । निगम ने सहायक कम्पनी के एक एक सौ रुपये के 4 लाख साम्य अंश खरीद लिए हैं और वर्ष के दौरान के 19 लाख रुपए सहित 319 लाख रुपए की पूंजी का भुगतान कर दिया है ।

आलोच्य वर्ष के दौरान प्रबन्धक तथा कर्मचारियों के मध्य सम्बन्ध नितान्त सौहार्दपूर्ण रहे ।

निगम का 31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र तथा 31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका 11.1 और 11.2 में दर्शाए गए हैं ।

# हिमाचल प्रदेश कृषि उद्योग निगम सीमित, शिमला

## 11.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-1982 को | दायित्व | 31-3-1983 को | 31-3-1982 को | सम्पदा | 31-3-1983 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अंश पूंजी : | | | | |
| 600.00 | (क) अधिकृत | 650.00 | 248.20 | 1. स्थिर सम्पदा | 395.12 |
| 600.00 | (ख) निर्गमित एवं भरी गई | 650.00 | 300.27 | 2. निवेश | 319.27 |
| 575.50 | (ग) चुकाई गई पूंजी | 615.00 | | 3. वर्तमान सम्पदा, ऋण तथा पेशगी : | |
| 14.00 | 2. अग्रिम भाग—प्रार्थना पत्र धन | — | 194.88 | (क) वर्तमान सम्पदा | 156.25 |
| | 3. आरक्षित एवं अधिशेष: | | 9.41 | (ख) चल रहे कार्य | 2.80 |
| 13.09 | (क) पूंजी आरक्षित | 26.46 | 49.41 | (ग) विविध देनदार तथा अन्य ऋण | 51.01 |
| 37.00 | (ख) सामान्य आरक्षित | 42.58 | | | |
| 1.08 | (ग) विकास छूट आरक्षित | — | 148.40 | (घ) नकद एवं बैंक जमा | 77.33 |
| 6.73 | (घ) निवेश के लिए आरक्षित | 14.40 | 193.68 | (ङ) ऋण एवं पेशगी | 172.11 |
| — | (ङ) केन्द्रीय निवेश सहायक अनुदान | 10.11 | 6.88 | 4. विविध व्यय | 6.33 |
| 2.55 | (च) लाभ-हानि लेखा | 0.52 | | | |
| 27.68 | 4. हिमाचल सरकार से अनुदान एवं सहाय अनुदान | 20.41 | | | |
| 106.46 | 5. प्रतिभूत ऋण | 59.03 | | | |
| 200.56 | 6. अप्रतिभूत ऋण | 227.04 | | | |
| | 7. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान : | | | | |
| 113.97 | (क) वर्तमान दायित्व | 116.21 | | | |
| 52.53 | (ख) प्रावधान | 48.46 | | | |
| 11,51.13 | जोड़ | 11,80.22 | 11,51.13 | जोड़ | 11,80.22 |

# हिमाचल प्रदेश कृषि उद्योग निगम सीमित, शिमला

## 11.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| 72.04 | 1. आरम्भिक स्टाक | 153.06 | 545.86 | 1. विक्रय | 556.59 |
| 446.24 | 2. क्रय | 346.97 | 3.70 | 2. सेवा प्रभार | 4.67 |
| 107.37 | 3. कच्चे माल की खपत | 97.15 | 155.26 | 3. बन्द घोषित स्टाक | 105.64 |
| 5.45 | 4. पैकिंग सामग्री की खपत | 4.58 | 4.04 | 4. किराया | 4 53 |
| 0.78 | 5 उपभुक्त भण्डार | 1.55 | 0.06 | 5. विविध साख | 0.09 |
| 9.57 | 6. मजदूरी प्रभार | 11.'49 | | शेष तथा प्रतिलिखित अतिरिक्त प्रावधान | |
| 1.93 | 7. ईंधन एवं ऊर्जा | 3.48 | | | |
| 0.08 | 8. कर्मशाला व्यय | 0.08 | 11.62 | 6. ब्याज (सकल) | 4.45 |
| 0.77 | 9. उत्पादन शुल्क | 1.03 | 0.75 | 7. स्थिर सम्पदा के विक्रय पर लाभ | 0.4 |
| 27.79 | 10. स्थापना व्यय | 37.94 | | | |
| 0.02 | 11. कर्मी कल्याण | 0.01 | 2.61 | 8. विविध प्राप्तियां | 2.16 |
| 1.11 | 12. मुरम्मत एवं अनुरक्षण | 2.19 | | 9. राज्य सरकार से सहाय अनुदान : | |
| 17.68 | 13. प्रशासनिक व्यय | 25.44 | | | |
| 9.91 | 14. वित्त प्रभार | 12.33 | -- | (क) भंगरोटू कृषि कार्यशाला के लिए | 7.00 |
| 0.03 | 15. प्रारम्भिक व्यय अपलिखित | 0.11 | | | |
| 0.03 | 16. अल्प राशि अपलिखित | 0.05 | — | (ख) पावंटा साहिब | 46.06 |
| 3.65 | 17. विक्रय तथा वितरण व्यय | 4.77 | | खण्डसारी फैक्टरी के लिए | |
| — | 18. दान | 0.01 | | | |
| 1.60 | 19. अन्य व्यय | 1.33 | 0.06 | 10. मैटल लेन ऋण पर ब्याज | 0.21 |
| 11.04 | 20. अवमूल्यन | 18.96 | 0.18 | 11. स्क्रैप से आय | 0.42 |
| 4.88 | 21. निवेश भत्ता | 7.68 | 0.01 | 12. भण्डार के विक्रय से लाभ | — |
| 2.65 | 22. आगे ले जाया गया शुद्ध लाभ | 2.49 | 0.47 | 13. कमीशन/छूट एवं कटौतियां | 0.41 |
| 724.62 | जोड़ | 7[illegible].70 | 724.62 | जोड़ | 732.70. |
| 3.00 | 1. सामान्य आरक्षिति को लेखान्तरित | 4.50 | 2.88 | 1. आगे लाया गया शेष | 2.53 |
| 2.53 | 2. सन्तुलन पत्र में ले जाया गया शेष | 0.52 | 2.65 | 2. आगे ले जाया गया शुद्ध लाभ | 2.49 |
| 5.53 | जोड़ | 5.02 | 5.53 | जोड़ | 5.02 |

# हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम सीमित, शिमला

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम 1 सितम्बर, 1972 को भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 2 करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी सहित पंजीकृत किया गया जिसे कि सितम्बर, 1978 में बढ़ाकर 4 करोड़ रुपए तथा वर्ष 1979 में पुनः बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दिया गया। वर्ष 1981 में आंशिक पूंजी बढ़ाकर 7 करोड़ रुपए कर दी गई। निगम की चुकाई गई पूंजी 31-12-83 को 6.69 करोड़ रुपए थी। कम्पनी की स्थापना पर्यटन विभाग को निगम में परिवर्तित करके की गई तथा विभाग की समस्त सम्पदा एवं दायित्व भी कम्पनी को हस्तान्तरित कर दिए गए। कम्पनी को राज्य में पर्यटन विकास कार्य के साथ-साथ होटल चलाना तथा आहार गृहों जैसे सभी वाणिज्यिक कार्य भी सौंपे गए।

निगम की स्थापना निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों के अनुसरण तथा उपलब्ध करने के लिए की गई थी।

(क) प्रदेश में पर्यटन उद्योग को स्थापित, विकसित, उन्नत, निष्पादन करने तथा संचलन के लिए उन योजनाओं, कारोबार और गतिविधियों को जो पर्यटन के विकास को उन्नत तथा सुविधाजनक बनाए, को कार्यान्वित करना।

(ख) हिमाचल प्रदेश में तथा देश के अन्य भागों में पर्यटन सूचना ब्यूरो तथा केन्द्रों का निर्माण संचालन एवं अनुरक्षण करना।

(ग) पर्यटन उद्योग के विकास के लिए व्यापक प्रचार करने हेतु पुस्तकों, पत्रिकाओं, सामयिक पत्रिकाओं, बिल्ज, इश्तहारों, पिकचर कार्डों, डायरियों, कलैण्डरों, सलाइडों, चल चित्रों तथा अन्य सामग्री के संपादन, एकांकन, मुद्रण एवं प्रकाशन तथा विक्रय का आयोजन करना।

(घ) हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के विकास से संबंधित यात्रा एजेंटों, विमान सेवा प्रतिनिधियों और इस तरह की अन्य एजेन्सियों को कम्पनी के खर्चे पर भोजन, ठहरने तथा परिवहन की सुविधाएं देना।

1972 में जब से यह निगम अस्तित्व में आया है, पर्यटन विकास के लिए समस्त प्रदेश में आधारभूत ढांचा स्थापित करने में प्रयत्नशील है जिससे पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि हो सके। निगम का विभिन्न वर्गों के पर्यटकों को विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त आवास तथा जलपान की सुविधाएं देना एक मुख्य उद्देश्य है। निगम ने अपने होटलों इत्यादि में 1972 में 857 शैयाओं से कार्य आरम्भ किया था जिनकी संख्या अब लगभग 1800 हो गई है।

पर्यटन के माध्यम से राज्य पर्यटन निगम के मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि तथा सामाजिक न्याय प्राप्त करना है। पर्यटन विकास के परिणाम स्वरूप अतिरिक्त आय, रोजगार बढ़ाना, रहने के अच्छे तौर तरीके, बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत, राज्य में तेजी से आर्थिक विकास, राज्य कोष में अधिक आय, आवास सुविधा प्रदान करना, समाज के सभी वर्गों को उचित मूल्यों पर जलपान तथा अन्य सुविधाएं प्रदान करवाना है।

वर्ष 1981 के दौरान निगम ने पर्यटकों की सुविधा के लिए एक नई दिशा में कार्य किया और एक नई नीति अपनाई जिसके अन्तर्गत प्रदेश में तीन यात्रा चक्कर निर्धारित किए गए जिस से पर्यटक सुविधाओं की सन्तुलित ढंग से वृद्धि हो सके। ये यात्रा चक्कर इस प्रकार हैं:—

(1) परवाणु-चायल-कुफरी-नारकण्डा-शिमला-परवाणु

(2) मण्डी-कुल्लू-मनाली-कूल्लू-मनीकरण-कुल्लू-मण्डी

(3) डलहौजी - चम्बा-डलहौजी -नुरपुर-त्रिलोकपुर-गगल-धर्मशाला - कांगड़ा-ज्वालामुखी- कांगड़ा-पालमपुर-जोगिन्दर नगर-बरोट जोगिन्दर नगर-मण्डी-बिलासपुर-शिमला-बिलासपुर-नैनादेवी-चण्डीगढ़।

निगम के पास दो और यात्रा चक्करों को विकसित करने का प्रस्ताव है जो इस प्रकार है (क) चण्डीगढ़-नाहन-पावंटा साहिब-रेनुका और (ख) शिमला-खड़ापत्थर-जुब्बल रोहड़ु- नारकण्डा-शिमला।

वर्ष 1983 में निगम ने पर्यटन को नई दिशा प्रदान करने के लिए कठिन परिश्रम किया तथा विभिन्न स्तरों के पर्यटकों जिनमें तीर्थ यात्री भी सम्मिलित हैं, की शीघ्र तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक नई योजना बनाई है। सभी पर्यटक स्थलों का स्तर ऊंचा उठाने के लिए इनकी विशेष मरम्मतें कराई गई। इसके अतिरिक्त नई सुविधाएं जैसे फर्नीचर, फरनीशिंग लीनन, क्रोकरी इत्यादि उपलब्ध करवाई।

पर्यटकों तथा अन्य यात्रियों को आहार सुविधा प्रदान करने के लिए पठानकोट-धर्मशाला तथा पठानकोट-डलहौजी सड़कों पर दो भोजनालयों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

निगम का अपना एक परिवहन अनुभाग है। इसे आरामदेह कोच तथा आयात की गई कारों को सम्मिलित

करके बढ़ाया गया। भारत सरकार ने 6 डीज़ल द्वारा चलाई जाने वाली वातानुकूलित कारें आयात करने तथा आरामदेह कोच के लिए 4 वातानुकूलित यूनिट बढ़ाने का लाइसेंस भी दिया है।

निगम ने वर्ष 1983 के ग्रीष्म मासों में दिल्ली, शिमला तथा मनाली, शीतकाल के दिनों में चण्डीगढ़ से भाखड़ा और दिल्ली से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दक्षिण भारत के बहुत से स्थानों के लिए छोटे टूर संचालित किए। निगम ने 60 विदेशी दलों को दिल्ली से लाहौल, रामपुर बुशहर तथा आनी इत्यादि का भ्रमण करवाया। निगम पर्यटकों के लिए और भी भ्रमण टूर संचालित कर रहा है जैसे मनाली से रोहतांग पास, नग्गर तथा मनीकरण और डलहौजी से खज्जियार इत्यादि। निगम आरामदेह कोच में शिमला के समीपस्थ स्थान चैल तथा नारकण्डा और कई स्थानों के नियमित टूर संचालित करता है।

निगम ने अखिल भारतीय युवा छात्रावास संघ की सहायता से मई तथा जून और फिर सितम्बर तथा अक्तूबर में कुल्लू घाटी में राष्ट्रीय हिमाचल ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें देश के विभिन्न भागों से 3,000 युवाओं ने भाग लिया।

निगम ने भारतीय पर्वतारोहण संस्थान, गुलमार्ग के सहयोग से नारकण्डा में शीत ऋतु में वर्ष 1983 और 1984 में 10 और 21 दिनों के स्कीकोर्स का आयोजन किया। आशा है कि इस मौसम में देश के विभिन्न भागों से 350 लोग स्की प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

पर्यटन तथा होटलों को चलाना बड़ा ही प्रतिस्पर्धात्मक तथा विशिष्ट व्यापार है। अपने कर्मचारियों विशेष कर मध्यम तथा उत्तम दर्जे से संबंधित की व्यावसायिक कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए निगम ने अक्तूबर, 1983 में होटल मैनेजमेंट, केट्रिंग टैक्नालोजी तथा एपलाइड न्यूट्रीशन संस्थान, बम्बई की सहायता से सैमिनार–कम वर्कशाप का आयोजन किया। इस सैमिनार में कुछ स्थानीय होटल मालिकों ने भी भाग लिया। निगम ने अपने कर्मचारियों को होटल मैनेजमेंट तथा भोजनालयों की तकनीकी के संस्थान बम्बई एवं दिल्ली में प्रशिक्षण के लिए भेजा।

वर्ष 1983 में निगम ने शिमला-कालका मार्ग पर बड़ोग में एक प्रतिष्ठित होटल, होटल पाईनवूड चालू किया। इस की निर्माण लागत 50 लाख रुपये है इस में मनोरंजन तथा सभा इत्यादि करने की सुविधाओं के साथ-साथ सुसज्जित आवास सुविधा भी उपलब्ध है। निगम ने इस वर्ष धुनधियारा, पठानकोट-डलहौजी मार्ग तथा तरलोकपुर पठानकोट धर्मशाला मार्ग पर पर्यटकों तथा यात्रियों को जलपान इत्यादि की सुविधा के लिए एक आहारिका को चलाया। निगम ने डलहौजी से 2 किलोमीटर दूर पंजपुला जो कि प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध हैं, में भी जलपान गृह आरम्भ किया। निगम के बड़ोग में होटल तथा दो जलपान गृह आरम्भ होने से शिमला उच्च मार्ग पर पर्यटन विकास में प्रयाप्त उन्नति हुई है। निगम ने वर्ष 1983 में अपने कार्यकलापों का प्रचार नए हस्त पत्र, पुस्तिका, पिक्चर कार्ड, प्रसिद्ध राष्ट्रीय एवं स्थानीय दैनिकीयों तथा पर्यटन पत्रिकाओं के द्वारा किया। निगम ने इस वर्ष भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला तथा भारतीय पर्वतारोहण संस्थान के रजत जयन्ती समारोह में दिल्ली, अहमदाबाद तथा मद्रास में प्रचार हेतु प्रदर्शनियों में भाग लिया। इन विज्ञापन प्रचार सम्बन्धित प्रयत्नों के फलस्वरूप वर्ष 1983 में 1982 की तुलना में 30 लाख रुपये का अधिक व्यापार हुआ।

निगम पैकेज टूअरों का आयोजन करके, विख्यात उद्यमियों को सम्मेलन करने के लिए आमंत्रित करके तथा फिल्म प्रोडयूसरों को शूटिंग के लिए सर्दियों के दौरान निवास के खर्च पर छूट देकर और शीत कालीन खेलों का आयोजन इत्यादि करके अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील है।

निगम द्वारा वर्ष, 1984 में होटल हांली डे होम का तृतीय चरण मनाली में कल्ब हाऊस जो कुल्लू घाटी में मनोरंजन के केन्द्रीय स्थान होंगे, रेणुका में आहारिका तथा पौंटा साहिब में अतिरिक्त आवास सुविधा आरम्भ की जाएंगी। पर्यटक परिसर मनीकरण तथा चम्बा स्थित होटल के निर्माण कार्य में पर्याप्त प्रगति हुई।

निगम ने वर्ष 1984 में विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 362.81 लाख रुपये समोदित किए हैं। इन परियोजनाओं में विशेष कर पठानकोट के समीप चक्की नामक स्थान पर होटल, पर्यटकों के लिए शिमला में अस्थाई आवास, डलहौजी में होटल, नाहन तथा बिलासपुर में पर्यटक आवास साथ ही शिमला के समीप वाईल्ड फलांवर में अतिरिक्त आवास का निर्माण शामिल है। विचाराधीन वर्ष के अन्तर्गत निगम द्वारा होटलों के निर्माण कार्य के अतिरिक्त 30 लाख रुपये नई बसें, कारों तथा जीपों पर खर्च करने का प्रस्ताव भी है।

31 दिसम्बर, 1982 का अस्थाई सन्तुलन पत्र तथा वर्ष 1982 का लाभ-हानि लेखा तालिका क्रमशः 12.1 तथा 12.2 में दर्शाया गया है।

# हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम सीमित, शिमला

## 12.1—31 दिसम्बर, 1982 का सन्तुलन पत्र*

(लाख रुपयों में)

| दायित्व | 31-12-82 को | सम्पदा | 31-12-82 को |
|---|---|---|---|
| 1. अंश पूंजी : | | 1. स्थिर सम्पदा | 413.75 |
| (क) अधिकृत | 700.00 | 2. प्रगति पर पूंजी कार्य | 12.75 |
| (ग) चुकाई गई | 563.04 | 3. उपार्जित ब्याज परन्तु देय नहीं | 0.04 |
| 2. आर्थिक सहायता | 9.51 | | |
| 3. प्रतिभूत ऋण | 25.48 | 4. स्टाक एवं भण्डार | 10.75 |
| 4. अप्रतिभूत ऋण | 23.06 | 5. विविध देनदार | 58.00 |
| 5. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान : | | 6. नगद | 1.15 |
| (क) सरकार को देय राशि | 2.75 | 7. बैंक बैलंस | 12.01 |
| (ख) ग्राहकों से अग्रिम | 0.88 | 8. अवधि निक्षेप | 0.40 |
| (ग) विविध लेनदार | 21.18 | 9. ऋण एवं अग्रिम | 14.32 |
| (घ) अन्य दायित्व | 20.75 | 10. कार्यों के लिए अग्रिम | 66.14 |
| | | 11. विविध व्यय | 2.90 |
| (ङ) बैंक से ओवर ड्राफ्ट | 8.97 | 12. लाभ हानि लेखा | 83.41 |
| जोड़ | 675.62 | जोड़ | 675.62 |

*अस्थाई

# हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम सीमित, शिमला

## 12. 2--31 मार्च, 1982 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ–हानि लेखा *

(लाख रुपयों में)

| विवरण | 31-12-82 को | विवरण | 31-12-82 को |
|---|---|---|---|
| को— | | से-- | |
| 1. वेतन तथा भत्ते | 53.69 | 1. किराया | 72.13 |
| 2. यात्रा भत्ता | 1.66 | 2. कर्मचारी आवास | 0.51 |
| 3. चिकित्सा प्रतिपूर्ति | 0.60 | 3. जलपान गृह | 72.79 |
| 4. अवकाश वेतन तथा सेवा निवृत्ति योगदान | 0.16 | 4. कोल्ड ड्रिंक्स | 5.95 |
| 5. अंशदायी भविष्य निधि | 3.44 | 5. बार | 14.53 |
| 6. अंशदायी भविष्य निधि का प्रशासनिक व्यय | 0.21 | 6. लिफ्ट | 3.43 |
| 7. अंशदायी भविष्य निधि का बीमा प्रभार | 0.22 | 7. वाहन | 41.76 |
| 8. बोनस इत्यादि | 3.00 | 8. साहित्य | 0.70 |
| 9. जलपान गृह का प्रावधान | 38.71 | 9. स्पोर्ट्स | 0.74 |
| 10. ईंधन | 8.38 | 10. ब्याज | 0.19 |
| 11. बार का प्रावधान | 10.25 | 11. विविध आय | 2.98 |
| 12. कोल्ड ड्रिंक्स का प्रावधान | 3.54 | 12. सहाय अनुदान | 15 00 |
| 13. साहित्य पर व्यय | 0.51 | | |
| 14. खेलों पर व्यय | 0.08 | | |
| 15. वाहनों की मरम्मत | 13.08 | | |
| 16. वाहनों पर पी० ओ० एल० | 10.73 | | |
| 17. कर्मचारी कल्याण | 2.39 | | |
| 18 जल एवं विद्युत | 9.26 | | |
| 19. मुद्रण तथा लेखन सामग्री | 2.84 | | |
| 20. डाक व तार | 0.32 | | |
| 21. दूरभाष | 3.71 | | |
| 22. वर्दियां इत्यादि | 2.33 | | |
| 23. समाचार पत्र | 0.24 | | |
| 24. किराया, दर तथा कर | 1.48 | | |
| 25. प्रचार विज्ञापन तथा व्यापार उन्नति | 4.93 | | |
| 26. फोटोग्राफी सामग्री | 0.38 | | |
| 27. बागवानी व्यय | 0.18 | | |
| 28. टोल/टोकन कर | 0.71 | | |
| 29. निगम के अतिथि | 0.34 | | |
| 30. मनोरंजन | 0.40 | | |
| 31. भवन की मुरम्मत | 4.23 | | |
| 32. फर्नीचर की मुरम्मत | 0.22 | | |
| 33. अन्य मुरम्मत | 1.42 | | |
| 34. कर्मचारी प्रशिक्षण | 0.10 | | |
| 35. पिछले वर्ष का व्यय | 0.06 | | |
| 36. धुलाई पर व्यय | 2.18 | | |
| 37. ग्रीष्म तथा शरद ऋतु प्रभार | 0.27 | | |
| 38. ऋणों पर ब्याज | 4.87 | | |
| 39. व्यवसायिक खर्चे | 0.16 | | |
| 40. वाहनो पर बीमा एवं पंजीकरण | 0.46 | | |
| 41. अंकेक्षण फीस | 0.12 | | |
| 42. लेखा परीक्षकों को यात्रा प्रभार | 0.05 | | |
| 43. अपलिखित आरंभिक व्यय | 0.04 | | |
| 44. ग्रेच्युटी | 0.85 | | |
| 45. अवमूल्यन | 27.00 | | |
| 46. विविध व्यय | 7.25 | | |
| 47. सन्तुलन पत्र में ले जाया गया लाभ | 3.66 | | |
| जोड़ | 230.71 | जोड़ | 230.71 |

*अस्थाई

# 13

## हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य एवं आपूर्ति निगम सीमित, शिमला

सार्वजनिक वितरण प्रणाली जोकि भारत सरकार के नए बीस सूत्रीय कार्यक्रम का एक सूत्र है के प्रभावशाली एवं कुशल कार्यान्वियन के मार्ग में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार ने उच्च स्तर पर राज्य खाद्य एवं आपूर्ति निगम की स्थापना की। यह निगम 6 सितम्बर, 1980 को कम्पनीज अधिनियम 1956 के अन्तर्गत 2 करोड़ रुपए की अधिकृत अंश पूंजी सहित पंजीकृत किया गया। वर्ष 1983 में यह पूंजी बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए कर दी गई।

31 दिसम्बर, 1983 को निगम की चुकाई गई पूंजी 235 लाख रुपए थी। प्रारम्भिक चरणों में निगम की कार्यरत पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए स्टेट बैंक आफ इण्डिया, स्टेट बैंक आफ पटियाला, पंजाब नैशनल बैंक तथा युनाइटिड कमर्शियल बैंक नामक वाणिज्यिक बैंकों ने स्टाक को उपप्राधियित करके 299 लाख रुपए की नगद साख सुविधा प्रदान की थी। यह सुविधा जुलाई, 1982 से रिजर्व बैंक द्वारा बढ़ा कर 475 लाख रुपए कर दी गई है। आजकल निम्न बैंकों से नगद साख सुविधा प्राप्त की जा रही है:—

1. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक
2. स्टेट बैंक आफ पटियाला
3. स्टेट बैंक आफ इण्डिया
4. युनाइटिड कर्मशियल बैंक
5. पंजाब नैशनल बैंक
6. पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक

भविष्य में यह आशा है कि मिट्टी का तेल एवं कोयले इत्यादि अन्य वस्तुओं के वितरण को निगम को देने से निगम के कार्यकलापों के परिमाण में वृद्धि होगी अतः निगम ने सहयोगी बैंकों के माध्यम से एक प्रस्ताव जिसमें निगम की नगद साख सीमा को वर्तमान शर्तों पर ही बढ़ा कर 650 लाख रुपए करने का प्रस्ताव है, रिजर्व बैंक को भेजा है।

**उद्देश्य**—निगम का मुख्य उद्देश्य राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुवाही बनाना है। निगम यह कार्य प्रदेश भर में खुली हुई उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण जनसंख्या को आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति एवं वितरण करके तथा वस्तुओं के आदान द्वारा कर रहा है। निगम का मुख्य प्रयत्न जन साधारण को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति बनाए रखना है।

**संगठन**—निगम का मुख्यालय शिमला में स्थित है। सारे प्रदेश को दो मण्डलों में विभाजित किया गया है जिनके कार्यालय धर्मशाला एवं सोलन में हैं। धर्मशाला मण्डल चम्बा मण्डी तथा धर्मशाला तथा सोलन मण्डल शिमला नाहन एवं सोलन क्षेत्रों के कार्यों को देखता है। क्षेत्रीय प्रबन्धक अपने क्षेत्रों में वस्तुओं की पूर्ति को ठीक बनाए रखने के लिए उत्तरदाई हैं। यह कार्य उन थोक डिपुओं के माध्यम से जोकि जनजातीय क्षेत्र सहित सारे प्रदेश में खुले हैं उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करके एवं फैडरेशन, तहसील सहकारी यूनियन, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां, उचित दरों की दुकानों की मांग को पूरा करके करता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निगम को परचून व्यापार करने को भी कहा गया है निगम ने अभी तक 49 परचून की दुकानें खोली हैं तथा और अधिक दुकानें खोलने का प्रस्ताव है। निगम की थोक/उपथोक गोदामों तथा परचून दुकानों का जिलावार ब्यौरा निम्न है :—

| क्रम सं० | जिला का नाम | थोक/उपथोक गोदाम | परचून दुकानें (30-9-83 तक) | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शिमला . . | 8 | 22 | 30 |
| 2. | कुल्लू . . | 4 | — | 4 |
| 3. | किन्नौर . . | 1 | 1 | 2 |
| 4. | मण्डी . . | 11 | 7 | 18 |
| 5. | सोलन . . | 6 | 2 | 8 |
| 6. | बिलासपुर . . | 2 | 1 | 3 |
| 7. | सिरमौर . . | 9 | 6 | 15 |
| 8. | कांगड़ा . . | 14 | 5 | 19 |
| 9. | ऊना . . | 4 | 1 | 5 |
| 10. | हमीरपुर . . | 4 | — | 4 |
| 11. | लाहौल स्पिती . | 1 | 1 | 2 |
| 12. | चम्बा . . | 9 | 3 | 12 |
| | जोड़ : | 73 | 49 | 122 |

यह पहला सरकारी निगम है जो विक्रेताओं को निर्धारित राशि एवं विक्रय पर कमीशन देने का परीक्षण कर रहा है।

**कार्य समीक्षा**—निगम ने प्रभावी रूप से मार्च, 1981 से कार्य आरम्भ किया। वर्ष 1982-83 में निगम को विक्रय से प्राप्त राशि वर्ष 1981-82 के 1,419.98 लाख रुपए की तुलना में 2,596.31 लाख रुपए पहुंच गई तथा वर्ष में आशा है कि 1983-84 में यह राशि 3,000 लाख रुपए हो जाएगी। प्रचलित वित्तीय वर्ष के पहले नौ मासों में दिसम्बर, 1983 के अन्त तक प्राप्त राशि 2174.91 लाख रुपए है। वर्ष 1981-82, 1982-83 तथा 1983-84 (दिसम्बर, 1983 तक) का वस्तुवार विक्रय का विवरण निम्न हैं:—

(लाख रुपयों में)

| क्रम सं० वस्तु का नाम | विक्रय मूल्य | | |
|---|---|---|---|
| | 1981-82 | 1982-83 | 1983-84 (दिसम्बर, 1983 तक) |
| 1. लेवी चीनी . . | 619.04 | 809.22 | 617.50 |
| 2. रेप सीड तेल . | 313.83 | 310.65 | 232.26 |
| 3. आर० बी० डी०, पाम तेल | 176.20 | 338.87 | 293.67 |
| 4. गेहूं का आटा | 205.09 | 408.47 | 141.60 |
| 5. चावल . . | 8.77 | 360.71 | 419.20 |
| 6. दालें . . | 19.57 | 37.73 | 11.03 |
| 7. कपड़ा . . | 42.37 | 100.07 | 104.47 |
| 8. नमक . . | 3.60 | 4.15 | 5.20 |
| 9. सीमेंट . . | — | 180.00 | 305.65 |
| 10. अभ्यास पुस्तिकाएं . | 5.78 | 19.45 | 15.44 |
| 11. अन्य . . | 25.73 | 26.99 | 28.89 |
| जोड़: | 1419.98 | 2596.31 | 2174.91 |

31 मार्च, 1983 का अस्थाई सन्तुलन पत्र तथा निगम का वर्ष 1982-83 का लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका संख्या 13.1 तथा 13.2 में दिया गया हैं।

# हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य एवं आपूर्ति निगम सीमित, शिमला

## 13. 1—3 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-1982 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| 120.00 | 1. अंश पूंजी . . | 165.00 | 9.69 | 1. स्थिर सम्पदा . . . | 16.82 |
| 0.07 | 2. आरक्षिति एवं अधिशेष | 0.63 | — | 2. निवेश . . . | — |
| 204.69 | 3. प्रतिभूत ऋण . . . | 389.19 | 438.80 | 3. वर्तमान सम्पदाएं, ऋण एवं अग्रिम . . | 627.12 |
| 10.00 | 4. अप्रतिभूत ऋण . . . | 10.00 | 0.37 | 4. विविध व्यय . . . . | 0.32 |
| 114.10 | 5. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान . . | 79.44 | | | |
| 448.86 | योग | 644.26 | 448.86 | योग | 644.26 |

*लेखा परीक्षा होने की शर्त पर

# हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य एवं आपूर्ति निगम सीमित, शिमला

## 13.2—3 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ/हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से — | |
| 25.88 | 1. आरम्भिक स्टाक | 139.09 | 1,427.27 | 1. विक्रय . . . . | 2625.70 |
| 1612.94 | 2. क्रय . . . . | 2,610.12 | 207.98 | 2. राज्य सरकार द्वारा व्यय की प्रतिभूतिपूर्ति | 99.21 |
| 72.11 | 3. व्यय की प्रतिपूर्ति (सहाय अनुदान) . | 98.91 | | (सहाय अनुदान) | |
| 2.83 | 4. किराया, वाहन एवं माल हस्तन प्रभार . | 1.10 | — | 3. एस० टी० सी० से भाड़े की प्रतिपूर्ति . | 14.49 |
| 12.50 | 5. वेतन . . . | 20.30 | — | 4. पूरी की गई कमियां . . . | 1.57 |
| 2.69 | 6. दिक्रेताओं की कमीशन . . | 6.65 | 0.72 | 5. विविध आय . . . . | 0.93 |
| 0.27 | 7. कर्मचारी कल्याण . . . | 0.83 | 0.01 | 6. ब्याज . . . . | 0.18 |
| 0.03 | 8. वर्दियां इत्यादि . . . | 0.08 | 0.25 | 7. कमीशन . . . . | — |
| — | 9. भविष्य निधि अंशदान . . | 0.02 | 1.82 | 8. दावे . . . . | 1.28 |
| 0.88 | 10. अनुग्रह पूर्वक अदायगी . . | 0.64 | 139.09 | 9. अंतिम स्टाक . . . | 224.64 |
| — | 11. बोनस . . . . | 1.16 | | | |
| 0.33 | 12. चिकित्सा प्रतिपूर्ति . . . | 0.34 | | | |
| 4.11 | 13. यात्रा भत्ते . . . | 4.91 | | | |
| 0.39 | 14. जल एवं विद्युत् . . . | 0.37 | | | |
| 0.97 | 15. अनुरक्षण एवं मुरम्मत . . | 3.13 | | | |
| 1.40 | 16. डाक, संचार एवं दूरभाष . . | 1.96 | | | |
| 2.04 | 17. मुद्रण एवं लेखन सामग्री . . | 2.74 | | | |
| 0.07 | 18. समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं . | 0.08 | | | |
| 0.01 | 19. नस्तिकरण फीस . . . | 0.02 | | | |
| 5.60 | 20. किराया . . . | 13.45 | | | |
| 0.01 | 21. दर एवं कर . . . | 0.01 | | | |
| 0.75 | 22. बीमा . . . . | 1.56 | | | |
| 0.52 | 23. व्यापार उन्नति . . . | 0.71 | | | |
| — | 24. प्रदर्शनी पर व्यय . . . | 0.01 | | | |
| 0.26 | 25. विज्ञापन एवं प्रचार . . | 0.33 | | | |
| 24.98 | 26. ब्याज एवं बैंक प्रभार . . | 52.09 | | | |
| 0.12 | 27. लेखा परीक्षा . . . | 0.30 | | | |
| 0.30 | 28. विविध एवं व्यवसायिक प्रभार . | 0.44 | | | |
| 0.79 | 29. विविध व्यय . . . | 0.82 | | | |
| — | 30. उपलिखित दावे . . . | 1.03 | | | |
| 0.05 | 31. अपलिखित आरम्भिक व्यय . | 0.05 | | | |
| 1.58 | 32. अवमूल्यन . . . | 3.35 | | | |
| 0.05 | 33. आयकर के लिए प्रावधान . . | 0.60 | | | |
| 2.68 | 34. नीचे ले जाया गया लाभ . . | 0.80 | | | |
| 1777.14 | जोड़ | 2968.00 | 1777.14 | जोड़ | 2968.00 |

### लाभ तथा हानि समायोजन लेखा

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 0.02 | 1. गत वर्ष के व्यय . . . | 1.28 | (—)2.59 | 1. गत वर्ष से लाया गया शेष | 0.06 |
| 0.06 | 2. सन्तुलन पत्र में ले जाया गया शेष . | 0.63 | 2.67 | 2. ऊपर से लाया गया लाभ . . | 0.80 |
| | | | — | 3. गत वर्ष की आय . . | 0.65 |
| | | | — | 4. पूरी की गई कमियां . . | 0.40 |
| 0.08 | जोड़ | 1.91 | 0.08 | जोड़ . . . | 1.91 |

*लेखा परीक्षा होने की शर्त पर

# हिमाचल पथ परिवहन निगम, शिमला

हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना 2 अक्तूबर, 1974 को मंडी-कुल्लू पथ परिवहन निगम एवं हिमाचल राज्य परिवहन का समावेश करके की गई। यह निगम जनता को कुशल, तत्पर, मितव्ययी तथा पर्याप्त परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के लिए बनाया गया था। इस समय राज्य में लगभग 82 प्रतिशत यात्री मार्ग राष्ट्रीयकृत हैं। माल वाहन मुख्यतः निजी संचालकों के हाथ में है।

इस समय निगम के 19 कार्यालय/उप कार्यालय हैं जिनके मुख्यालय नाहन, परवाणु, रामपुर, रोहड़ू, शिमला (ढली), शिमला (स्थानीय), टापरी, बिलासपुर, कुल्लू, मण्डी, बैजनाथ चम्बा, धर्मशाला, हमीरपुर, पठानकोट, ऊना, नालागढ़, सरकाघाट तथा लाहौल-स्पिति (केलांग) में है। एक मण्डलीय कर्मशाला तथा एक अभिदान टिकट कक्ष तारादेवी में कार्यरत है। संचालन इकाइयों के कार्यों पर नियंत्रण रखने के लिए मण्डलीय प्रबन्धकों के नियंत्रण में तीन मण्डलीय कार्यालय जिनके मुख्यालय शिमला मण्डी तथा धर्मशाला में हैं, कार्यरत है। इस समय निगम के पास 1189 वाहन हैं जिनमें 1133 बसें, 15 ट्रक तथा 41 छोटे व अन्य वाहन हैं। इस वर्ष 31 दिसम्बर, 1983 तक 155 नई बसें तथा 2 कैबस वर्तमान गाड़ियों के समूह में जोड़ दिए गये हैं और इसी वर्ष 70 और नई बसें खरीदने की सम्भावना है। यदि धनराशि उपलब्ध हुई तो वर्ष 1984-85 में 125 बसें खरीदने का प्रस्ताव है।

निगम 811 बस मार्गों पर सेवाएं प्रदान कर रहा है जिस में से 227 मार्ग अन्तर्राज्यीय तथा 584 मार्ग राज्य के भीतर हैं। प्रचलित वर्ष में 66 मार्गों पर बस सेवाओं को दोबारा आरम्भ किया गया/नई बस सेवाएं आरम्भ की गई। 96 मार्गों पर बस सेवाएं बढ़ाई गई ताकि जनता को उत्तम सेवा उपलब्ध हो सके। सुंगरा,—दिल्ली—धर्मशाला, दिल्ली, चम्बा—दिल्ली, मण्डी—दिल्ली तथा शिमला—दिल्ली मार्गों पर विडियो लगी हुई आरामदेह/आंशिक आरामदेह/साधारण बस सेवाएं यात्रा को और अधिक आनन्द दायक बनाने के लिए आरम्भ की गई। यह अनुमान है कि निगम की बसें गत वर्ष के 644 लाख किलोमीटर की तुलना में इस वर्ष लगभग 675 लाख किलोमीटर दूरी तय करेंगी। निगम की बसें गत वर्ष के 527 लाख यात्रियों की तुलना में इस वर्ष लगभग 560 लाख यात्री ले जाएंगी। 31-3-83 को 0.85 लाख किलोमीटर बस मार्गों की तुलना में इस वर्ष बस मार्गों की किलोमीटरेज लगभग 0.88 लाख होगी।

निगम जनता को सुविधाजनक बस सेवा प्रदान करने के लिए भरसक प्रयत्न कर रहा है। वाहनों के ठीक रख रखाव, समय पर उनकी मुरम्मत तथा खराबियों को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रचलित वर्ष में विभंग-आपात प्रति 10,000 किलोमीटर पर 0.67 रहा। यदि इसकी तुलना अखिल भारतीय राज्य पथ परिवहन उपक्रमों के लगभग 1.4 के विभंग आपात से की जाए तो हमारी उपलब्धि सराहनीय है। दुर्घटनाओं को कम करने तथा यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सभी सम्भव पग उठाए गए हैं। इस वर्ष प्रति लाख कि० मी० पर दुर्घटना आपात 0.30 रहा। भारत के समस्त राज्य पथ परिवहन उपक्रमों का दुर्घटना आपात लगभग 0.90 प्रति लाख किलोमीटर है। दुर्घटना की स्थिति में घायलों को शीघ्र चिकित्सा सुविधा तुरन्त दी जाती है। घायल एवं अस्पताल में भर्ती हुए लोगों को अनुदान तथा मृतकों के उत्तराधिकारियों को अनुग्रह-पूर्वक अनुदान घटनास्थल पर ही दे दिया जाता है। निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को यात्रा बीमा योजना के अन्तर्गत लाया गया है। इस योजना के अन्तर्गत 20,000 रुपये की धनराशि हिमाचल प्रदेश में हुई दुर्घटनाओं में मरने वालों के न्यायिक उत्तराधिकारी को दी जाती है। घायलों को घाव की दशा में सीमा एवं अंगहीनता की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए 10,000 रुपये तक की धनराशि क्षति-पूर्ति के रूप में दी जाती है।

निगम की आय गत वर्ष के 22,05 लाख रुपये (अस्थाई) की तुलना में इस वर्ष लगभग 25,30 लाख रुपये होने की सम्भावना है। पिछले वर्ष की 3.37 रुपये प्रति किलोमीटर आय की तुलना में इस वर्ष 3.68 रुपये होने की सम्भावना है जोकि 31 पैसे अधिक है।

आय में वृद्धि के लिए निम्न पग उठाए गए हैं :—

(1) अपनी सीमाओं में चलने वाली गाड़ियों का निरीक्षण करने के लिए मुख्य स्थानों पर लाइन निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं।

(2) चलती बसों का निरीक्षण करने के लिए विशेष दलों का गठन किया गया है जिसमें मुख्य कार्यालयों, मंडलीय कार्यालयों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के पदाधिकारी भी सम्मिलित हैं।

(3) मुख्य स्थानों पर उड़न दस्तों का प्रबन्ध किया गया है। यह उड़न दस्ते मुख्य कार्यालयों के अधिकारियों के नियंत्रण में सहसा परीक्षण करते हैं।

(4) निरीक्षक कर्मचारियों के कार्यों पर सख्त निगरानी रखी जाती है और जहां पर कोई कमी पाई जाती है उनके

विरुद्ध कार्यवाही की जाती है जिससे निरीक्षण का स्तर ठीक रहे ।

(5) विभिन्न मार्गों पर आय का सर्वेक्षण किया जाता है जिससे अनुमानित आय का पता लग सके और वास्तव में प्राप्त हुई आय की तुलना इस अनुमानित आय से की जा सके जिससे न केवल वाहन का निरीक्षण आयोजित किया जा सकेगा अपितु कन्डक्टरों में बुरे तत्वों का भी पता लग सकेगा ।

(6) परिचालन आय पर कड़ी निगरानी रखने के लिए सभी को इस दिशा में सतर्क किया गया है।

प्रचलित वर्ष में डीजल तेल, उपस्नेहक, टायर तथा ट्यूब तथा अतिरिक्त पुर्जों इत्यादि के उपभोग में कड़ी निगरानी रखने के व्यय पर नियंत्रण रखा गया है। गुण तथा उत्पादन के आधार पर कर्मशालाओं की कार्यक्षमता में सुधार हुआ है। क्रय प्रणाली को भी सुवाही बनाया गया है जिससे क्रय में भी बचत हो सके और भंडारों में कम से कम सामग्री रखी जाए टायर अधिकाधिक चलें इसके लिए उनको रद्द करने से पहले बार-बार रिट्रीड किया जाता है। प्रत्येक टायर द्वारा तय की गई औसत दूरी पर भी नजर रखी जाती है। खर्च में कमी करने के लिए पुर्जों का निर्गम कड़ी छानबीन के बाद किया जाता है। गाडियों को कर्मशाला में रखने के समय को कम करने के लिए तथा गाडियों के प्रयोग को अधिकाधिक करने के लिए अत्याधिक प्रयत्न किये जा रहे हैं। योजना आयोग द्वारा वर्ष 1983-84 के लिए स्वीकृत 92 प्रतिशत चलन उपयोगिता की तुलना में सितम्बर, 1983 को समाप्त होने वाली तिमाही में बसों की उपयोगिता 94.8 प्रतिशत रही।

प्रचलित वर्ष में प्रति किलोमीटर व्यय गत वर्ष के 3.83 रुपये की तुलना में 4.08 रुपये होने की संभावना है। प्रति किलोमीटर व्यय में यह वृद्धि विविध भण्डारों की कीमतों में वृद्धि, बसों के मूल्यों में वृद्धि तथा महंगाई भत्ते की किस्तें आदि देने के कारण हुई है। इन मदों की कीमतों में बढ़ोतरी होने के कारण प्रति किलोमीटर व्यय वृद्धि 7 प्रतिशत हो सकती थी परन्तु कड़े नियंत्रण के कारण यह वृद्धि सीमित रही। वर्ष 1982-83 में 300 लाख रुपये (अस्थाई) का घाटा हुआ जबकि प्रचलित वर्ष में 275 लाख रुपये का घाटा होने की संभावना है। निगम यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए बस स्टेंड का निर्माण तथा अनुरक्षण जिन पर सभी सामान्य सुविधाएं उपलब्ध हों, पर विशेष ध्यान दे रहा है। प्रचलित वर्ष में मुख्य निर्माण कार्य जो कार्यान्वित हुए, हो रहे हैं/संभवतः होने हैं, निम्नलिखित हैं :—

1. धर्मशाला में बस स्टेंड का निर्माण
2. धर्मशाला बस स्टेंड पर जल आपूर्ति
3. रामपुर में बस स्टेंड का निर्माण
4. स्वारघाट में बस स्टेंड का निर्माण
5. चम्बा में बस स्टेंड तथा प्रशासकीय ब्लाक का निर्माण
6. नाहन में सर्विस-डग, बाऊंड्री वाल तथा विविध निर्माण कार्य
7. रामपुर में कर्मशाला का निर्माण
8. रोहड़ू में कर्मशाला का निर्माण
9. ढली में कर्मशाला—शालिकाओं का निर्माण
10. बैजनाथ में कर्मशाला-शालिकाओं का निर्माण
11. नालागढ़ में कर्मशाला का निर्माण
12. कुल्लू में कर्मशाला का निर्माण।

रियायती दरों पर किराए की सुविधा केन्द्रीय राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को प्रदान की जाती है। शैक्षणिक, खेल-कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी किराए में 50 प्रतिशत छूट की सुविधा उपलब्ध है। अन्धे तथा अपंग व्यक्तियों को निगम की बसों में बिना किराए यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा पत्रकारों को भी उपलब्ध है।

कर्मचारियों के कल्याण की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न श्रम कानूनों को लागू किया जा रहा है और इन कानूनों के अन्तर्गत कर्मचारियों को समस्त लाभ व सुविधाएं प्रदान की जाती है। दुर्घटना व निधन के समय उनको या उनके न्यायिक आश्रितों को उचित सहायता दी जाती है। निगम की इकाइयों में कार्य समितियां बनाई गई हैं ताकि कर्मचारियों की कार्यव्यवस्था में सुधार हो। खेल-कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। निगम की टीम ने राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में भाग लिया तथा विजय श्री प्राप्त की। चिकित्सा सुविधाएं एल०टी०सी० व उन कर्मचारियों के आश्रितों को जिनका कार्यकाल में निधन हो जाए रोजगार की सुविधा प्रदान की जा रही है।

निगम अपने कर्मचारियों को तारादेवी, बैजनाथ, बिलासपुर, नाहन तथा धर्मशाला में आवास सुविधा प्रदान करता है। इस सुविधा को अन्य स्थानों पर भी देने का प्रस्ताव है। वर्ष 1982-83 में कर्मचारियों को 8.33 प्रतिशत की दर से बोनस दिया गया है। प्रचलित वर्ष में प्रबन्धकों एवं मजदूरों के सम्बन्ध अच्छे रहे।

31 मार्च, 1982 का सन्तुलन पत्र तथा वर्ष 1981-82 का लाभ-हानि लेखा क्रमश: तालिका 14.1 तथा 14.2 में दिया गया है।

# हिमाचल पथ परिवहन निगम, शिमला

## 14.1—31 मार्च, 1982 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-81 को | दायित्व | 31-3-82 को | 31-3-81 को | सम्पदा | 31-3-82 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. पूंजी योगदान: | | | 1. स्थिर सम्पदा: | |
| 10,75.23 | (क) हिमाचल प्रदेश सरकार . . | 12,90.23 | 1,32.50 | (क) भूमि एवं भवन . . . | 2,01.31 |
| 3,69.57 | (ख) केन्द्रीय सरकार (उत्तर रेलवे द्वारा) | 4,32.57 | 13,48.31 | (ख) वाहन . . . . | 15,97,.49 |
| | 2. ऋण: | | 7.99 | (ग) फर्नीचर इत्यादि . . . | 9.28 |
| 7.00 | (क) हिमाचल प्रदेश सरकार से . | 7.00 | 3.48 | (घ) विविध कार्यालय उपकरण . . | 3.58 |
| 1.11 | (ख) उत्तर रेलवे द्वारा अग्रिम . . | 1.11 | | | |
| 39.35 | (ग) राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा . . | 77.74 | 17.13 | (ङ) औजार एवं संयंत्र . . . | 19.13 |
| | 3. आरक्षिति एवं निधि: | | 9.23 | (च) निक्षेप कार्य . . . . | 1.80 |
| 5,62.55 | (क) अवमूल्याकन आरक्षित निधि . | 7,94.71 | 10.94 | (छ) प्रगति पर कार्य . . . | 11.42 |
| 1.56 | (ख) वाहन परिवहन आरक्षित निधि . | 2.88 | 1,34.54 | 2. निवेश . . . . | 2,27.72 |
| 0.07 | (ग) श्रम कल्याण निधि . . | 0.07 | 5,32.78 | 3. वर्तमान सम्पदा . . . | 5,08.72 |
| 23.68 | (घ) सामान्य भविष्य निधि . . | 49.79 | 4,76.59 | 4. हानि . . . . | 9,19.63 |
| 1,22.14 | (ङ) अंशदाई भविष्य निधि . . | 1,83.96 | | | |
| 14.00 | (च) पेंशन तथा ग्रैच्यूटी निधि . . | 16.00 | | | |
| 14.22 | 4. निक्षेप . . . | 18.62 | | | |
| | 5. वर्तमान प्रावधान एवं दायित्व: . | | | | |
| 4,38.16 | (क) दायित्व . . . | 6,20.63 | | | |
| 4.85 | (ख) प्रावधान . . . | 4.77 | | | |
| 26,73.49 | जोड़ | 35,00.08 | 26,73.49 | जोड़ | 35,00.08 |

## हिमाचल पथ परिवहन निगम, शिमला

### 14.2— वर्ष 1981-82 का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1980-81 | व्यय | 1981-82 | 1980-81 | आय | 1981-82 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| | (क) संचालन व्यय : | | | (क) संचालन राजस्व : | |
| 281.09 | 1. ट्रैफिक | 318.03 | 1374.67 | 1. यात्रियों से आय | 1672.26 |
| 917.50 | 2. मुरम्मत एवं अनुरक्षण | 1252.08 | 7.35 | 2. डाक सेवा | 6.76 |
| 83.04 | 3. अनुज्ञप्तियां तथा कर | 90.35 | 2.68 | 3. बाह्य एजेन्सी आय | 1.75 |
| 17.48 | 4. कल्याण तथा निवर्तन प्रभार | 18.86 | 22.08 | 4. सामान ढोने से आय | 12.48 |
| 183.29 | 5. सामान्य प्रशासनिक व्यय | 221.82 | 238.02 | 5. अन्य राजस्व | 108.08 |
| 191.28 | 6. अवमूल्यन | 256.97 | 42.88 | 6. नीचे लाया गया संचालन घाटा | 368.99 |
| 14.00 | 7. प्रतिकर, दावे इत्यादि | 12.21 | | | |
| 1687.68 | जोड़ | 2170.32 | 1687.68 | जोड़ | 2170.32 |
| 42.88 | नीचे लाया गया संचालन घाटा | 368.99 | — | नीचे लाया गया संचालन लाभ | — |
| | (ख) गैर संचालन व्यय : | | | (ख) गैर संचालन राजस्व : | |
| 87.97 | 1. पूंजी/ऋण पर ब्याज | 104.60 | 19.01 | 1. अन्य राजस्व | 30.55 |
| — | 2. सन्तुलन पत्र में लाया गया लाभ | — | 111.84 | 2. सन्तुलन पत्र में ले जाया गया घाटा | 443.04 |
| 130.85 | जोड़ | 473.59 | 130.85 | जोड़ : | 473.59 |

# हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम को हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक अधिनियम 1979 के अन्तर्गत स्थापित किया गया था। इस निगम ने वास्तव में 25 अगस्त, 1981 को कार्य करना आरम्भ किया। निगम का मुख्य कार्य भूतपूर्व सैनिकों को सेवा निवृति के बाद उनके पुर्नस्थापन के लिए बैंकों तथा अन्य सरकारी वित्तीय संस्थाओं से ऋण इत्यादि का प्रबन्ध करना है। निगम को वित्त सरकार से अनुदान के रूप में प्राप्त होता है। अब तक निगम 30.50 लाख रुपए प्राप्त कर चुका है जिसका वर्ष वार विवरण निम्न है :—

(लाख रुपयों में)

| वर्ष | राशि |
|---|---|
| 1980-81 . . . | 0.50 |
| 1981-82 . . . | 10.00 |
| 1982-83 . . . | 10.00 |
| 1983-84 . . . | 10.00 |

आरम्भ में निगम ने भूतपूर्व सैनिकों को सीधे तौर पर ऋण देना शुरु किया लेकिन बाद में अपने सीमित वित्त साधनों का लाभ अधिक से अधिक भूतपूर्व सैनिकों को पहुंचाने के लिए विभिन्न बैंकों से ऋण देने के लिए आपसी सहयोग स्थापित किया जिसके अन्तर्गत निगम अब केवल ऋण ग्रहताओं को मारजिन मनी ऋण तथा ब्याज पर सहाय अनुदान देता है ताकि बैंकों के ब्याज के दर निगम के ब्याज दरों के बराबर ही रहे। निगम की विभिन्न ब्याज की दरें निम्न हैं :—

| ऋण राशि (रुपए) | प्रार्थी की आय (रुपए) | ब्याज |
|---|---|---|
| 3000 तक | 3,600 से कम | 2 प्रतिशत |
| 3001—10000 | 3,601—5,600 | 4½ प्रतिशत |
| 10000—15000 | 5,601—7,600 | 6 प्रतिशत |
| 15001—30,000 | — | 7½ प्रतिशत |
| 30000 से ज्यादा | — | 10 प्रतिशत |

वर्ष 1981-82 में तथा वर्ष 1982-83 के प्रथम भाग में निगम ने स्वयं 3.56 लाख रुपए के ऋण दिए उसके बाद बैंकों ने ऋण देना आरम्भ कर दिया। 30 नवम्बर, 1983 तक बैंक 108.79 लाख रुपए के विभिन्न प्रकार के ऋण दे चुके थे जबकि निगम ने 5.36 लाख रुपए के मारजिन मनी ऋण दिए। इसके अतिरिक्त निगम ने 0.35 लाख रुपए का ब्याज सहाय अनुदान भी दिया। निगम की 30 नवम्बर, 1983 तक की ऋण की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है।

| परियोजना का नाम | निगम द्वारा दिए गए सीधे ऋण | | निगम द्वारा दिया गया मारजिन मनी | | ब्याज सहाय अनुदान | | बैंकों द्वारा स्वीकृत केस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | केस | राशि (लाख रुपयों में) | केस | राशि (लाख रुपयों में) | केस | राशि (लाख रुपयों में) | संख्या | राशि (लाख रुपयों में) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1981-82: | | | | | | | | |
| 1. विविध परियोजनाएं . . | 22 | 1.32 | — | — | — | — | — | — |
| योग | 22 | 1.32 | — | — | — | — | — | — |
| 1982-83: | | | | | | | | |
| 1. विविध परियोजनाएं . . | 33 | 2.24 | — | — | — | — | — | — |
| 2. ट्रकों के लिए . . | — | — | 24 | 3.49 | — | — | 29 | 54.42 |
| 3. अन्य वाहन के लिए . . | — | — | — | — | — | — | 2 | 1.32 |
| 4. वाहनों के अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए . . . . | — | — | — | — | — | — | 21 | 1.37 |
| योग | 33 | 2.24 | 24 | 3.49 | — | — | 52 | 57.11 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1983-84 : | | | | | | | | |
| (30-11-83 तक) | | | | | | | | |
| 1. ट्रकों के लिए | — | — | 13 | 1.46 | 17 | 0.32 | 22 | 38.79 |
| 2. अन्य वाहनों के लिए | — | — | 7 | 0.35 | 1 | 0.01 | 9 | 7.03 |
| 3. वाहनों के अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए | — | — | 1 | 0.06 | 12 | 0.02 | 69 | 5.86 |
| योग | — | — | 21 | 1.87 | 30 | 0.35 | 100 | 51.68 |
| कुल योग | 55 | 3.56 | 45 | 5.36 | 30 | 0.35 | 152 | 108.79 |

क्योंकि ट्रकों के ऋणों के लिए निगम के पास अधिकाधिक प्रार्थना पत्र आ रहे हैं, निगम उनके लिए गगल (बिलासपुर) में स्थित ए०सी०सी० सिमेंट फैक्ट्री में कार्य दिलाने का प्रबन्ध भी कर रहा है। जैसे ही सीमेंट फैक्ट्री, गगल में सीमेंट उत्पादन आरम्भ हो जायेगा, निगम भूतपूर्व सैनिक ट्रांसपोर्ट यूनियन बिलासपुर को जो कि इस निगम का एक भाग है, सीमेंट तथा अन्य सम्बन्धित वस्तुओं की ढुलाई के ठेके में हिस्सा दिलाएगा। यह आशा है कि भूतपूर्व सैनिकों के लगभग 100 ट्रकों को प्रतिदिन काम मिलेगा।

निगम ने वन विभाग से विचार विमर्श करके भूतपूर्व सैनिकों द्वारा वन रोपणियाँ लगाने की एक अन्य योजना बनाई है। प्रचलित वर्ष में प्रदेश में 11 वन रोपणियां लगाई जा चुकी है जिनके पौधे वन विभाग ने इस कार्य में लगे व्यक्तियों को प्रति व्यक्ति 7000 रुपये से 8000 रुपए देकर खरीदे। यह परियोजना लोकप्रिय होती जा रही है तथा यह आशा की जा रही है कि आगामी वर्ष में और अधिक भूतपूर्व सैनिक यह कार्य अपना कर अपनी अल्प आय में वृद्धि कर पाएंगे।

निगम भूतपूर्व सैनिकों के लिए हमीरपुर में हिमकोन, शिमला और एस०आई०एस०आई० सोलन द्वारा संचालित उद्यमी प्रशिक्षण का प्रबन्ध कर रहा है। हिमकोन द्वारा पहले दल को वर्ष 1984 में प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम निर्धारित है।

निगम अपनी गतिविधियों में विभिन्न सरकारी विभागों तथा विविध बैंकों जिनके साथ इसका सहयोग है, की सहायता प्राप्त कर रहा है। बैंकों द्वारा दी गई सहायता लगभग संतोषजनक रही तथा ऋण की दिशा में आ रही किसी भी तरह की रुकावट एवं कठिनाई को उचित स्तर पर बातचीत द्वारा दूर कर लिया गया। निगम बैंकों के क्षेत्रीय/मण्डल प्रबन्धकों एवं निदेशक संस्था वित्त, हिमाचल को पत्र लिख कर बैंकों में बकाया ऋण प्रार्थनापत्रों को शीघ्र निपटाने का आग्रह कर रहा है। वर्ष 1983-84 में योजना राशि बढ़ाने के फलस्वरूप निगम भूतपूर्व सैनिकों को और अधिक लाभ पहुंचाने एवं उनकी आर्थिक दशा सुधारने की दिशा में और अधिक पग उठा सकेगा।

निगम का 31-3-83 का सन्तुलन पत्र एवं वर्ष 1982-83 का लाभ–हानि लेखा क्रमशः तालिका 15.1 एवं 15.2 में दिये गए हैं।

# हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर

## 15.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदाएं | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| 10.50 | 1. अधिकृत पूंजी | 20.50 | 0.10 | 1. स्थिर सम्पदाएं | 0.33 |
| | 2. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान : | | 0.78 | 2. वाहन | 1.27 |
| 0.08 | (क) देय वेतन | 0.17 | 0.07 | 3. कार्यालय उपकरण | 0.14 |
| 0.05 | (ख) देय बिल | 0.09 | — | 4. विद्युत उपकरण | 0.03 |
| — | (ग) कर्मचारी नकद शेष | 0.02 | | 5. वर्तमान सम्पदाएं ऋण एवं अग्रिम : | |
| | | | | (क) वर्तमान सम्पदाएं | |
| | | | 0.09 | (1) चेक/ड्राफ्ट तथा नकद | 5.02 |
| | | | 6.78 | (2) बैंक में जमा | 2.54 |
| | | | 1.40 | (ख) ऋण एवं अग्रिम | 6.73 |
| | | | 1.41 | 6. लाभ तथा हानि लेखा | 4.72 |
| 10.63 | जोड़ | 20.78 | 10.63 | जोड़ | 20.78 |

# हिमाचल प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर

## 15.2--1982-83 का लाभ-हानि लेखा

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| 0.61 | 1. वेतन एवं भत्ते | 1.80 | 0.03 | 1. ब्याज | 0.40 |
| 0.14 | 2. यात्रा भत्ता | 0.24 | 1.41 | 2. सन्तुलन पत्र में ले जायी गई शुद्ध हानि | 3.31 |
| — | 3. चिकित्सा प्रतिपूर्ति | 0.03 | | | |
| 0.02 | 4. मुद्रण एवं लेखन सामग्री | 0.11 | | | |
| 0.02 | 5. विज्ञापन एवं प्रचार | 0.02 | | | |
| — | 6. मनोरंजन | 0.01 | | | |
| 0.01 | 7. डाक एवं तार | 0.09 | | | |
| 0.01 | 8. अखबारें, पुस्तकें एवं पत्रिकाएं | 0.01 | | | |
| 0.02 | 9. ग्रीष्म एवं सर्द ऋतु प्रभार | 0.04 | | | |
| 0.03 | 10. विविध व्यय | 0.02 | | | |
| 0.01 | 11. लेखा परीक्षा शुल्क | 0.02 | | | |
| 0.01 | 12. वर्दियां | 0.03 | | | |
| 0.11 | 13. वाहनों का रख रखाव | 0.46 | | | |
| 0.20 | 14. किराया, दरें एवं कर | 0.42 | | | |
| 0.03 | 15. पानी एवं बिजली | 0.02 | | | |
| 0.22 | 16. अवमूल्यन | 0.39 | | | |
| 1.44 | जोड़ | 3.71 | 1.44 | जोड़ | 3.71 |

# हिमाचल वूल प्रोसैसर्ज सीमित, नालागढ़

(हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित की सहाय कम्पनी)

हिमाचल प्रदेश वूल प्रोसैसर्ज सीमित को एक सार्वजनिक कम्पनी के रूप में 11 अक्तूबर, 1974 को कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 2 करोड़ रुपये के दस-दस रुपये के 20 लाख रुपये साम्य अंशों में विभाजित अधिकृत पूंजी सहित पंजीकृत किया गया था। निगम की चुकाई गई पूंजी का 51 प्रतिशत भाग दस-दस रुपये के 4.9 लाख रुपये साम्य अंशों के रूप में हिमाचल प्रदेश एवं खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम द्वारा भरा गया है। तदनुसार 31 मार्च, 1983 को कम्पनी की चुकाई गई पूंजी 94.51 लाख रुपये थी जिसमें से कुल अंश पूंजी का 49 प्रतिशत भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्तीय निगम, जीवन बीमा निगम नामक विभिन्न राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं, पंजाब नेशनल बैंक, युनाईटिड कमर्शियल बैंक तथा जनता द्वारा धारित है।

1. **प्रोजेक्ट लागत**—संशोधित प्रोजेक्ट लागत का अनुमान निम्न है :

(लाख रुपयों में)

| मद | राशि |
|---|---|
| 1. भूमि एवं स्थल विकास . . | 3.12 |
| 2. भवन . . . . . | 30.80 |
| 3. संयंत्र एवं मशीनें . . . . | 117.39 |
| 4. विविध स्थिर सम्पदाएं . . . | 36.00 |
| 5. चालन से पहले के व्यय . . . | 34.75 |
| 6. कार्यरत पूंजी के लिए राशि . . . | 22.94 |
| जोड़ | 245.00 |

2. **वित्तीय साधन**—प्रोजेक्ट की 245.00 लाख रुपये की कुल लागत को निम्नलिखित साधनों से पूरा किया जा रहा है :—

(लाख रुपयों में)

| मद | राशि |
|---|---|
| 1. साम्य अंश पूंजी . . . . | 95.00 |
| 2. दीर्घ अवधि ऋण . . . . | 135.00 |
| 3. केन्द्रीय सहाय अनुदान . . . | 15.00 |
| जोड़ | 245.00 |

95 लाख रुपये की पूर्ण साम्य पूंजी अभिदत्त कर दी गई है जिसमें से 49,000 रुपये की याचित राशि अभी प्राप्त नहीं हुई है।

3. **दीर्घ अवधि ऋण**—135.00 लाख रुपये के दीर्घ अवधि ऋण कम्पनी को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्तीय निगम, भारतीय साख एवं निवेश निगम तथा जीवन बीमा निगम द्वारा समोदित किए जा चुके हैं, जिनमें से 112.43 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इन संस्थाओं से शेष 22.57 लाख रुपये के ऋण प्राप्त करने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं।

4. **केन्द्रीय सहाय अनुदान**—जिला सोलन के औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र नालागढ़ में स्थित इस प्रोजेक्ट को केन्द्रीय सहाय अनुदान के रूप में 15.00 लाख रुपये का लाभ पहुंचा है।

5. **कार्य की समीक्षा**—(क) प्रोजेक्ट भवन, प्रशासनिक ब्लाक, कार्य निर्माण शाला, सक्योरिंग कम—पैकिंग—शैड, कच्चे माल एवं निर्मित्त वस्तुओं के लिए गोदाम तथा सफाई की नालियां बनाने एवं बिजली लगाने का कार्य 30 बीघे 4 बिस्वे भूमि में 2,800 वूलन स्पिन्डल्ज लगाने का प्रोजेक्ट पूरा हो चुका है।

(ख) **मशीनों की स्थापना**—जनवरी, 1976 को 4 कार्डिंग मशीनों सहित 1,000 स्पिन्डल्ज पर परीक्षण के तौर पर तथा 1 अप्रैल, 1976 को वाणिज्यिक आधार पर कार्य आरम्भ किया गया था। पोलैण्ड से आयात की गई 5 कार्डिंग मशीनों को लगा दिया गया है तथा यह प्रति दिन तीन शिफ्टों के आधार पर कार्य कर रही हैं। फैक्टरी, गलीचों के लिए (बैलौर तथा शोडी) धागे का उत्पादन कर रही है जिस के लिए स्वदेशी ऊन की आवश्यकता है। जितनी ऊन प्रदेश में उपलब्ध है वह प्राप्त की जा रही है तथा बाकी जरूरत को पूरा करने के लिए ऊन राजस्थान तथा अन्य पड़ौसी राज्यों से खरीदी जा रही है।

(ग) **बिक्री**—कम्पनी ने उत्तर प्रदेश में स्थित बधोई में एक विक्रय कार्यालय खोला है। हिमाचल प्रदेश वर्सटिड मिल्स सीमित द्वारा अमृतसर में खोला गया विक्रय कार्यालय इस कम्पनी के उत्पादन का भी विक्रय करता है।

6. **रोजगार**—13-8-1983 को कम्पनी को बन्द कर दिया गया तथा इस में कार्यरत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई।

31 मार्च, 1983 को अस्थायी सन्तुलन पत्र एवं 31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका 16.1 तथा 16.2 में दर्शाए गए हैं :

# हिमाचल वूल प्रोसैसर्ज सीमित, नालागढ़

## (हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम की सहाय कम्पनी)

### 16.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र *

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. अंश पूंजी : | | 127.34 | 1. स्थिर सम्पदा | 127.13 |
| 200.00 | क. अधिकृत | 200.00 | | 2. वर्तमान सम्पदा, ऋण एवं अग्रिम : | |
| 95.00 | ख. निर्गमित एवं भरी गई | 95.00 | 56.63 | (क) भण्डार, स्टाक इत्यादि | 37.10 |
| 94.51 | ग. याचित एवं चुकाई गई | 94.51 | 85.18 | (ख) विविध देनदार | 49.93 |
| 15.00 | 2. आरक्षिति एवं अधिशेष | 15.00 | | | |
| 176.12 | 3. प्रतिभूत ऋण | 185.73 | 3.09 | (ग) नगदी एवं बैंक में जमा | 3.40 |
| 139.86 | 4. अप्रतिभूत ऋण | 133.21 | | | |
| 28.78 | 5. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान | 25.06 | 2.90 | (घ) ऋण व पेशगी एवं पहले चुकाया गया व्यय | 4.29 |
| | | | 1.62 | 3. विविध व्यय (जो अभी तक अपलिखित एवं समायोजित नहीं किया गया) | 1.46 |
| | | | 177.51 | 4. लाभ व हानि लेखा | 230.20 |
| 454.27 | जोड़ : | 453.51 | 454.27 | जोड़ : | 453.51 |

*अंकेक्षण होने की शर्त पर

# हिमाचल वूल प्रोसैसर्ज सीमित, नालागढ़

## (हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम की सहाय कम्पनी)

## 16.2--31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा* --क्रमशः

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | व्यय | 1982-83 | 1981-82 | आय | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को-- | | | से-- | |
| | 1. प्रारंभिक भण्डार : | | 57.37 | 1. विक्रय एवं कताई पर कमीशन . | 35.78 |
| -- | (क) कार्य प्रगति पर . . . | -- | 12.86 | 2. कार्य प्रगति पर . . | 3.63 |
| 3.60 | (ख) कच्ची ऊन . . . | 4.61 | 28.19 | 3. निर्मित्त वस्तुएं . . | 20.02 |
| -- | (ग) बेकार ऊन . . . . | -- | -- | 4. ब्याज की वसूली . . | 0.02 |
| 3.01 | (घ) अर्ध निर्मित्त . . . | 3.75 | 0.10 | 5. अन्य आय . . | 0.02 |
| -- | (ङ) काम न आने वाला वेस्ट . . . | 4.50 | 43.13 | 6. शुद्ध हानि . . | 52.69 |
| 28.35 | 2. निर्मित्त वस्तुएं . . . . | 28.19 | | | |
| 42.39 | 3. कच्चे माल की खपत . . . | 7.73 | | | |
| 5.34 | 4. तेल एवं उपस्नेहक . . | 1.68 | | | |
| 1.60 | 5. विविध भण्डार एवं स्पेयरज . . . | 0.71 | | | |
| 0.85 | 6. पैकिंग सामग्री . . . . | 0.28 | | | |
| 0.30 | 7. विद्युत सामग्री का भण्डार . . . | 0.10 | | | |
| 0.35 | 8. कम्बल निर्माण व्यय . . . | 0.02 | | | |
| 0.03 | 9. भाड़ा एवं वाहन शुल्क . . . | -- | | | |
| -- | 10. बॉयलर, रसायन, सफाई, रंगाई इत्यादि . | 0.09 | | | |
| 0.32 | 11. मुरम्मत एवं अनुरक्षण . . . | 0.21 | | | |
| 0.02 | 12. विविध व्यय . . . . | 0.14 | | | |
| 1.17 | 13. विद्युत प्रभार . . . . | 0.97 | | | |
| 20.23 | 14. वेतन, मजदूरी एवं भत्ते . . . | 22.59 | | | |
| 0.48 | 15. निदेशकों को परिश्रमिक . . . | 0.80 | | | |
| 1.66 | 16. भविष्य निधि एवं परिवार पेंशन को योगदान . | 2.24 | | | |
| 0.48 | 17. कर्मचारी एवं श्रमिक कल्याण . . | 0.65 | | | |
| 0.01 | 18. भर्ती व्यय . . . . | -- | | | |
| 0.19 | 19. किराया . . . . | 0.36 | | | |
| 0.18 | 20. डाक तार तथा टेलीफोन . . | 0.20 | | | |
| -- | 21. वर्दियां इत्यादि | 0.10 | | | |
| 1.85 | 22. बीमा . . . . | 1.60 | | | |
| 0.22 | 23. दरें, कर एवं विधि व्यय . . . | 0.25 | | | |
| 0.06 | 24. मुद्रण तथा लेखन सामग्री . . . | 0.12 | | | |
| 0.14 | 25. मनोरंजन . . . . | 0.15 | | | |
| 0.23 | 26. वाहन चालन व्यय . . . | 0.45 | | | |
| 0.83 | 27. यात्रा भत्ता तथा वाहन . . . | 1.01 | | | |
| 0.01 | 28. अतिथि गृह व्यय . . . | -- | | | |
| 0.13 | 29. लेखा परीक्षकों को पारितोषिक . . | 0.19 | | | |
| 0.10 | 30. आन्तरिक लेखा परीक्षा शुल्क . . . | 0.10 | | | |
| 0.13 | 31. बैंक प्रभार . . . . | 0.46 | | | |
| -- | 32. पंजीकरण एवं नस्तीयन शुल्क . . | 0.20 | | | |
| 0.06 | 33. विक्रय पर कमीशन . . . | 0.09 | | | |

## हिमाचल वूल प्रोसैसर्ज सीमित, नालागढ़

(हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम की सहाय कम्पनी)

16.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा—समाप्त

| 1981-82 | व्यय | 1982-83 | 1981-82 | आय | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0.27 | 34. छूट . . . . . | 0.01 | | | |
| 0.07 | 35. विज्ञापन एवं प्रचार . . . | 0.10 | | | |
| 0.01 | 36. व्यापार उन्नति . . . . | 0.16 | | | |
| 0.30 | 37. प्रारम्भिक व्यय जो अभी तक अपलिखित या समायोजित नहीं किये गये | 0.16 | | | |
| 7.55 | 38. अवमूल्यन . . . . | 7.50 | | | |
| — | 39. आय कर . . . . | 0.01 | | | |
| 19.13 | 40. ब्याज . . . . . | 19.67 | | | |
| 141.65 | जोड़ | 112.16 | 141.65 | जोड़ | 112.16 |

*लेखा परीक्षा होने की शर्त पर

# हिमाचल वर्सटिड मिल्स, नालागढ़

(हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित, शिमला की सहाय कम्पनी)

हिमाचल वर्सटिड मिल्स सीमित 11 अक्तूबर, 1974 को कम्पनीज ऐक्ट, 1956 के अन्तर्गत एक सार्वजनिक सीमित कम्पनी के रूप में पंजीकृत किया गया था। कम्पनी की अधिकृत पूंजी 2 करोड़ रुपए है जो दस दस रुपए के 20 लाख साम्य अंशों में विभक्त है। 31 मार्च, 1983 तक कम्पनी की भरी गई एवं चुकाई गई पूंजी 92 लाख रुपए थी, जिसमें से 51 प्रतिशत हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम, सीमित (होल्डिंग कम्पनी) द्वारा तथा 49 प्रतिशत भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्तीय निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, जीवन बीमा निगम, हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम नाम विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं तथा पब्लिक द्वारा चुकाई गई है।

1. **प्रोजेक्ट की लागत**––234 लाख रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाले 2,400 वर्सटिड स्पिण्डलों की क्षमता वाले प्रोजेक्ट का विवरण निम्न है :––

(लाख रुपयों में)

| मद | राशि |
|---|---|
| 1. संयंत्र, मशीनें और उपकरण . . . | 131.22 |
| 2. भूमि, भवन तथा सिविल कार्य . . | 40.61 |
| 3. प्रोजेक्ट लागत . . . . | 43.82 |
| 4. कार्यरत पूंजी की सीमा . . . | 18.35 |
| जोड़ | 234.00 |

2. **वित्तीय साधन**––प्रोजेक्ट की लागत निम्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूरी की जा रही है :––

(लाख रुपयों में)

| साधन | राशि |
|---|---|
| 1. साम्य पूंजी : | |
| (क) हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम | 47.00 |
| (ख) पब्लिक . . . . | 45.00 |
| 2. दीर्घकालीन ऋण . . . | 127.00 |
| सहाय अनुदान . . . | 15.00 |
| जोड़ | 234.00 |

92 लाख रुपये की समस्त साम्य अंश पूंजी प्राप्त की जा चुकी है। केन्द्रीय सहाय अनुदान का 100 प्रतिशत जो कि 112.43 लाख रू० है वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त कर लिया गया। शेष 14.57 लाख रुपयों के भुगतान का कार्य प्रगति पर है।

3. **कार्यों की समीक्षा**––(क) प्रोजेक्ट की सभी 2,400 स्पिंडल्ज चल रही है। एक शिफ्ट के आधार पर 5 नवम्बर, 1978 को तथा तीन शिफ्टों के आधार पर एक जनवरी, 1979 से वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ कर दिया है। वातानुकूल संयंत्र भी कार्य कर रहा है।

(ख) **कच्चा माल**––उत्तम किस्म के धागे को बनाने के लिए प्रयोग में लाया जाने वाला कच्चा माल आस्ट्रेलिया से आयात किया जा रहा है। इस ऊन को ऊन टोपस में बदलने के लिए किसी भी और वूल कोम्बिग प्लांट को भेज दिया जाता है। राज्य में जितनी भी अति उत्तम किस्म की मैरिनों ऊन उपलब्ध है को इस प्रोजेक्ट के लिए खरीदा जाता है।

(ग) **उत्पादन**––2/48, 1/48, 1/32, 2/32, 1/19, 2/19, 2/40 तथा 2/42 प्रकार के धागे का प्रतिदिन उत्पादन लगभग 450 किलोग्राम है। वर्ष 1983 के अन्त तक संयत्र 60 प्रतिशत की क्षमता पर कार्य कर रहा था। उत्पादन तथा उत्पादन क्षमता कम होने का कारण धन की कमी है। नवम्बर, 1983 से मिल ने जॉब-वर्क करना आरम्भ कर दिया है क्योंकि मिल के पास कच्चा माल खरीद कर धागा बनाने के लिए धन नहीं था।

(घ) **श्रम**––कम्पनी ने 127 श्रमिकों को रोजगार पर लगाया है। आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लिए 80 मकानों का निर्माण किया जा चुका है तथा इन्हें कम्पनी के इसी वर्ग के कर्मचारियों को अलाट कर दिया गया है।

(ङ) **बिक्री**––अमृतसर में एक विक्रय कार्यालय खोला गया है ताकि मुख्य मार्किट को अधिकार में लिया जा सके। कम्पनी उत्पादन का सारा विक्रय नकद आधार पर ही कर रही है।

31 मार्च, 1983 का अस्थायी संतुलन पत्र एवं 31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका 17.1 तथा 17.2 में दिया गया है।

# हिमाचल वर्सटिड मिल्ज, नालागढ़

## (हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम सीमित, शिमला की सहाय कम्पनी)

## 17.1—31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र*

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1. अंशपूंजी : | | 176.95 | 1. सकल ब्लाक | 184.81 |
| 200.00 | (क) अधिकृत | 200.00 | | 2. वर्तमान सम्पदा ऋण तथा अग्रिम : | |
| 92.00 | (ख) याचित एवं चुकाई गई | 92.00 | | | |
| 35.44 | 2. आरक्षित एवं अधिशेष | 43.84 | 88.00 | (क) वर्तमान सम्पदा | 37.38 |
| 177.82 | 3. प्रतिभूत ऋण | 195.66 | 11.05 | (ख) प्राप्य | 11.03 |
| 84.55 | 4. अप्रतिभूत ऋण | 85.43 | 5.46 | (ग) ऋण एवं अग्रिम | 2.48 |
| 3.23 | 5. वर्तमान दायित्व एवं प्रावधान | 3.54 | 41.95 | 3. हिमाचल वूल प्रोसेसर्ज सीमित | 60.71 |
| | | | 0.72 | 4. नकदी एवं बैंक में जमा | 4.80 |
| | | | 2.10 | 5. विविध व्यय जो अभी तक अपलिखित एवं समायोजित नहीं किया गया | 1.39 |
| | | | 66.81 | 6. लाभ व हानि लेखा | 117.87 |
| 393.04 | जोड़ : | 420.47 | 393.04 | जोड़ | 420.47 |

*अंकेक्षण होने की शर्त पर

# हिमाचल वर्सटिड मिल्ज, नालागढ़

## (हिमाचल प्रदेश खनिज एवं औद्योगिक विकास निगम, सीमित शिमला की सहाय कम्पनी)

## 17.2—31 मार्च, 1983 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ—हानि लेखा*

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को — | | | से — | |
| | 1. प्रारंभिक स्टाक : | | 166.43 | 1. विक्रय | 71.36 |
| 9.45 | (क) कच्चा माल | 22.27 | | 2. बन्द घोषित स्टाक | |
| 17.14 | (ख) निर्मित वस्तुएं | 9.34 | 22.27 | (क) कच्चा माल | 4.45 |
| 8.16 | (ग) कार्य प्रगति पर | 6.45 | | (वसूली मूल्य के आधार पर) | |
| 135.79 | 2. कच्चे माल का क्रय | 53.22 | 9.34 | (ख) निर्मित वस्तुएं | 26.31 |
| 1.39 | 3. भण्डार स्पेयरज पैकिंग तथा तेल का उपभोग | 1.85 | 6.45 | (ग) कार्य प्रगति पर | —— |
| 1.18 | 4. विद्युत ईंधन तथा पानी | 1.34 | 0.61 | 3. विविध प्राप्तियां | 0.27 |
| 12.67 | 5. कर्मचारियों के वेतन | 13.77 | 25.01 | 4. सन्तुलित पत्र में ले जाई गई शुद्ध हानि | 51.06 |
| 0.28 | 6. किराया (निदेशकों सहित) | 0.25 | | | |
| 1.80 | 7. बीमा | 1.72 | | | |
| 2.52 | 8. प्रशासनिक व्यय | 2.43 | | | |
| 30.71 | 9. ब्याज तथा बैंक प्रभार | 31.73 | | | |
| 0.27 | 10. सूची की फीस सहित विविध व्यय | 0.16 | | | |
| 0.08 | 11. आन्तरिक लेखा शुल्क | 0.10 | | | |
| 0.03 | 12. लेखा परीक्षा प्रभार | — | | | |
| 0.08 | 13. मशीनरी तथा अन्य की मुरम्मत व रखरखाव | 0.06 | | | |
| —— | 14. बोर्ड की बैठकों के व्यय एवं शुल्क | 0.02 | | | |
| 8.35 | 15. अवमूल्यन | 8.40 | | | |
| 0.21 | 16. अपलिखित प्रारम्भिक व्यय | 0.28 | | | |
| — | 17. निदेशकों को पारिश्रमिक | 0.06 | | | |
| 230.11 | जोड़ | 153.45 | 230.11 | जोड़ | 153.45 |

*लेखा परीक्षा होने की शर्त पर

18

# हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, शिमला

हिमचाल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का गठन सर्वप्रथम वर्ष 1968 में हिमचाल प्रदेश सरकार के 1966 के अधिनियम के अनुसार किया गया और यह 8 जनवरी 1968 को अस्तित्व में आया ।

इस के मुख्य लक्ष्य एवं उद्देश्य निम्न है :—

(क) खादी एवं ग्रामोद्योगों को उन्नत प्रोत्साहित एवं सहयोग देना तथा उन के उत्पादन का व्यापार करना,

(ख) व्यावसायिक रूप से खादी एवं ग्रामोद्योग में लगे लोगों को रोजगार प्रदान करना,

(ग) खादी एवं ग्रामोद्योग में लगे व्यक्तियों, समितियों तथा संस्थाओं को निर्धारित दरों पर ऋण देना

(घ) खादी एवं ग्रामोद्योग की सहकारी समितियों के गठन को प्रोत्साहित करना,

(ङ) खादी एवं ग्रामोद्योग को चलाने के लिए प्रशिक्षण पाठ्य-क्रम द्वारा आवश्यक दक्षता तथा ज्ञान प्रदान करना,

(च) खादी एवं ग्रामोद्योग के विकास की सुरक्षा करने के लिए औजार तथा उपकरण का निर्माण तथा इनका कच्चे माल सहित आपूर्ति का प्रबन्ध करना,

(छ) खादी एवं ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित वस्तुओं का विपणन भंडारण, दुकानों इम्पोरिया और प्रदर्शनियों के आयोजन द्वारा प्रचार एवं प्रसार करना और

(ज) खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादन में सुधार तथा विपणनता के उद्देश्य से अनुसंधान करना तथा इसको प्रोत्साहन देना ।

**कार्य क्षेत्र**——खादी एवं ग्रामोद्योग से सम्बन्धित समस्त हिमाचल प्रदेश बोर्ड के कार्यक्षेत्र में आता है ।

निम्नलिखित उद्योग बोर्ड के कार्यक्षेत्र में आते हैं :—

1. खादी
2. अनाज तथा दालों का विधायन
3. ग्राम तेल उद्योग
4. ग्राम चर्म उद्योग
5. कुटीर माचिस उद्योग
6. गुड़ तथा खांडसारी
7. अखाद्य तेल तथा साबुन
8. हाथ से निर्मित कागज
9. मधु मक्खी पालन
10. ग्राम में मिट्टी के बर्तन बनाना
11. धागा
12. बढ़ई तथा लौहार का काम
13. चूना बनाना
14. दवाइयों के लिए जंगल से पौधे तथा फल एकत्र करना
15. फल विधायन तथा फल परिरक्षण
16. बेंत तथा बांस
17. कत्था
18. गोंद तथा बरोजा
19. गोबर गैस
20. ग्रामोद्योग विक्रय भण्डार
21. पोलिवस्त्र

**वित्त**——खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग एक अग्र निकाय है जोकि राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को खादी और ग्रामोद्योग के अंतर्गत स्वीकृत कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए धन राशि देता है । आयोग अग्र निकाय होने के कारण हिमचाल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को योजना कार्यक्रमों के लिए धन राशि प्रदान करता है । राज्य सरकार एक्ट के प्रावधान तथा वचनानुसार प्लान तथा नोन प्लान स्कीमों के प्रशासकीय व्यय के लिए धनराशि देता है ।

वर्ष के अन्तर्गत खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग से पहले की भांति ही धन राशि प्राप्त होती रही । बोर्ड ने आयोग से प्राप्त धनराशि का भुगतान उन व्यक्तियों, सहकारी समितियों तथा पंजीकृत संस्थाओं को किया जो खादी एवं ग्रामोद्योग के विकास में लगे हुए हैं । इसके अतिरिक्त आयोग बोर्ड के विभागीय कार्यक्रमों के लिए भी धनराशि प्रदान करता है । बोर्ड को धनराशि अग्रदाय पद्धति में प्राप्त होती है ।

**बजट**——खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने 148.57 लाख रुपये आवंटित किये जिसमें से 134.99 लाख रुपये ऋण तथा 13.58 लाख रुपये ग्रामोद्योग के लिए अनुदान के रूप में थे । इसके अतिरिक्त खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने 12.44 लाख रुपये ट्राइसम् के अन्तर्गत ग्रामोद्योग प्रशिक्षण

सस्था की स्थापना के लिए सहाय अनुदान के रूप में आबंटित किये । इस संस्थान के लिए मण्डी में भवन निर्माणाधीन है जहां पर वांछित सुविधाएं पहले ही उपलब्ध हैं। शीर्ष खादी के अन्तर्गत 11.37 लाख रुपये विकास कार्यों के लिए कार्य निधि के रूप में प्रदान किये गये हैं ।

**भुगतान**—प्रचलित वर्ष के अन्तर्गत बोर्ड ने 142.74 लाख रुपये विभिन्न खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों को बांटे जिसमें से 130.43 लाख रुपये ऋण तथा 12.31 लाख रुपये अनुदान था ।

**सहायता प्राप्त इकाइयों से ऋणों की वसूली**—राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने प्रचलित वर्ष में 52.14 लाख रुपयों के ऋण व्यक्तियों, सहकारी समितियों तथा पंजीकृत संस्थाओं से वसूल किये ।

**एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम**—बोर्ड का ग्रामोद्योग कार्यक्रम 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत आता है । प्रचलित वर्ष में राज्य सरकार ने एकीकृत ग्रामीण विकास के अन्तर्गत लाने के लिए 500 परिवारों का लक्ष्य रखा है । बोर्ड ने इस लक्ष्य के विपरीत अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले उद्योगों के अन्तर्गत 508 आई०आर०डी० परिवारों को अपने निजी उद्योगों को स्थापित करने के लिए 2.08 लाख रुपये सहाय अनुदान तथा 11.14 लाख रुपये ऋण के रूप में वितीय सहायता दी ताकि वह स्वयं आजीविका अर्जित कर सकें।

**अन्य कार्यक्रम**—प्रचलित वर्ष के अन्तर्गत बोर्ड ने कताई/बुनाई के दो प्रशिक्षण एवं सामान्य सुविधा केन्द्र केलांग (जिला लाहौल स्पिति) तथा पांगी (जिला चम्बा) में जन जातीय उप योजना के अन्तर्गत स्थापित किये। 31 मार्च, 1983 तक चार एसे केन्द्र स्थापित हो चुके हैं । यह प्रशिक्षण केन्द्र स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे।

**विभिन्न उद्योगों में प्रगति**—बोर्ड ने 31 मार्च, 1983 तक 7,517 निजी कारीगरों, 116 सहकारी समितियों तथा 278 पंजीकृत संस्थाओं को वित्तीय सहायता दी ताकि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की योजनाओं का कार्यान्वयन हो । इसके अतिरिक्त बोर्ड के अधीन अन्य उत्पादन केन्द्र भी हैं । यह उत्पादन केन्द्र ऊनी रेशमी तथा सूती खादी चर्म वस्तुएं बांस तथा मिट्टी के पात्र बनाने में लगे हैं ।

**अनुसूचित जातीय परिवारों की सहायता**—वर्ष 1982-83 में बोर्ड ने 668 अनुसूचित जातियों के परिवारों को 16.26 लाख रुपये का ऋण तथा 3.81 लाख रुपये का सहाय अनुदान देकर सहायता की । वर्ष 1983-84 के लिए 700 अनुसूचित जातियों के परिवारों को वित्तीय सहायता देने का लक्ष्य था जिस में 21.30 लाख रुपयों का ऋण तथा 5.50 लाख रुपयों का सहाय अनुदान देना था । 31 दिसम्बर 83, तक 317 अनुसूचित जातियों के परिवारों को वित्तीय सहायता के रूप में 7.18 लाख रुपयों का ऋण तथा 1.78 लाख रुपये का सहाय अनुदान निजी उद्योगों को स्थापित करने के लिए दिया गया ।

**प्रदर्शनियां तथा प्रचार**—बोर्ड के कार्यक्रम प्रसारण करने के लिए वर्ष 1982-83 के अन्तर्गत विशेष मेलों तथा उत्सवों पर दिल्ली, मण्डी तथा कुल्लू में प्रदर्शनियों का आयोजना किया गया । इस के अतिरिक्त विविध ग्रामोद्योग पर फिल्में दिखा कर तथा लोगों में छपा साहित्य बांट कर प्रचार किया गया।

**उपलब्धियां**—वर्ष 1982-83 में खादी एवं ग्रामोद्योग का उत्पादन 1095.79 लाख रुपयों का हुआ तथा 1240.16 लाख रुपये का विक्रय हुआ इसमें 31,184 कुशल व अकुशल कारीगरों को रोजगार उपलब्ध हुआ ।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग बम्बई ने 183.86 लाख रुपयों का ऋण तथा 17.72 लाख रुपयों का सहाय अनुदान तथा 33.13 लाख रुपये बैंक ऋण के रूप में वर्ष 1983-84 में आवंटित किए जिसमें से 45.81 लाख रुपये ऋण 4.96 लाख रुपये सहाय अनुदान तथा 8.20 लाख रुपये बैंक ऋण के रूप में 31-12-83 तक 705 ग्रामीण औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए दिए गए । 31 दिसम्बर, 1983 तक 1220.00 लाख रुपयों का उत्पादन तथा 1490.00 लाख का विक्रय हुआ और 34,950 कारीगरों को रोजगार उपलब्ध हुआ।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने वर्ष 1984-85 के लिए अस्थाई रूप में 271.90 लाख रुपये का ऋण तथा 20.27 लाख रुपये का सहाय अनुदान तथा 27.94 लाख रुपये का बैंक ऋण खादी एवं ग्रामोद्योग विकास कार्यक्रम के लिए आवंटित किया है । इसी वर्ष में 1617.00 लाख रुपयों का उत्पादन, 1675.00 लाख रुपयों का विक्रय तथा 42,028 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

31 मार्च, 1983 का अस्थायी सन्तुलन पत्र वर्ष 1982-83 कर उत्पादन एवं विक्रय व्यापार लेखा तथा लाभ-हानि लेखा क्रमशः तालिका संख्या 18.1 से 18.3 में दिया गया है।

# हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, शिमला

## 18.1-31 मार्च, 1983 का सन्तुलन पत्र *

(लाख रुपयों में)

| 31-3-82 को | दायित्व | 31-3-83 को | 31-3-82 को | सम्पदा | 31-3-83 को |
|---|---|---|---|---|---|
| 421.72 | 1. व्यापार तथा दस्तकारों को भुगतान के लिए के० वी० आई० सी० से ऋण | 577.22 | 344.24 | 1. व्यापार कार्यों तथा दस्तकारों को ऋण भुगतान | 440.27 |
| 7.41 | 2. व्यापार तथा दस्तकारों को भुगतान के लिए के०वी०आई० सी० से सहायता | 9.27 | 0.21 | 2. सहायता | 0.12 |
| 22.96 | 3. राज्य सरकार से व्यापार कार्यों के लिए सहाय अनुदान | 18.60 | 28.81 | 3. स्थिर सम्पदा | 15.34 |
| 43.36 | 4. राज्य सरकार से स्थापना व्यय के लिए सहाय अनुदान का शेष | 39.53 | 28.07 | 4. फुटकर देनदार | 20.12 |
| 2.17 | 5. के० वी० आई० सी० को देय ब्याज | 2.96 | 9.81 | 5. कमी | 2.35 |
| 21.02 | 6. सी०पी० एफ० | 14.99 | 10.83 | 6. खादी कमीशन छूट | 6.73 |
| 17.18 | 7. अवमूल्यन | 14.76 | 126.76 | 7. अग्रिम | 12.14 |
| 24.10 | 8. अन्य आरक्षिति (आग, चोरी तथा अशोध्य ऋण इत्यादि के लिए) | 20.38 | — | 8. उपहृत तथा बेकार सामान | 1.16 |
| 19.92 | 9. आरक्षिति (सामान्य आरक्षित तथा कर्मचारी कल्याण निधि इत्यादि) | 17.49 | 75.29 | 9. नकद तथा बैंक शेष | 125.94 |
| 0.82 | 10. सिक्योरिटि | 0.84 | 93.91 | 10. बन्द घोषित स्टाक | 95.36 |
| 0.83 | 11. विविध दायित्व | 1.04 | 23.54 | 11. प्राप्य ब्याज | — |
| — | 12. लाभ तथा हानि लेखा | 2.45 | 0.49 | 12 लाभ तथा हानि लेखा | — |
| 23.54 | 13. अप्राप्य देय ब्याज | — | | | |
| 0.11 | 14. बुनकर कल्याण कोष | — | | | |
| 136.82 | 15. फुटकर लेनदार | — | | | |
| 741.96 | जोड़ | 719.53 | 741.96 | जोड़ | 719.53 |

* अंकेक्षण होने की शर्त पर

## हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, शिमला

### 18.2–वर्ष 1982-83 का उत्पादन तथा व्यापार लेखा*

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| | को— | | | से— | |
| 94.70 | 1. आरम्भिक शेष | 80.51 | 65.76 | 1. विक्रय | 69.00 |
| 6.90 | 2. मूल्य मार्जिन | 7.14 | 32.27 | 2. उपभोग | 24.63 |
| 46.22 | 3. उत्पादन | 39.68 | 11.36 | 3. व्यापार चैक | 11.21 |
| 2.29 | 4. व्यय | 1.71 | 93.08 | 4 बन्द घोषित स्टाक | 95.36 |
| 47.36 | 5. क्रय | 67.46 | 6.38 | 5. मूल्य मार्जिन | 4.30 |
| 11.38 | 6. लाभ | 8.00 | | | |
| 208.85 | योग | 204.50 | 208.85 | योग | 204.50 |

*अंकेक्षण होने की शर्त पर

## हिमाचल प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, शिमला

### 18.3-वर्ष 1982-83 का लाभ–हानि लेखा*

(लाख रुपयों में)

| 1981-82 | विवरण | 1982-83 | 1981-82 | विवरण | 1982-83 |
|---|---|---|---|---|---|
| 6.94 | 1. व्यय | 3.14 | 11.38 | 1. लाभ | 8.00 |
| 2.99 | 2. अवमूल्यन | 0.66 | 1.54 | 2. विविध आय | — |
| 4.74 | 3. प्रावधान | 3.42 | 36.51 | 3. सहाय अनुदान | 38.73 |
| — | 4 शुद्ध लाभ | 0.78 | 1.75 | 4. शुद्ध हानि | — |
| 36.51 | 5 यात्रा भत्ता तथा कन्टिनजैंसी | 38.74 | | | |
| 51.18 | योग | 46.74 | 51.18 | योग | 46.74 |

*अंकेक्षण होने की शर्त पर

# 19

## हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जातीय विकास निगम, सोलन

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जातीय विकास अधिनियम पारित होने के पश्चात् हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जातीय विकास निगम की स्थापना नवम्बर, 1979 में हुई। निगम ने अप्रैल, 1980 से प्रभावी रूप में कार्य करना आरम्भ किया।

निगम की अधिकृत पूंजी 5.00 करोड़ रुपये है। भारत सरकार ने राज्य सरकार के साथ निगम की अंश पूंजी में 49:51 के अनुपात में निवेश करना स्वीकार कर लिया है। वर्ष 1979-80 के दौरान राज्य सरकार ने निगम की अंश पूंजी में निवेश के लिए 45.00 लाख रुपये दिए। तदानुसार केन्द्रीय सरकार ने 43.00 लाख रुपये का अनुदान दिया। वर्ष 1980-81 के लिए 59 लाख रुपये का योजना प्रावधान है, (30 लाख रुपये राज्य सरकार द्वारा तथा 29 लाख रुपये केन्द्रीय सरकार द्वारा) जबकि वर्ष 1982-83 के लिए अनुदान की राशि 137.25 लाख रुपये है (70 लाख रुपए राज्य सरकार द्वारा तथा 67.25 लाख रुपये केन्द्रीय सरकार द्वारा)। 31-3-83 तक निगम में सरकार द्वारा 362.50 लाख रुपये की पूंजी लगाई गई थी। इसमें हिमचाल सरकार का भाग 185.00 लाख रुपये तथा केन्द्रीय सरकार का भाग 177.50 लाख रुपये था। वर्ष 1983-84 के दौरान हिमाचल सरकार तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा क्रमशः 70 लाख रुपये एवं 67.25 लाख रुपये लगाने की सम्भावना है।

निगम के कार्यक्रम निदेशक मण्डल के निर्देशानुसार तथा उनके नियन्त्रण में बनाए और लागू किये जाते हैं।

निगम का प्राथमिक कर्त्तव्य राज्य में अनुसूचित जाति के सदस्यों के आर्थिक उत्थान हेतु कार्य करना है। निगम के उद्देश्य निम्नलिखित हैं :—

(i) अनुसूचित जाति के सदस्यों को अच्छे ढंग से जीविकोपार्जन करने के लिए तथा उनके जीवन स्तर को सुधारने में मदद देने के लिए, राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित, कृषि विकास, पशु पालन, विपणन, विधायन, पूर्ति, कृषि उपज के भण्डारण, लघु उद्योग, ग्रामीण उद्योग तथा अन्य व्यापारिक गतिविधियों की योजना बनाना, उत्थान करना, कार्यान्वित करना तथा उनमें सहायता देना;

(ii) तकनीकी ज्ञान, प्रबन्धकीय सहायता, वित्तीय सहायता तथा किसी भी प्रकार की अन्य सहायता उपलब्ध करवा कर कुटीर उद्योग, लघु उद्योग तथा रोजगार दिलाने वाले उद्योगों की स्थापना के कार्यक्रम बनाना;

(iii) उपरोक्त उद्देश्यों के लिए अनुसूचित जाति के सदस्यों या अनुसूचित जातीय संगठनों को, प्रत्यक्ष या किसी अभिकरण, संगठन या संस्थान जो निदेशक मण्डल द्वारा पारित हो, के द्वारा ऋण और/या ऋण के लिए मार्जिन मनी के रूप में वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना;

(iv) किसी भी वित्तीय संस्थान से अनुसूचित जाति के सदस्यों या अनुसूचित जातीय संगठनों द्वारा किसी भी वित्तीय संस्था से लिए गए ऋणों को प्रत्याभूत करना;

(v) कृषि या अन्य उत्पादन या अन्य वस्तुओं के आदान एवं पूर्ति के लिए आवश्यकतानुसार हिमाचल प्रदेश सरकार या केन्द्रीय सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करना;

(vi) कुटीर एवं ग्रामीण उद्योगों और छोटे व्यापार की कठिनाइयों के सर्वेक्षण एवं अध्ययन के लिए सहायता प्रदान करना जिससे इनकी क्षमता और विकास सम्भावनाओं का अध्ययन हो सके। इससे न केवल इन उद्योगों की उन्नति होगी अपितु अनुसूचित जाति के सदस्यों को रोजगार भी मिल सकेगा;

(vii) लघु पैमाने के उद्योगों में जनजातीय संगठनों द्वारा निर्मित वस्तुओं के लिए विपणन एवं प्रचार प्रबन्ध करना;

(viii) केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या किसी भी अन्य सरकारी संस्था की ओर से अनुसूचित जाति के सदस्यों या अनुसूचित जातीय संगठनों को अनुदान एवं साहाय देना;

(ix) निदेशक मण्डल द्वारा निर्दिष्ट शर्तों के अनुसार उधार लेना,

(x) उपहार अनुदान तथा दान ग्रहण करना;

(xi) अनुबन्ध एवं ऋण पत्र जारी करना;

(xii) वचन पत्र, विनिमय पत्र, हुण्डी, विपत्र, अधिपत्र, ऋण पत्र; तथा अन्य पराक्राम्य संलेखों की अदायगी लेना, बनवाना; स्वीकार करना, पृष्ठांकन करना, पूर्वप्रापण करना, निष्पादन तथा जारी करना;

(xiii) सरकारी प्रतिभूतियों में या निदेशक मण्डल द्वारा निर्णित अन्य किसी भी ढंग से निगम के अतिरिक्त धन को जमा करवाना या निवेश करना;

(xiv) संविदाओं में शामिल होना, तथा

(xv) इस अधिनियम के अधीन किसी भी प्रकार्य की पूर्ति के लिए आवश्यक कार्य करना।

निगम अपनी स्थापना के समय से ही अनुसूचित जातीय सदस्यों के सामाजिक-आर्थिक स्तर के उत्थान में व्यस्त है। निगम प्रदेश में सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं का प्रचार करता है तथा अधिसूचित अनुसूचित जाति के सदस्यों द्वारा इन कार्यक्रमों से लाभ उठाने के लिए प्रार्थना पत्र आमन्त्रित करता है। सामाजिक-आर्थिक आधार तथा प्रार्थी के मानसिक झुकाव को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई जाती है तथा वितीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

यह सहायता प्रदान करने के लिए निगम सम्बन्धित विभाग से सहायता लाभ उठाने के लिए तारतम्य बनाए रखता है। इसी प्रकार बैंक से पचास प्रतिशत राशि ऋण के रूप में उपलब्ध करवाता है तथा शेष 50% अपने साधनों से देना है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जिन परिवारों की वार्षिक आय 2000 रुपये तक है तथा शहरी क्षेत्रों के जिन परिवारों की वार्षिक आय 3000 रुपये तक हैं उनको 4% की दर पर बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाता है। निगम स्वयं 3500 रुपये वार्षिक आय वाले ग्रामीण परिवारों को तथा 4300 रुपये वार्षिक आय वाले शहरी परिवारों को इसी ब्याज दर पर ऋण देता है। इन ऋणों का भुगतान तथा पुनः प्राप्ती बैंक की उसी शाखा पर की जाती है जो लाभ प्राप्त करने वाले परिवार के गांव में या उसके समीप स्थित हो।

